
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-324 | सोमवार, 29 दिसम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

राहुल बाबा, हार से थकिए मत। वर्ष 2029 में भी नरेन्द्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। जो जनता को पसंद आती हैं। जनता को जो अच्छा लगता है, आप उसका ही विरोध करते हो, तो फिर आपको वोट कहां से मिलेंगे? अमित शाह



कांग्रेस की विरासत विफलताओं और गलत फैसलों की : भाजपा 11

घोड़ा लाइब्रेरीः शिक्षा और संस्कृति का अनूठा प्रयासः मुख्यमंत्री धामी 12

## संक्षेप

### अरावली विवाद, सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों की परिभाषा में हाल ही में हुए बदलाव से पैदा हुई चिंताओं पर स्वत:संज्ञान लिया है। ऐसी आशंका है कि बिना रोक-टोक के माइनिंग और गंभीर पर्यावरण नुकसान का रास्ता खुल सकता है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जे के महेश्वरी और जस्टिस ए जी मसीह की वेकेशन बेंच सोमवार 29 दिसंबर को मामले पर विचार करेगी। शीर्ष अदालत का यह दखल अरावली पहाड़ियों की बदली हुई परिभाषा के कारण हुए सार्वजनिक विरोध और पर्यावरण संबंधी चिंताओं के बाद आया है। यह क्षेत्र अपने इकॉलॉजिकल महत्व और रेगिस्तान बनने से रोकने और भूजल स्तर को बनाए रखने में अपनी भूमिका के लिए जाना जाता है। पर्यावरण विशेषज्ञ और सिविल सोसाइटी संगठनों ने चिंता जताई है कि परिभाषा में बदलाव पहले से संरक्षित क्षेत्रों में माइनिंग और निर्माण गतिविधियों को कानूनी मान्याता मिल सकती है।

### यूपी की 650 इंडस्ट्री में प्रदूषण की ऑनलाइन निगरानी व्यवस्था जल्द

**लखनऊ।** यूपी की 650 से अधिक औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले धुंए और गैस की नियमित निगरानी की जाएगी। देखा जाएगा कि इन इकाइयों से कितना प्रदूषण हो रहा है। यह इंडस्ट्री यूपी के उन आठ जिलों की हैं, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल हैं। इनमें से करीब दो दर्जन इकाइयों ने यह सिस्टम लगवा भी लिया है। हालांकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने एनसीआर क्षेत्र में भारी प्रदूषण को देखते हुए सभी इकाइयों को 31 दिसंबर तक ऑनलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए थे। यूं तो प्रदूषण की मार राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न इलाके झेल रहे हैं, मगर बीते कुछ समय से सबसे बुरा हाल एनसीआर में शामिल जिलों का है। एनसीआर में यूपी के आठ जिले शामिल हैं।

### आश्रम के अंदर एक साधु की हत्या का मामला सामने आया

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में आश्रम के अंदर एक साधु की हत्या को वारदात हुई है। आश्रम बीहड़ में बना है लिहाजा रविवार दोपहर को पुलिस को हत्या की सूचना मिली। जानकारी के मुताबिक थाना पिनाहट इलाके के विप्रावली के बीहड़ों में चौमुखा आश्रम है। चौमुखा आश्रम में 68 वर्षीय पीताराम नामक साधु पिछले कई सालों से रह रहे थे। रविवार को दोपहर को पुलिस को सूचना मिली थी कि पीताराम का शव लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा हुआ है। इसी सूचना पर मौके पर आश्रम में पुलिस पहुंच गई और डॉग स्क्वायड भी पहुंच गया।

पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि साधु के सिर पर हमला करके हत्या की गई है। साधु के सिर में काफी गहरी चोट है। अभी ये पता नहीं चला है कि सिर में किस चीज से वार किया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भी दिया है।

# रामराज्य किसी भी सरकार के लिए आदर्श : चंद्रबाबू नायडू

एजेंसी

अयोध्या। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू रविवार को आध्यात्मिक नगरी अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन-पूजन कर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। रामनगरी आगमन पर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले रामलला के समक्ष शीश नवाया और विधिविधान से पूजन-अर्चन कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला पहुंचे, जहां रामलला की प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर चल रहे वैदिक अनुष्ठानों में उन्होंने आहुति प्रदान की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए हवन-पूजन में सहभागिता कर उन्होंने भारतीय



सनातन परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। अनुष्ठान के पश्चात उन्होंने पूरे राम मंदिर परिसर का भ्रमण किया और निर्माण कार्य, स्थापत्य शैली एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया, जबकि जगतगुरु माध्वाचार्य ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया, जिसे उन्होंने हाथ जोड़कर स्वीकार किया। मुख्यमंत्री के साथ निर्माण सचिव गोपाल जी एवं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी उपस्थित रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पूर्वाह्न 11 बजे सरकारी विमान से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे, जहां प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कोरी जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने उनका स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि रामराज्य किसी भी सरकार के लिए आदर्श और बेंचमार्क है। उन्होंने विश्वास जताया कि राम शेष पेज 11 पर

# मुर्मू ने पनडुब्बी आईएनएस वाघषीर में यात्रा की

एजेंसी

कारवार। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को पहली बार कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के कारवार स्थित कदंबा नौसेना अड्डे का दौरा किया और अरब सागर में भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर में यात्रा की। इसके साथ ही वे पनडुब्बी में यात्रा करने वाली भारत की दूसरी राष्ट्रपति बन गईं।

कदंबा नौसेना अड्डे पर पहुंचने पर राष्ट्रपति मुर्मु का कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि एशिया के सबसे बड़े नौसेना अड्डों में शामिल कदंबा नौसेना अड्डे के दूसरे चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।

यह अड्डा अब युद्धपोतों और पनडुब्बियों के लिए एक प्रमुख रणनीतिक केंद्र के रूप में विकसित हो गया है। इसी परिसर में एक अत्याधुनिक मरम्मत यार्ड का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। नौसेना



ऐसा करने वाली दूसरी प्रेसिडेंट, कदंबा नौसेना अड्डे का किया दौरा

अड्डे के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आईएनएस वाघशीर पनडुब्बी में लगभग एक घंटे की ऐतिहासिक समुद्री यात्रा की। इस दौरान उनके साथ नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और रियर एडमिरल विक्रम मेनन सहित भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रपति की यह यात्रा भारतीय नौसेना की बढ़ती सामरिक क्षमता, स्वदेशी रक्षा शक्ति और समुद्री सुरक्षा में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।

# धर्मांतरण रैकेट को नेस्तनाबूद करने के लिए एआई का इस्तेमाल करे पुलिस

## पुलिस मंथन के दौरान पदक अलंकरण समारोह में सीएम ने कई नसीहतें भी दी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। सोशल मीडिया के दुरुपयोग,दुष्प्रचार और साइबर अपराध जैसी गतिविधियों पर चिंता जताते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पुलिस को ऐसे अपराधों पर नकेल कसने और विदेशी फंड से प्रायोजित धर्मांतरण के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिये आटिफिशयल इंटेलीजेंस (एआई) का भी इस्तेमाल करने के निर्देश दिये।

'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र को संबोधित करते हुये उन्होने प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से सोशल मीडिया और साइबर क्राइम पर सख़्त निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने को कहा। उन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की ओर से प्रदेश में बढ़ने वाली आतंकी गतिविधियों और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सीमा सुरक्षा एवं आतंकवाद निरोधक तंत्र को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। साथ ही गो-तस्करी और धर्मांतरण के लिए चलाए जा रहे संगठित गिरोह पर सख्त कार्रवाई करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफ़ेक, डार्कवेब, साइबर अपराध एवं आतंकी नेटवर्क जैसी



### राजनीतिक हस्तक्षेप न्यूनतम किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पुलिसिंग में राजनीतिक हस्तक्षेप को न्यूनतम किया है और अधिकारियों को कम से कम दो वर्षों की स्थिर तैनाती दी गई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों को हटाए जाने पर आम जनता स्वयं आगे आकर उनकी शिकायतें करती है।

### 'काल का ध्यान नहीं रखोगे तो महाकाल का शिकार बनोगे'

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में करीब 4 लाख की सिविल पुलिस फोर्स कार्यरत है, जिसके लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में जनता की पुलिस के प्रति धारणा में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। टाइम मैनेजमेंट पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, कोई व्यक्ति महाकाल का शिकार इसलिए होता है क्योंकि वह काल का ध्यान नहीं रखता। लेकिन आपने समय का सम्मान किया है, इसलिए महाकाल भी आपका सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि यदि पहले की तरह प्रदेश में दंगे, अराजकता और महीनों तक कर्फ्यू लगते रहते, तो पुलिस के प्रति जनता का भरोसा नहीं बन पाता। कानून के दायरे में रहते हुए आउट ऑफ बॉक्स सोच के साथ काम करने का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में बदलाव दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के कारण ही बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो सका है। आज उत्तर प्रदेश देश में सबसे बेहतर एयर कनेक्टिविटी वाला राज्य बन चुका है और जल्द ही देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट भी शुरू होने जा रहा है। निवेशक प्रदेश में निवेश को लेकर आश्वस्त हैं क्योंकि उन्हें सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर भरोसा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें मिलने वाली अधिकांश सूचनाएं ह्यूमन इंटेलिजेंस के जरिए आती हैं, इसी कारण वह जनता दरबार के माध्यम से सीधे लोगों से संवाद करते हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि पीस कमेटी की बैठकें केवल त्योहारों तक सीमित न रहें, बल्कि नियमित रूप से आयोजित हों। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल मुख्यालय में बैठकर पुलिसिंग नहीं हो सकती, बल्कि थाना, सर्किल और पुलिस लाइन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।

चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस एवं इंटेलिजेंस तंत्र को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले किसी भी आपत्तिजनक कंटेंट पर तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जाति या धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने, पुलिस पर दबाव बनाने अथवा अराजकता फैलाने वाले तत्वों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। ऐसे पोस्ट, फ़ेक अकाउंट एवं संगठित दुष्प्रचार अभियानों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व महापुरुषों के नाम का दुरुपयोग कर नए-नए संगठन बनाकर अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस को ऐसे संगठनों की पृष्ठभूमि की गहन जांच कर उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा कानून के दायरे में सख़्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने धार्मिक कन्वर्जन को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं संकेत हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं। पुलिस एवं इंटेलिजेंस को निर्देश दिए कि धार्मिक कन्वर्जन से जुड़ी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए, सोशल मीडिया के माध्यम से इंटेलिजेंस को और मजबूत किया जाए तथा ऐसी किसी भी घटना को प्रारंभिक स्तर पर ही प्रभावी ढंग से रोका जाए। उन्होंने पुलिस के अब तक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में इंटेलिजेंस, लोकल इनपुट और तकनीकी निगरानी को और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। प्रदेश में शांति, शेष पेज 11 पर

# जूनियर डॉक्टर, नर्स और वार्ड आया निलंबित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। कानपुर स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) में जिंदा मरीज को मृत घोषित किए जाने के गंभीर प्रकरण पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कड़ा रुख अपनाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर ड्यूटी पर तैनात जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर, स्टाफ नर्स और वार्ड आया को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसे तीन दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपनी होगी।

बीते 24 दिसम्बर को जीएसवीएम



जिंदा मरीज को मृत घोषित करने का मामला, तीन दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश


मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के वार्ड संख्या-12, बेड संख्या-43 पर भर्ती एक जीवित मरीज को मृत घोषित कर उसका पुलिस शेष पेज 11 पर

# जनवरी के बिजली बिल में मिलेगी 2.33% छूट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। पावर कॉरपोरेशन द्वारा ईंधन अधिभार शुल्क को लेकर नया आदेश जारी किया गया है। इसके तहत अक्तूबर के ईंधन अधिभार का समायोजन जनवरी 2025 में किया जाएगा।

जिसमें प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को बिल में 2.33 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इससे जनवरी में बिजली दरें एक माह के लिए सस्ती रहेंगी और प्रदेशभर के उपभोक्ताओं को लगभग 141 करोड़ रुपये का सीधा लाभ होगा। इससे पहले सितंबर का ईंधन अधिभार दिसंबर में



5.56 प्रतिशत की दर से वसूला गया था, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 264 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का पहले से ही 33,122 करोड़ रुपये का शेष पेज 11 पर

# कोडीन तस्करी में पांच गिरफ्तार



एजेंसी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में चर्चित कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार को बड़ा खुलासा किया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू कात्यायन ने बताया कि अवैध कफ सिरप तस्करी के मामले में दो अलग-अलग केस रोहनिया और सारनाथ थाने में दर्ज किए गए थे। दोनों मामलों में आपराधिक प्रवृत्ति एक जैसी पाई गई। इन मामलों में कुल पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

रोहनिया मामले में तीन लोग स्वप्निल केसरी, दिनेश यादव और आशीष यादव को गिरफ्तार किया गया है। सारनाथ मामले में दो लोग विष्णु पांडेय और लोकेश अग्रवाल की गिरफ्तारी हुई है। इन सभी आरोपियों का काम अवैध शेल कंपनियां खोलना था। इनके द्वारा खोली गई कंपनियों का जीएसटी नंबर लिया जाता था। ड्रग एजेंसी से लाइसेंस भी इनके द्वारा बनवाया गया था। लेकिन जांच में पता चला कि खरीद-बिक्री का काम किसी प्रकार से नहीं किया जाता था। ये कंपनियां केवल कागजों पर चलती थीं। झूठे जीएसटी बिल और इनवॉइस बनाए जाते थे। बड़े वित्तीय लेन-देन किए जाते थे, जो वृद्धि शेष पेज 11 पर

## 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने की साल 2025 की उपलब्धियों और 2026 की संभावनाओं पर चर्चा

# मनमर्जी से दवाई लेने से बचें : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों से दवाओं के उपयोग में सावधानी बरतने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दवा लेने से पहले उचित गाइडेंस लेना और एंटीबायोटिक के सेवन के लिए डॉक्टर की सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने इस संदर्भ में आईसीएमआर (इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च) की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार निमोनिया और यूटीआई जैसी कई बीमारियों के खिलाफ एंटीबायोटिक दवाएं कमजोर साबित हो रही हैं। इसका मुख्य कारण लोगों द्वारा बिना सोचे-समझे एंटीबायोटिक का सेवन करना है। इसलिए उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी मनमर्जी से दवाओं का उपयोग करने से बचें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम की 129वीं कड़ी और वर्ष के अंतिम एपिसोड की शुरुआत वर्ष 2025 में देश की उपलब्धियों से की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत ने कई मील का पत्थर साबित होने वाली उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा (ऑपरेशन सिंदूर), खेल (महिला विश्वकप) और वैज्ञानिक नवाचार जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति ने वैश्विक मंच पर भारत के प्रभाव को दर्शाया है।उन्होंने कहा कि साल 2025 में आस्था, संस्कृति और भारत की आध्यात्मिक विरासत एक साथ दिखाई दी। वर्ष की शुरुआत प्रयागराज के कुंभ से हुई और अंत अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसने हर भारतीय को गर्व से भर दिया। प्रधानमंत्री ने युवाओं के देश के लिए कुछ करने के जज्बे को सलाम किया और कहा कि आज के युवा विभिन्न माध्यमों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहते हैं। इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 'यंग लीडर डायलॉग' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वे स्वयं भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा



कि भारत के युवाओं में हमेशा कुछ नया करने का जुनून रहता है और वे उतने ही जागरूक भी हैं। इस क्रम में उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का उल्लेख किया, जिसमें छात्रों ने जीवन से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भविष्य को लेकर तकनीक से जुड़ी चिंताओं पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मानव विकास के लिए अपनी जड़ों से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस संदर्भ में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में चल रहे 'गीतांजलि' जैसे संस्कृत प्रयास का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि आज विश्वस्तरीय शोध के साथ एक छोटी-सी संगीत कक्षा से शुरू हुआ यह प्रयास कैंपस का संस्कृत हृदय बन गया है। इसी क्रम में उन्होंने दुबई में बच्चों के लिए चल रही कन्नड़ भाषा की कक्षाओं का भी उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने मणिपुर के लोगों से जुड़े कई ऐसे प्रयासों का जिक्र किया, जो लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। उन्होंनेकहा कि 'जहां चाह, वहां राह' कहावत को मणिपुर के युवा मोइरांगथेम सेठ जी ने साकार कर दिखाया है। 40 वर्ष से कम उम्र में उन्होंने अपने दूरस्थ क्षेत्र में बिजली की समस्या का स्थानीय समाधान खोजते हुए सोलर पावर को अपनाया और आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की। वहीं, सेनापति जिले की चोखोने क्रिचेना जी ने पारंपरिक खेती के अनुभव को आगे बढ़ाते हुए फूलों की खेती को अपना जुनून बनाया। आज वे अपने उत्पादों को विभिन्न बाजारों से जोड़कर स्थानीय समुदायों को सशक्त कर रही हैं और मणिपुर के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में पुरातत्व विभाग से जुड़ी एक हालिया खोज का भी उल्लेख किया, जिसके तहत बारामूला में जेहनपोरा नामक प्राचीन बौद्ध विरासत का पता चला है। इसके चित्र फ्रांस के एक संग्रहालय के अभिलेखागार में सुरक्षित मिले हैं। साथ उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश के नारसापुरम जिले की लेस क्राफ्ट आज देशभर में पहचान बना रही है। पीढ़ियों से महिलाओं ने धैर्य, कौशल और बारीकी से इस पारंपरिक कला को सहेजते हुए नारी-शक्ति की रचनात्मक क्षमता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर तमिल भाषा के गौरव और दुनिया भर में लोगों को जोड़ने की उसकी क्षमता की चर्चा की। उन्होंने फिजी का उदाहरण दिया, जहां नई पीढ़ी को तमिल भाषा से जोड़ने के प्रयास हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने काशी-तमिल शेष पेज 11 पर

### मिलेट्स-ऑर्गेनिक फूड स्टार्टअप : सीएम योगी की प्रेरणा से गल्फ कंट्रीज के मार्केट में धाक जमाएंगी यूपी की बेटियां

# एआईएफ फंड से मिली मजबूती, नेफ़ेड के लिए करती हैं प्रोडक्ट तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन और प्रेरणा से उत्तर प्रदेश की बेटियां न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी पहचान बनाने को तैयार हैं। मिलेट्स आधारित ऑर्गेनिक फूड स्टार्टअप के जरिए यूपी की दो बेटियों ने ऐसा काम कर दिखाया है, जो प्रदेश की नई उद्यमशील शक्ति का प्रतीक बन रहा है। दिल्ली-एनसीआर में मजबूत पकड़ बनाने के बाद अब इनका लक्ष्य गल्फ कंट्रीज का बाजार है, जहां ऑर्गेनिक और मिलेट्स उत्पादों की धाक जमाने की पूरी तैयारी है। इसके लिए विशेष तौर पर किसानों को प्रशिक्षण देकर प्राकृतिक और रसायन-मुक्त खेती करवाई जा रही है।

दिल्ली विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद पारंपरिक करियर की राह छोड़कर गांव लौटने वाली शिखा सिंह चौहान और सोम्या सिंह ने सामाजिक उद्यमिता का रास्ता चुना। किसानों और ग्रामीण महिलाओं को साथ लेकर उन्होंने ऑर्गेनिक और मिलेट्स आधारित खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में कदम रखा। आज उनकी यूनिट में 15 से अधिक महिलाएं उत्पादन, प्रोसेसिंग और पैकेजिंग का जिम्मा संभाल रही हैं। शिखा सिंह चौहान दिल्ली विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट और नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी गांधीनगर, गुजरात से फूड टेक्नोलॉजी में पोस्ट-ग्रेजुएट हैं। वहीं, सोम्या सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय से फूड टेक्नोलॉजी में बी.टेक हैं। सोम्या सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) के सहयोग से प्रोसेसिंग और पैकेजिंग यूनिट का विस्तार हुआ। इससे न सिर्फ उत्पादन क्षमता बढ़ी, बल्कि महिला-नेतृत्व वाले एग्रीबिजनेस मॉडल को भी मजबूती मिली। यही कारण है कि दिल्ली-एनसीआर में ऑर्गेनिक फूड के बाजार में इनका ब्रांड तेजी से उभरा है। सोहा ऑर्गेनिक्स की को-फाउंडर शिखा सिंह चौहान नागली वाजिदपुर, सेक्टर 130, गौतम बुद्ध नगर की रहने वाली हैं जबकि उनकी पार्टनर सोम्या सिंह बागपत जिले की निवासी हैं। रासायनिक खाद्य पदार्थों और उनसे होने वाली समस्याओं से लोगों को



बचाने के लिए उन्होंने मिलेट्स-ऑर्गेनिक फूड स्टार्टअप की शुरुआत की। यह स्टार्टअप फार्म-टू-फोर्क मॉडल पर काम करता है। छोटे किसानों से सीधे कच्चा माल खरीदा जाता है और उन्हें उचित मूल्य दिया जाता है। बिचौलियों के हटने से सप्लाई चेन पारदर्शी बनी है, वहीं उपभोक्ताओं को शुद्ध, रसायन-मुक्त और पोषण से भरपूर उत्पाद मिल रहे हैं। ऑर्गेनिक दालें, मसाले, घी, मिलेट पास्ता, मिलेट नूडल्स, मल्टीग्रेन और सत्तू चीला समेत तमाम तरह के उत्पाद यहां से सीधे मार्केट में जाते हैं। इसके बदले किसानों को उनका उचित मूल्य भी दिया जाता है। इसमें बड़े पैमाने पर बागपत से खांडसारी शुगर का उत्पाद लोगों के बीच पहुंचाया जाता है। वर्तमान में दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ नेफ़ेड (एनएएफईडी) को भी उत्पादों की आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा सरकारी पोषण कार्यक्रमों के लिए विशेष उत्पाद विकसित करने की दिशा में भी काम चल रहा है, जिससे कमजोर वर्गों तक सुरक्षित और पौष्टिक भोजन पहुंच सके। शिखा सिंह चौहान ने बताया कि ऑर्गेनिक और मिलेट्स उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग को देखते हुए अब अगला लक्ष्य गल्फ देशों का बाजार है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पैकेजिंग और क्वालिटी कंट्रोल पर खास फोकस किया जा रहा है, ताकि विदेशों में भी उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया जा सके। स्वास्थ्य, सततता और महिला सशक्तिकरण से निकली यूपी की बेटियों की सफलता की कहानी बताती है कि सही नीति, सरकारी सहयोग और दृढ़ संकल्प हो, तो हमारी बेटियां वैश्विक मंच पर भी परचम लहरा सकती हैं। मिलेट्स ऑर्गेनिक फूड स्टार्टअप के जरिए उभरती यह पहल न सिर्फ एक कारोबार है। बल्कि आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नई पहचान भी है।

# हिंदू सुरक्षा सेवा संघ ने दिखाया बांगलादेश मे हिन्दुओं पर हो रहे ज़ुल्म के प्रति आक्रोश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बांगलादेश मे जिस तरह की हृदय विदारक घटना हिन्दुओं के साथ घटी है उसकी सभी जगह निंदा हो रही है किसी धर्म विशेष को निशाना बना कर जो जघन्य अपराध किया गया है वो बिल्कुल भी काबिले बर्दाश्त नही है इसे रोके जाने के लिए हिंदू सुरक्षा सेवा संघ ने देश की सरकार से भी मांग की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य गुरुदेव महंत राजू दास जी महाराज के आवहन पर आज हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ जिला बहराइच जिला अध्यक्ष अमन सिंह जी के नेतृत्व में बांग्लादेश में हुए दीपू चंद्र दास की बर्बर हत्या व हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार पर कार्यकर्ताओं ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया, ओर बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका, तत्पश्चात संगठन के कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिया गया ज्ञापन में हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ ने सरकार से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं को संरक्षण देने की मांग की एवं विश्व पटल पर बांग्लादेश के हिंदुओं के प्रति अत्याचार को उजागर कर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की !

## गर्म कपड़े व कमल वितरित किए

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोमती नगर जनकल्याण महासमिति से सम्बद्ध उपखंड समिति विराम खंड-3, ने महाकालेश्वर मंदिर परिसर पार्क में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े व कमल वितरित किए इस वितरण कार्यक्रम में महासमिति महासचिव डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ल, सचिन सी जी नायर,संजय निगम तथा उपखंड समिति अध्यक्ष कार्नल सुनील कुमार सचिन अभय रूपांवर, आर सी मल्होत्रा, कमल प्रकाश, किरण बहादुर, प्रतिभा शाही, किरण मल्होत्रा, सुमन सिंह, नफीस अहमद-(सेवा प्रमुख), आशीष कुमार ऐश्वर्या शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार देर रात नुरूल्लाह रोड, नगर निगम परिसर, लीडर रोड सहित अन्य स्थानों पर संचालित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरों में ठहरे लोगों से सीधे संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अलाव, कंबल, साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी दशा में रैन बसेरों में अव्यवस्था न हो और ठंड से बचाव के सभी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद और बेसहारा लोगों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## करछना लूटकांड: चार दिन बाद भी खाली हाथ पुलिस

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करछना क्षेत्र में सर्राफा व्यापारी को दिनदहाड़े गोली मारकर की गई लूट की घटना को चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन यमुनानगर जोन की बहादुर एसओजी टीम और स्थानीय पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। घटना के खुलासे में नाकामी को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसओजी टीम छोटे मामलों में सक्रिय दिखती है, लेकिन बड़ी वारदातों में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और पुलिस पर से भरोसा उठने लगा है। लोगों ने पुलिस कमिश्नर से यमुनानगर जोन पर विशेष ध्यान देने और लूटकांड का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

## माघ मेला 2026: बिजली व्यवस्था को लेकर यूपी पावर कॉरपोरेशन मिशन मोड में

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माघ मेला-2026 का आयोजन 3 जनवरी से संगम तट पर प्रारंभ होगा। मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु, साधु-संत एवं कल्पवासी पहुंचेंगे। इसे लेकर यूपी पावर कॉरपोरेशन ने बिजली आपूर्ति से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर लेने का दावा किया है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार ने शनिवार को माघ मेला क्षेत्र का दौरा कर बिजली व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एमडी ने बताया कि मेले में ङट कोड आधारित 247 कंट्रोल रूम की शुरुआत की गई है। प्रत्येक बिजली पोल पर ङट कोड लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालु बिजली, पानी, सड़क व सुरक्षा से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे।

## युवा क्रिकेट टूर्नामेंट में मियां टोला टीम ने जीता फाइनल

**डलमऊ,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मनहेरू के राजपुर गांव में 15 दिन पूर्व से युवा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसका फाइनल मैच इतवार मियां ओला स्पोर्टिंग क्लब व लव कुश 11 के बीच खेला गया। टाश जीतकर कप्तान तबरेज ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और15 ओवर में 128 रन का लक्ष्य लव कुश 11 को दिया मियां टीम से अमित चंडी ने अपनी बल्लेबाजी का मुशायरा दिखाते हुए 84 रन और आलम ने 27 रन बनाए बाकी बल्लेबाजी में अपने बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए जवाब में लव कुश 11 लक्ष्य का पीछा करती हुई। 121 रन पर ऑल आउट हो गई है लव कुश 11 टीम से अमित सेकंड ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन अपनी टीम को जीतने में नाकाम रहे। मैन ऑफ द मैच अमित चंडी को और मैन ऑफ द सीरीज मोनू को दिया गया।



# वार्षिकी : सर्व समाज को जोड़ने में सफल रही भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए सांगठनिक दृष्टि से वर्ष 2025 काफी अहम रहा। लोकसभा चुनाव 2024 में लगे झटके के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को निराशा के भंवर से निकालना आसान नहीं था। ऐसे में पार्टी ने वर्ष 2025 में जहां कई अभियान चलाकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया, वहीं सर्व समाज को पार्टी से जोड़ने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये। इन अभियानों की सफलता के लिए प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वयं प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से संवाद कर कार्यकर्ता भाव जगाने का कार्य किया।

संगठन पर्व के तहत पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाकर रिकार्ड भी बनाया। बूथ अध्यक्ष से लेकर मण्डल अध्यक्ष व जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर नये चेहरों को भी मौका दिया। कुल मिलाकर देखा जाए तो मिशन 2027 की जमीन मजबूत करने में ही पार्टी का पूरा फोकस रहा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में मंत्रिमण्डल विस्तार व नये प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर भाजपा सर्वाधिक चर्चा में रही। अंततः दिसम्बर माह में भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि पार्टी ने अभियानों व कार्यक्रमों के जरिए अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं।लगातार जनता



से सम्पर्क व संवाद के जरिए भाजपा ने विपक्ष के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को ध्वस्त करने का काम किया है। उपचुनावों में भी भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की है। मिल्कीपुर उपचुनाव की जीत से भाजपा को राहत अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव के नतीजे को लेकर भाजपा चर्चा में रही। भाजपा के चन्द्रभान पासवान ने उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार अजीत प्रसाद को हराया था। मिल्कीपुर से विधायक रहे अवधेश प्रसाद के वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अयोध्या से सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी। लोकसभा में सपा के अवधेश प्रसाद ने भाजपा के लल्लू सिंह को हराया था। मिल्कीपुर में भाजपा ने उनके बेटे को उन्हीं की सीट पर परास्त किया।

सर्व समाज को जोड़ने के लिए हुए अनेक कार्यक्रमसर्वसमाज को पार्टी से जोड़ने और मिशन 2027 की सफलता के लिए भाजपा ने वर्ष 2025 में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। महिला सम्मेलन, युवा सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन व प्रबुद्ध सम्मेलनों का आयोजन कर पार्टी की शक्ति बढ़ाने का प्रयास किया गया। अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के बीच पैठ बनाने के लिए उनके साथ संवाद आयोजित किये गये। आत्मनिर्भर भारत अभियान के निमित्त सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ भी बैठकें हुईं। इसके अलावा पार्टी ने विशेष सम्पर्क अभियान चलाकर विभिन्न श्रेणियों के प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के लोगों से उनके घर पर जाकर भेंट की गयी। महापुरूषों के पुण्य स्मरण में आगे रही पार्टीभाजपा महापुरूषों के पुण्य स्मरण में भी पीछे नहीं रही। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर पार्टी ने ''सेवा पखवाड़ा'' मनाया। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती शताब्दी वर्ष पर अनेक कार्यक्रम हुए। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एकता यात्रा और रन फार यूनिटी के आयोजन हुए। पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के उपलक्ष्य में ''महिला सशक्तिकरण सम्मेलन'' पार्टी की ओर आयोजित किये गये। भगवान बिरसा मुण्डा के जन्मदिवस पर जनजातीय गौरव दिवस और गुरू पुत्रों के त्याग व बलिदान से समाज को परिचित कराने के लिए वीर बाल दिवस के आयोजन प्रदेशभर में हुए। अभियानों में उप्र भाजपा ने बनाया रिकार्डउत्तर प्रदेश भाजपा ने युवाओं को पार्टी की रीति नीति से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर युवा मोर्चा ने प्रदेशभर में ''तिरंगा यात्रा निकाली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित ''सेवा पखवाड़ा'' के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान शुरू कर मंदिरों की सफाई एवं घर-घर संपर्क किया। इस दौरान लाभार्थी परिवारों से भी कार्यकर्ताओं ने सम्पर्क किया।

# सेंगर की सज़ा निलंबित करना न्यायिक नहीं राजनीतिक फ़ैसला : शाहनवाज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उन्नाव रेप कांड के दोषी पूर्व भाजपा विधायक और योगी आदित्यनाथ के क़रीबी कुलदीप सिंह सेंगर की सज़ा का निलंबन आरएसएस और भाजपा से जुड़े बलात्कारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए दिया गया राजनीतिक फ़ैसला है। इससे पूरे देश की महिलाओं में भय और डर का माहौल बन गया है। सुप्रीम कोर्ट को इस फ़ैसले को ख़ारिज कर दिल्ली हाईकोर्ट के दोनों जजों को भी न्यायपालिका से बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 227 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि उम्र क़ैद की सज़ा काट रहे बलात्कार के दोषी कुलदीप सिंह सेंगर की सज़ा को निलंबित करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के

**साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 227 वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता**

दोनों जजों का रिकॉर्ड आरएसएस-भाजपा के नैरेटिव को क़ानूनी वैधता देने का रहा है। जज हरीश वैद्यनाथ शंकर गोधरा दंगों के समय लोक अभियोजक रहे हैं। तो वहीं राम मंदिर मामले में भी वो आरएसएस से जुड़े संगठनों के वकील रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट के जज के बतौर वे बिना सुनवाई के ही जेल में बंद छात्र नेताओं उमर ख़ालिद और शरजील इमाम की ज़मानत याचिका ख़ारिज कर चुके हैं। वहीं वो मार्च 2025 में यह विवादास्पद बयान भी दे चुके हैं कि ''ब्राह्मण समुदायों का हिंदू पुनरुद्धारवाद से ऐतिहासिक भूमिका है। यानी उनकी आस्था संविधान के बजाए मनुवादी व्यवस्था में रही है और वो मेरिट के आधार पर न्यायपालिका में कार्य करने योग्य नहीं हैं। दूसरे जज सुब्रह्मण्यम प्रसाद वही हैं जिन्होंने मुस्लिम संपत्तियों को निशाना बनाने वाले बुलडोजर विध्वंस के खिलाफ याचिकाओं को खारिज किया था। इसके अलावा उन्होंने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन द्वारा कथित धोखाधड़ी पर आलोचनात्मक पोस्ट हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को भी निर्देश दिया था। इससे स्पष्ट है कि बलात्कारी कुलदीप सिंह सेंगर को न्यायिक फैसले से नहीं बल्कि राजनीतिक फैसले से छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस-भाजपा के सत्ता में आने के बाद से बलात्कारियों के हौसले बुलंद हुए हैं. इसलिए बलात्कार और महिला हिंसा मुक्त समाज बनाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना हर नागरिक की नैतिक ज़िम्मेदारी है।

# 'दयालु' ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग किया 'मन की बात' का श्रवण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने सिगरा क्षेत्र के राजन शाही कॉलोनी स्थित अपने कैंप कार्यालय पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया। इस अवसर पर आयुष मंत्री डॉ. दयालु ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम केवल संवाद मात्र नहीं है, बल्कि यह देशवासियों के मन को जोड़ने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने वाला एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री देश के हर वर्ग से सीधा संवाद स्थापित करते हैं और समाज के लिए प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत करते हैं। डॉ. दयालु ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 'मन की बात' को केवल सुनना ही नहीं, बल्कि उसमें दिए गए संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प भी लेना चाहिए। कार्यक्रम में गौरव राठी, प्रमोद राय, अरुण पांडेय, सौरभ, जितेंद्र राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### माघ मेला 2026 :नाविकों के साथ पुलिस-प्रशासन की बैठक, कड़े दिशा-निर्देश जारी

# श्रद्धालुओं की जल-सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेला-2026 के दौरान देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की जल-सुरक्षा, सुरक्षित स्नान एवं सुगम आवागमन को लेकर शनिवार को पुलिसप्रशासन और नाविकों के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज श्री जोगेंद्र कुमार एवं जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा ने नाविक संघ के पदाधिकारियों, नाविकों व गोताखोरों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी नाविक निर्धारित क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं को नाव में न बैठाए, क्योंकि इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने यह भी अनिवार्य किया कि नाव में सवार प्रत्येक व्यक्ति को लाइफ सेविंग जैकेट पहनाई जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि से बचा जा सके। साथ ही तय दर से अधिक किराया वसूलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नाविकों का व्यवसाय भी सुरक्षित रूप से चले और श्रद्धालुओं की आस्था व सम्मान को कोई ठेस न पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाएगा। नाविक संघ द्वारा रखी गई दस मांगों पर विचार-विमर्श कर यथोचित निर्णय लेने का आश्वासन भी दिया गया। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज कुमार पाण्डेय, नोडल अधिकारी विजय आनंद, एसडीआरएफ, पीएसी (बाढ़) सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की उपस्थिति में हुआ आयोजन

# तुलसी उद्यान में 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी के तुलसी उद्यान में आज नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की और प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रहित में रखे गए विचारों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी के सांसद बने हैं, तब से काशी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का काशी से विशेष आत्मीय जुड़ाव है और उनके मार्गदर्शन में शहर में अधोसंरचना,



सड़क, घाट, मंदिर क्षेत्र विकास, स्वच्छता, पर्यटन, विद्युत व्यवस्था, आवागमन और नागरिक सुविधाओं में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काशी आज न केवल आध्यात्मिक राजधानी के रूप में, बल्कि आधुनिक विकास के मॉडल के रूप में भी देश और दुनिया में पहचान बना रही है। सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ काशी एक स्मार्ट और जीवंत शहर के रूप में उभर रही है। इसी अवसर पर अटल स्मृति दिवस का आयोजन भी किया गया, जिसमें भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उनके सुशासन, राष्ट्रभक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व को स्मरण किया गया। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को विकास और आत्मविश्वास की नई दिशा दी। स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और पोखरण परमाणु परीक्षण उनके ऐतिहासिक निर्णयों में शामिल रहे, जो आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# स्मीयर माइक्रोस्कोपी से छूट जाते हैं बड़ी संख्या में टीबी केस

## ट्रू नेट से बेहतर पहचान संभवः अध्ययन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) की जांच में लंबे समय से उपयोग की जा रही स्मीयर माइक्रोस्कोपी की सीमित संवेदनशीलता के कारण बड़ी संख्या में टीबी के मामले बिना पहचान के रह जाते हैं। यह निष्कर्ष ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, गोरखपुर द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन में सामने आया है, जिसे इंटरनेशनल जर्नल ऑफ माइकोबैक्टीरियोलॉजी में प्रकाशित किया गया है।

अध्ययन में इस बात पर चिंता जताई गई है कि टीबी जांच के लिए स्मीयर माइक्रोस्कोपी पर अत्यधिक निर्भरता विशेष रूप से उन मरीजों में जोखिमपूर्ण साबित हो सकती है। जिनमें बैक्टीरिया का लोड कम होता है, बीमारी शुरुआती अवस्था में होती है, एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी होती है या फिर एचआईवी और डायबिटीज़ जैसी सह-बीमारियाँ मौजूद रहती हैं। ऐसे मामलों में पारंपरिक जांच विधियों से बीमारी का पता न चल पाने की संभावना अधिक रहती है, जिससे इलाज में देरी होती है और संक्रमण समुदाय में फैलता रहता है।

शोध के तहत कुल 4,249 पल्मोनरी और एक्स्ट्रा-पल्मोनरी नमूनों का विश्लेषण किया गया। परिणामों से पता चला कि स्मीयर माइक्रोस्कोपी केवल 4.3 प्रतिशत मामलों में ही टीबी की पहचान कर सकी। इसके विपरीत, ट्रू नेट माइकोबैक्टीरियम टीबी/रिफैम्पिसिन टेस्ट ने 13.7 प्रतिशत नमूनों में संक्रमण की पुष्टि की। यह आंकड़ा ट्रू नेट की कहीं अधिक संवेदनशीलता और प्रभावशीलता को दर्शाता है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय (सिविल अस्पताल) के वरिष्ठ टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष दुबे ने कहा कि स्मीयर माइक्रोस्कोपी भले ही सस्ती और व्यापक रूप से उपलब्ध हो, लेकिन इसकी सीमाएं अब स्पष्ट हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआती बीमारी, एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी और सह-रोगों वाले मरीजों में यह तकनीक अक्सर विफल हो जाती है। इसके मुकाबले ट्रू नेट एक भारत-निर्मित, चिप-आधारित रियल-टाइम पीसीआर टेस्ट है, जो टीबी की तेजी से पहचान करने के साथ-साथ दवा प्रतिरोध की भी जानकारी देता है।

डॉ. दुबे के अनुसार, अध्ययन में कन्फर्म टीबी मामलों में से 5.6 प्रतिशत में रिफैम्पिसिन रेजिस्टेंस पाया गया, जो इस बात को रेखांकित करता है कि दवा प्रतिरोध की शुरुआती पहचान कितनी जरूरी है। समय रहते सही दवा शुरू करने से न केवल मरीज का इलाज बेहतर होता है, बल्कि संक्रमण के आगे फैलने पर भी रोक लगाई जा सकती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रैपिड मॉलिक्यूलर टेस्टिंग की पहुंच को तेजी से बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि स्मीयर माइक्रोस्कोपी टीबी निदान में अपनी भूमिका निभाती रहेगी, लेकिन बेहतर केस डिटेक्शन और इलाज के नतीजों के लिए इसे ट्रू नेट जैसे मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक उपकरणों के साथ जोड़ना आवश्यक है।

# एनुअल फ़िएस्टा का आयोजन

## अग्रवाल समाज एक दानवीर समाज : पवन सिंह चौहान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल शाखा के एनुअल फ़िएस्टा का आयोजन रविवार को स्कूल कैम्पस में बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण तथा आरती के साथ हुआ। छात्रों की परेड की सलामी लेते हुए मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान तथा विशिष्ट अतिथि चीफ फ़ायर ऑफिसर(लखनऊ) अंकुश मित्तल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सुधीर एस. हलवासिया ने बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा स्थापित एक पूर्णतया चैरिटेबल संस्था है, जिसके अंतर्गत वर्तमान में लखनऊ शहर में 06 विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं तथा इनमें कई हजार अकिंचन एवं होनहार विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। स्कूल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र न केवल सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम दे रहे हैं, बल्कि स्पोर्ट्स, कम्प्यूटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स आदि क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वहीं मीडिया प्रभारी सुधीश गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ, ताइक्वांडो, जिम्नास्टिक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा प्रेरणात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों को अभिभूत कर दिया। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने पुरस्कार वितरण किया तथा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे वास्तव में भाग्यशाली हैं कि अग्रवाल समाज द्वारा संचालित इस उत्कृष्ट विद्यालय में उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा अत्यंत कम शुल्क में प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि निस्संदेह अग्रवाल समाज एक दानवीर समाज है और इसके अनेक प्रेरणादायक उदाहरण समाज के समक्ष हैं। वहीं इस अवसर पर बेस्ट स्टूडेंट' पुरस्कार भी प्रदान किए गए। जिसमें बेस्ट स्टूडेंट ब्वॉय पुरस्कार प्राथमिक वर्ग से नितिन पाल तथा जूनियर वर्ग से कार्तिक कन्नौजिया को दिया गया। बेस्ट स्टूडेंट गर्ल में प्राथमिक वर्ग से श्रवसा तथा जूनियर वर्ग से नंदनी पाल को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेन्द्र अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, लोकराम अग्रवाल, देशराज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, डॉ. ओमप्रकाश अग्रवाल, सुधीश गर्ग, धर्मपाल अग्रवाल, जितेन्द्र जिंदल व नीलेश अग्रवाल टाटा आदि विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

# विज्ञान, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। महर्षि विद्या मंदिर मे विज्ञान,गणित,कला,शिल्प,भाषा एवं खेल विषयो पर आधारित प्रदर्शनी आकर्षण का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मकता वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना रहा। विद्यालय के प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव की प्रेरणा प्रधानाचार्य नीलम सिंह के मार्गदर्शन एवं विषयाध्यापकों के कुशल निर्देशन में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान से संबंधित अनेक अत्याधुनिक कार्यकारी नमूनो का निर्माण किया, जिनका अभिभावकों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही हिंदी

एवं अंग्रेजी भाषा से सबंधित रचनात्मक एवं शैक्षणिक नमूनो ने भी दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। अभिभावकों ने प्रदर्शनी में प्रस्तुत नमूनो का अवलोकन कर विद्यार्थियों की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा प्रतिपुष्टि पुस्तिका में अपने विचार अंकित करते हुए विद्यालय और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में विद्यालय का एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुई।

# जन्मदिन पर 'सत्यम' ने बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर पंचायत मोहनलालगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय पांडेय 'सत्यम' ने अपने जन्मदिन को सेवा और मानवता के उत्सव के रूप में मनाकर समाज के सामने एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कस्बे स्थित पांडेय कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र के सैकड़ो जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं। कंबल प्राप्त करते ही जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी और आत्मसंतोष साफ झलक उठा। उपस्थित लोगों ने डॉ. पांडेय के इस मानवीय कदम की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। व्यापार मंडल अध्यक्ष होने के नाते कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट किए और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। व्यापारियों ने कहा कि डॉ. अजय पांडेय 'सत्यम' सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहते हैं और व्यापारियों के साथ-साथ आमजन के हितों के लिए निरंतर संघर्षरत रहते हैं।

## गुमशुदा महिला सकुशल बरामद परिजनों को सौंपा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महानगर थाना क्षेत्र से लापता हुई महिला को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया। बताया गया कि पति से नाराज़ होकर महिला घर से चली गई थी, जिसकी गुमशुदगी की सूचना परिजनों द्वारा थाना महानगर में दी गई थी।सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में पेपर मिल चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक आलोक कुमार एवं कांस्टेबल विरंजनपाल की सक्रिय भूमिका तथा सर्विलांस की मदद से महिला को हसनगंज थाना क्षेत्र से सुरक्षित ढूंढ निकाला गया।पुलिस द्वारा महिला को परिजनों की मौजूदगी में उनकी सहमति से पति के सुपुर्द किया गया जिसके बाद उसकी सकुशल घर वापसी कराई गई। महिला के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने महानगर पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हंसी-मजाक से शुरू हुआ विवाद, लाठी-डंडों से हमला

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गोपालखेड़ा मजरा पुरसेनी गांव में बीते शुक्रवार को मामूली हंसी-मजाक के दौरान हुआ विवाद अचानक हिंसक संघर्ष में तब्दील हो गया। लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से किए गए हमले में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुरेश वर्मा पुत्र जगमोहनलाल बीते शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे अपने बड़े भाई मैकूलाल तथा गांव के ही रचित पुत्र महादेव के साथ तालाब के किनारे मौजूद थे। इसी दौरान गांव के ही शुभम पुत्र पुत्तीलाल, हिमांशु पुत्र गया प्रसाद व अभिषेक पुत्र गया प्रसाद से हंसी-मजाक के दौरान कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई।बताया जाता है कि विवाद के बाद सुरेश वर्मा अपने भाइयों के साथ घर लौट आए और धान की बोरी मशीन में दराने का कार्य करने लगे। इसी बीच आरोप है कि उक्त तीनों युवक एक राय होकर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड लेकर पहुंचे और सुरेश वर्मा व उनके भाइयों पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई।हमले में मैकूलाल के सिर में गंभीर चोट लगने से सिर फट गया, वहीं सुरेश वर्मा का बायां हाथ टूट गया। घटना होते ही गांव के कई लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, हालांकि स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

## गोसाईगंज में सभासद पर हुआ जानलेवा हमला

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीती रात गोसाईगंज कस्बे के भाजपा नगर पंचायत सभासद अखिलेश गुप्ता के ऊपर जानलेवा हमला किया गया । इस मामले में सभासद के भाई शुभम गुप्ता ने बताया कि यह हमला पूर्व नियोजित साजिश के तहत किया गया है। इस मामले में पुलिस ने तीन नाम जद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 27 दिसंबर की रात लगभग 8 बजे बताई गई। शुभम गुप्ता के अनुसार सुधीर भट्ट, श्रवण भट्ट, मोहम्मद रशीद और दो तीन अन्य लोगों ने हथियारों से लैस होकर अखिलेश गुप्ता पर हमला किया।हमलावरों ने लोहे की रॉड और धारदार हथियार से प्रहार किया। इस घटना में सभासद के हाथ पैर और नाक पर गंभीर चोटें आई हैं। इस मामले में आरोपियों ने अखिलेश गुप्ता के ऊपर तमंचे से भी फायर करने की कोशिश की लेकिन गोली नहीं चली। पीड़ित अखिलेश गुप्ता के भाई शुभम गुप्ता के मुताबिक हमलावर क्षेत्र में दहशत फैलाने और व्यापारियों से अवैध वसूली के उद्देश्य से ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारी वर्ग में भय और तनाव का माहौल है। गोसाईगंज थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में एकेटीयू लखनऊ ने भाषा विश्वविद्यालय को 19 रनों से हराया

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ (एकेटीयू) के खेल मैदान पर रविवार को एकेटीयू एवं ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बीच एक मैत्रीपूर्ण टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में एकेटीयू की टीम ने ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय को 19 रनों से पराजित किया। मैच में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कप्तान एवं कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। के.एम.सी. टीम ने अनुशासित गेंदबाजी और सशक्त क्षेत्ररक्षण के दम पर ए.के.टी.यू. की टीम को 91 रनों पर ऑल आउट कर दिया।

# 'मन की बात' कार्यक्रम में कंबल वितरण का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनी नगर स्थित न्यू हनुमान पुरी, गली नंबर८४ में महाबली ट्रेडर्स के निकट श्री बालाजी मंदिर प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण, कंबल वितरण एवं तहरी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विजय गुप्ता (सोनू) मंडल उपाध्यक्ष, सरोजनी नगर दक्षिण, गौरी हैकलैयां प्रथम, महानगर लखनऊ भाजपा के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी तथा महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्य उपस्थित रहीं। इसके अलावा पत्रकार आनंद सिंह चौहान, धर्मेंद्र तिवारी, संतोष उपाध्याय,अमर सिंह चौहान, के.के. श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष, पार्षद गीता देवी गुप्ता, पार्षद राम नरेश रावत, विपिन सिंह, राकेश सिंह, रितेश यादव, जितेंद्र कुमार (जीतू) सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रहीं।कार्यक्रम के दौरान ठंड से राहत के लिए जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए गए। साथ ही तहरी भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सहभागिता की।

# जय भोले बाबा टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के अब्बास नगर स्थित मैदान में रविवार से जय भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य और उत्साहपूर्ण आगाज़ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन वार्ड - 20 से भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी चन्दन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार पंडित उमेश शर्मा एवं समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजक सतीश पांडेय ने बताया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया है। पहले ही दिन खेले गए मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया और मैदान तालियों से गूंज उठा। पहले मुकाबले में तिलेंडा और संस्कार एलेवन के बीच मुकाबला खेला गया। तिलेंडा की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार एलेवन की टीम 107 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दूसरे मैच में बघौना और नगराम की टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत देखने को मिली। बघौना की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 181 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जबकि नगराम की टीम 87 रन पर सिमट गई। तीसरा मुकाबला 7 ओवर का रहा, जिसमें ड्रीम जोन 11 निगोहा और छतौनी की टीम आमने-सामने रहीं। ड्रीम जोन निगोहा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 120 रन बनाए, जबकि छतौनी की टीम 91 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टूर्नामेंट के शुभारंभ पर अनुराग शुक्ला, देवी शंकर, अंशु पांडेय, हार्दिक गुप्ता,सत्येंद्र कुमार,सौरभ कुमार, संजय गौतम, लालू सिंह, सुधीर कश्यप, राजकमल, रूपेश कुमार समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, स्थानीय गणमान्य लोग एवं युवा खिलाड़ी मौजूद रहे।

# कंबल वितरण व तहरी भोज का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। लोक जन शक्ति पार्टी (राम विलास ) ने जरूरतमंदो के लिए कंबल वितरण व तहरी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव नीलम सरोज के नेतृत्व में हुआ।

रविवार को दुर्गागंज स्थित मुस्कान लॉन में लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास ) के बैनर तले आयोजित कंबल वितरण व तहरी भोज में मुख्यातिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला कुमारी , व विशिष्ट अतिथि अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष (मध्य ) राजेंद्र प्रसाद रावत ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में सर्दी से बचाव के लिए जरूरत मंदो को कंबल वितरित किया जा रहा है ।पार्टी के मिशन के तहत कर रही कार्य में जरूरत मंदो के साथ हमेशा खड़ी है। यह विचारधारा पार्टी के जनक राम विलास पासवान के द्वारा दी गई है । वही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला ने कहा कि पार्टी का मिशन हमेशा गरीबों के साथ उनके भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए संघर्षरत है जिसका हम लोग आज भी पालन कर रहे है। इस कार्यक्रम में मलिहाबाद विधान सभा के कुसमौरा हलुआपुर ,मंडौली ,मौलवी खेड़ा ,काकोरी ,रानियां मऊ ,दुर्गागंज समेत कई गांवों के जरूरत मंद बुजुर्ग , महिलाओं को कम्बल दिया गया। आयोजक नीलम सरोज ने सभी लोगों को पार्टी का झंडा भी दिया। साथ ही निवेदन किया कि यह झंडा अपने अपने घरों पर लगाए। साथ ही पार्टी के विस्तार में सहयोग करे। कार्यक्रम में राम कुमार भारती , राजेश रावत, लेबर सेल जिलाध्यक्ष नागेंद्र पासवान , जिला उपाध्यक्ष कमाल अहमद, लोक सभा प्रभारी दिनेश वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष संतोष रावत,रवि रावत ,विजय रावत, गीता भार्गव , समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। ।पार्टी के उपाध्यक्ष ने कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित निरन्तर किए जाते रहेंगे।

# गोसाईगंज पुलिस ने 17 वारंटियों को भेजा जेल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज पुलिस ने 17 एन बी डब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। गोसाईगंज एस एच ओ डी के सिंह की ओर जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे एन बी डब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी - अभियान के तहत कुछ 17 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने हेतु स्थानीय थाना में पुलिस की कुल चार टीमों का गठन किया गया था।एस एच ओ के अनुसार पकड़े गए सभी अभियुक्त माननीय न्यायालय द्वारा बार-बार सम्मन भेजे जाने के बाद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। ऐसे अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायाल से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इस मामले में पुलिस की 4 टीमों द्वारा सत्तरह अभियुक्तों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया है। एस एच ओ के अनुसार पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान में आए 3 अभियुक्तों द्वारा अपना वारंट रि - कॉल कराया गया तो दो वारंटी मृतक पाए गए। गिरफ्तार वारंटियों में गोसाईगंज इलाके के गांव जैसाना निवासी लल्लन (62) पुत्र छबील, सुरेश कुमार (62) पुत्र छेदालाला निवासी जैसाना मजरा सलेमपुर, धर्मराज सिंह (48) पुत्र रामसागर वर्मा निवासी मोहम्मदपुर गढ़ी , विशाल रैदास (28) पुत्र बाबूलाल निवासी बक्कास, सलमान (32) पुत्र अय्यूब ख़ां निवासी सलेमपुर, कृष्णानंद (32) पुत्र देवी दयाल निवासी दखिनवारा मजरा कपेरा मदारपुर ,रोहित कुमार (35) पुत्र देवी दयाल निवासी दखिनवारा, राम सागर (60) पुत्र सूरज बली निवासी मोइनद्दीन थाना पी जी आई, दीपक शुक्ला (27) पुत्र महेश प्रसाद शुक्ला निवासी जमालपुर कुर्मियान, अवनीश शुक्ला (22) पुत्र महेश प्रसाद निवासी जमालपुर कुर्मियान,मनोज कुमार (35) पुत्र ग़रीबे निवासी बेली कला, मोहम्मद नूर अली (30) पुत्र नूर हसन निवासी भटवारा, रवींद्र पुत्र राम लखन (36) निवासी जगमोहन का पुरवा , विजय (35) पुत्र रतन लाल निवासी जगमोहन का पुरवा , शत्रोहन पुत्र नन्हे निवासी देती टीकर मजरा सिठौली कला,फिजा खातून (18) पुत्री मोहमद नसीम, निवासी जौखंडी और असरफिया बानो ( 45)पुत्री नाजीम निवासी जौखंडी शामिल बताए गए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम अनिल (ANIL) से बदलकर अनिल कुमार रावत (ANIL KUMAR RAWAT) कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए अनिल कुमार रावत पुत्र लाल बहादुर निवासी 54 रायपुर आईआईएम रोड बिठौली खुर्द लखनऊ।

# सेंट जेवियर स्कूल के वार्षिक उत्सव में संस्कार व राष्ट्रबोध पर जोर, नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां / सीतापुर । बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देना चाहिए। संस्कारों से ही बच्चे आगे चलकर देश का नाम रोशन करते हैं। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्ध वीर सिंह ने सेंट जेवियर स्कूल के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा बच्चों को अपने करियर के साथ-साथ देश के बारे में भी सूचना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने कहा मंच पर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा जो प्रदर्शन किया गया है वह बड़ा ही सराहनी है। कार्यक्रम अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा बच्चों के अभिभावकों जिसमें मुख्य रूप से मातृशक्ति की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि एक मां ही बच्चों को आगे ले जाने में अपना पूर्ण सहयोग देती है। उन्होंने कहा यही बच्चे आगे चलकर देश के कणधार हैं। कार्यक्रम को उप जिला अधिकारी शिखा शुक्ला संबोधन में कहा ज्ञान ही सफलता की कुंजी है,अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने संबोधन में कहा कि बच्चों ने कठिन परिश्रम कर के आत्मीय एवं सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया । विद्यालय के डायरेक्टर संदीप जयसवाल व प्रबंधक मोहित जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ।कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बड़े ही मनमोहक कार्यक्रम मंच पर प्रस्तुत किए गए। जिसकी सभी ने बड़ी ही सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रखर शुक्ला ने लोगों के प्रति आभार प्रकट किया ।इस अवसर पर पूर्व एम एल सी राकेश सिंह , वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह ,अभिषेक सिंह प्रांत प्रचार प्रमुख,जिला प्रचारक सुरेंद्र , सह जिला प्रचारक विकल्प ,वरिष्ठ साहित्यकार पदमकान्त शर्मा , अभिषेक सिंह वरिष्ठ पत्रकार, मनोज सिंह, कृत्रिन जायसवाल , बबलू वर्मा ,चांद,आनंद मिश्र ,आलोक गुप्ता , वांछित शर्मा अशोक बाजपेई, अमर मेहरोत्रा। मुदित सिंहल , अनुज वर्मा, महानारायण वर्मा सहित शिक्षक , शाश्वत पाण्डेय शेखावत आर्यमान पुष्पेंद्र प्रशांत रुश्दा पंकज सिन्हा ,सौरभ ,संध्या ,अनुराग ,कादिर , मेहविश, नेहा, पूर्णिमा ,पारुल ,अल्फिया, दीक्षा, अंशिका, आशी मिश्रा, ज्योती, वैशाली, शिवांगी, उत्कर्ष, सिद्धार्थ, पवन , शुभम, लक्ष्मी, विद्यालय परिवार व अभिभावक गण मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड में जिलाधिकारी का देर रात रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ.राजागणपति आर ने शनिवार की देर रात सीतापुर नगर क्षेत्र में स्थित रैन बसेरों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने रैन बसेरों में ठहरे हुए व्यक्तियों से वार्ता करके व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में फीडबैक भी लिया। जिलाधिकारी ने रजिस्टर का भी अवलोकन किया। पूर्व में रुके हुए व्यक्तियों से वार्ता करके व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में समस्त व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाए। साथ ही पेयजल, अलाव आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया की रात्रि में कोई व्यक्ति इधर उधर न भटके यह सुनिश्चित किया जाय। रैन बसेरे में ठहरने वालों का नियमानुसार पूर्ण विवरण रखा जाय। रैन बसेरे में मानकों के अनुसार स्वच्छता एवं सुरक्षा के भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाय। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर डॉ.अतुल सेन सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मछरेहटा रोड पर हटाया गया आक्रमण

**राष्ट्रीय महामार्ग से मछरेहटा रोड की तरफ दुकानों के आगे अतिक्रमण बुलडोजर से हटाया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद। आज तहसीलदार अतुल सेन की अगवाई में दिन में लगभग 3:00 बजे खैराबाद पुलिस तथा अधिशासी अधिकारी खैराबाद की उपस्थिति में मछरेहटा रोड के दोनों तरफ दुकानदारों तथा भवन स्वामियों के द्वारा लगाया गया अतिक्रमण बुलडोजर के द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई है इस अवसर पर मार्ग के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाए जाने से हड़कंप मच गया तथा काफी भीड़ अतिक्रमण स्थल पर आकर खड़ी हो गई इस अवसर पर तहसीलदार अतुल सेन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए निर्देश दिया कि अस्थाई अतिक्रमण को तो हटा दिया गया है लेकिन अतिक्रमण में जिन्होंने पक्का निर्माण किया है उन्हें चेतावनी दी गई है कि यदि वह तुरंत अपना आक्रमण नहीं हटा लेते हैं तो उन पर बुलडोजर के द्वारा आक्रमण हटाने के उपरांत कार्रवाई की जाएगी दुकानदारों के द्वारा मछरेहटा रोड पर अतिक्रमण करने से यह मार्ग सकरा हो गया था विदित हो कि योगी सरकार ने नैमिषारण्य मार्ग को राष्ट्रीय महामार्ग से जोड़कर खैराबाद मछरेहटा मार्ग से नैमिषारण्य को जोड़ा है तथा सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है इसलिए यह मार्ग का चौड़ीकरण होना आवश्यक बताया जा रहा है बहर हाल इस मार्ग पर कारवाई होने से लोगों में काफी हलचल पैदा हो गई है तथा लोगों के भीतर प्रशासन का काफी डर व्याप्त हो गया है। तहसीलदार अतुल सेन ने बताया कि अतिक्रमण वाले स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है तथा किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता कस्बा इंचार्ज अवधेश यादव सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद था।

# सुजीता कुमारी का अस्पताल दौरा, पीड़ित बहन को दिलाया न्याय का भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । भाई का इलाज कराने जिला अस्पताल पहुंची एक बहन को कथित अवैध वसूली और अस्पताल प्रशासन के दबाव ने इस कदर तोड़ दिया कि उसने आत्महत्या करने की कोशिश कर ली। यह सनसनीखेज मामला जिला अस्पताल लखीमपुर का है, जहां सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शहर के उदयपुर मेहरबानी निवासी एक युवक की हड्डी टूटने पर उसकी बहन सौम्या शर्मा उसे इलाज की उम्मीद लेकर जिला अस्पताल पहुंची थी। आरोप है कि यहां तैनात डॉक्टर शरद वर्मा ने हड्डी के ऑपरेशन के नाम पर पहले ही 12,500 रुपये की अवैध वसूली कर ली। इसके बावजूद ऑपरेशन असफल रहा और मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। उल्टा उसकी तकलीफ और दर्द बढ़ता चला गया।

जब परिजनों ने खराब इलाज को लेकर सवाल उठाए तो आरोप है कि डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ ने सुधार के नाम पर 15 हजार रुपये की दोबारा मांग कर दी। इतना ही नहीं, पैसे न देने की स्थिति में मरीज को अस्पताल से जबरन डिस्चार्ज करने का दबाव बनाया जाने लगा। इस कथित व्यवहार से मानसिक रूप से आहत बहन सौम्या शर्मा ने जिला अस्पताल परिसर में ही शैंपू पीकर आत्महत्या करने की कोशिश कर ली। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। युवती की हालत बिगड़ने पर आनन-फानन में उपचार शुरू किया गया। आत्महत्या के प्रयास का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद मामला और भी तूल पकड़ता जा रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आज उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य सुचीता कुमारी जिला अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित बच्चे और परिजनों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। महिला आयोग की सदस्य ने निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध उचित व सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।

यह घटना न केवल एक परिवार की पीड़ा को दर्शाती है, बल्कि सरकारी अस्पतालों में कथित अवैध वसूली और लापरवाही की भयावह तस्वीर भी सामने लाती है। अब पीड़ित परिवार और आम जनता को प्रशासन से ठोस कार्रवाई की उम्मीद है।

# धान खरीद में महाघोटाले का आरोप, IGRS पर किसान की शिकायत से मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन (सीतापुर)। विकास खण्ड सकरन में सरकारी धान खरीद व्यवस्था एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। धान खरीद में व्यापक अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए नसीरपुर गांव निवासी किसान सुधीर सिंह पुत्र महेश्वर सिंह ने आईजीआरएस के माध्यम से जिलाधिकारी से शिकायत कर क्रय केंद्रों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत आईजीआरएस संदर्भ संख्या 40015425096005 के तहत दर्ज कराई गई है। किसान सुधीर सिंह का आरोप है कि विकास खण्ड सकरन के सांडा, महाराजनगर एवं अरुवा नसीरपुर में संचालित बी-पैक्स लिमिटेड एवं उपभोक्ता सहकारी संघ द्वारा चलाए जा रहे समस्त धान क्रय केंद्रों पर बड़े पैमाने पर मनमानी की जा रही है। क्रय केंद्र प्रभारियों एवं सचिवों की मिलीभगत से फर्जी किसान आईडी के जरिए धान की तौल कर कागजों में खरीद दर्शाई जा रही है, जबकि पात्र किसान हफ्तों-महीनों से अपनी ट्रॉलियां क्रय केंद्रों पर खड़ी किए खरीद का इंतजार कर रहे हैं। शिकायत में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि क्रय केंद्रों पर केवल दलालों और बिचौलियों का ही धान खरीदा जा रहा है, असली किसानों को जानबूझकर टरकाया जा रहा है। आरोपों के अनुसार महाराजनगर क्रय केंद्र पर 22 दिसंबर तक 154 किसानों के नाम से 1113.64 मीट्रिक टन धान की खरीद ?26,60,44,859 की लागत से दिखाई गई। सांडा क्रय केंद्र पर 1177.94 मीट्रिक टन धान की खरीद ?2,79,71,756 की लागत से दर्शाई गई। अरुवा नसीरपुर क्रय केंद्र पर भी 154 किसानों के नाम से 1113.64 मीट्रिक टन धान की खरीद ?26,60,44,859 की कीमत पर कागजों में दर्ज की गई। किसान का आरोप है कि जिन किसानों के नाम पर लाखों रुपये की धान बिक्री दिखाई गई है, उनमें से अधिकतर भूमिहीन हैं या जिनके पास मात्र एक-दो बीघा जमीन ही है, ऐसे में इतनी भारी मात्रा में धान बेच पाना पूरी तरह संदेहास्पद है। पीड़ित किसान सुधीर सिंह ने मांग की है कि समस्त धान क्रय केंद्रों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, फर्जी किसानों की सूची सार्वजनिक हो और दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों व बिचौलियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर संज्ञान लेकर धान खरीद में चल रहे कथित खेल का पर्दाफाश करेगा, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार 2100 देशी शराब के पौवे, बैटरा, नकदी व जेवरात बरामद

शाहजहांपुर। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम ने रोजा क्षेत्र में हुई शराब की दुकान में चोरी और थाना सिंधौली क्षेत्र में सर्राफा की दुकान से चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को चोरी के माल समेत गिरफ्तार किया। बीती 18 दिसम्बर को जनपद हरदोई के थाना सण्डीला क्षेत्र के रहने वाले रिषभ जायसवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वो मुकरमपुर स्थित देशी शराब की दुकान में मुनीम है। रात में अज्ञात चोरों ने दूकान का शटर काटकर अंदर रखी 89 पेटी शराब के पौवे, इंवर्टर का बैटरा और कैमरे का डीवीआर चोरी कर लिया। इसके अलावा बीती 17 दिसम्बर को थाना सिंधौली में सर्राफ़े की दुकान से चोरी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसी क्रम में एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर मुकरमपुर से उदियापुर जाने वाले रास्ते से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी किए गए 2100 देशी शराब के पौवे, 01 बैटरा और चोरी करने के उपकरण बरामद किए।

# सीतापुर विधानसभा में आयोजित हुआ अटल स्मृति सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 101 वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न प्रकार के सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं इसी क्रम में विधानसभा सीतापुर में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया सीतापुर विधानसभा में खैराबाद स्थित भूमिजा में सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपाध्यक्ष देवेश कोरी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक व नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा अटल जी के संपूर्ण जीवन चरित्र एवं राजनीतिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा एक साधारण परिवार से निकलकर राष्ट्र सेवा का ध्येय बनाकर अपने संपूर्ण जीवन को भारत माता के लिए समर्पित कर दिया। वह आरएसएस के एक प्रचारक से लेकर देश के प्रधानमंत्री के पद पर सुशोभित रहे और जीवन में उनके द्वारा किए गए कार्यों से पार्टी और देश दोनों गौरवान्वित हुए। उन्होंने अटल सरकार के समय की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी बताया जिनके दूरगामी परिणामों के स्वरूप आज भारत विकसित राष्ट्र बनने की श्रेणी में खड़ा हुआ है कार्यक्रम में बोलते हुए नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने बताया की अटल बिहारी बाजपेई बीजेपी के प्रत्येक कार्यकर्ता के आदर्श हैं प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा उनके बनाए मार्ग पर चलकर देश व प्रदेश का विकास किया जा रहा है। वही अपने अध्यक्षीय भाषण में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई भारतवर्ष की एक अमूल्य धरोहर हैं अपने जीवन काल में उन्होंने राष्ट्र समर्पित अनेक कार्य किए हैं अटल जी अजातशत्रु भी थे और कुशल पत्रकार कवि व लेखक के रूप में प्रकांड विद्वान भी। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के बनाए सिद्धांत का पालन कर रहा है और इसी कारण आज देश में चारों ओर कमल का फूल खिलता दिख रहा है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

## महोली और रेवरी के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला



कसमंडा कमलापुर कैनविज टाइम्स संवाददात । आज विक्रमपुर सरैया मे हो रहे सद्भावना टूर्नामेंट के फाइनल मे महोली विजेता रही और रेवरी उपविजेता रही, मैन ऑफ़ दी मैच साकिब / पहले रेवरी ने 12 ओवर मे 84 रन का लक्ष्य दिया जिसको महोली ने 12 ओवर की लास्ट बॉल पर टीम महोली ने 10 रन से हरा कर विजेता कप अपने हाथ किया महोली के कप्तान (मानस सिंह ) को 11000 रु मुख्य अतिथि रहे निर्धन परिवार कल्याण के प्रबंधक अभिषेक ठाकुर ने दिया और उपविजेता टीम के कप्तान सुनील को 5100 का नगद पुरस्कार और शील्ड देकर सम्मानित किया साथ मे अध्यक्ष –विनीत सिंह , संजय सिंह , महादेव सिंह (प्रधान ) , ब्रजपाल सिंह (पूर्व प्रधान महोली ) , बीनू सिंह , कौशलेंद्र सिंह अविनाश सिंह ,अमित सिंह आयोजक आकाश सिंह,अजीत सिंह ,जीवन सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे

## सीतापुर जिले के नैमिषारण्य घने कोहरे ने थामी वाहनो की रफ्तार

नैमिषारण्य सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददात। सीतापुर के नैमिषारण्य घने कोहरे और शीतलहर का प्रकोप लगातार छठे दिन भी जारी है रविवार की सुबह भी नैमिषारण्य क्षेत्र मे कोहरे की मोटी चादर छाई रही जिससे जनजीवन बुरी तरफ प्रभावित हुआ हालत ऐसे रहे कि सड़को पर वाहनो की रफ्तार पर पूरी तरह लगाम लग गई ठंडी हवाओ के कारण लोग दिनभर गर्म कपड़े मे लिपटे नजर आए और अलाव का सहारा लेते दिखे घने कोहरे का असर सड़क यातायात के साथ साथ ई रिक्सा पर भी साफ दिखाई दिया कोहरे की वजह से स्कूल जाने वाले बच्चो और बुजुर्गो को सबसे ज्यादा परेशानी का समाना करना पड़ता कोहरे के कारण मार्गो पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए वाहन चालक फॉग लाइट और डिपर का इस्तेमाल करते हुए सावधानीपूर्वक सफर कर रहे है नैमिष मे आये हुए श्रद्धालुओ गरम कपड़े लपेटे टहलते दिखाई दे रहे –

## जनपद के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का होगा कायाकल्प : जिलाधिकारी

सीतापुर (ब्यूरो) कैनविज टाइम्स संवाददात। जिलाधिकारी राजागणपति आर0 की पहल पर जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की अवस्थापना सुविधाओं में सुधार के लिये व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिये सभी संबंधित विकास खण्डों के अवर अभियन्ताओं के माध्यम से सर्वेक्षण कराकर प्रांकलन भी कराया गया है तथा प्राप्त प्रांकलन के आधार पर टेण्डर कराते हुये अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। नगरीय क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का संबंधित नगर निकाय के माध्यम से टेण्डर कराते हुये अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सुधार हेतु संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इन सुधार कार्यों में भवन की मरम्मत, रंगाई–पुताई, शौचालयों का दुरूस्तीकरण, परिसर एवं बाउन्ड्रीवाल का कार्य, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि के कार्य कराये जायेंगे। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार परिसर में इंटरलाकिंग एवं भवन में टायलीकरण के कार्य भी कराये जायेंगे। इन कार्यों को कराने से चिकित्सालयों में आने वाले मरीजों को सुविधा होगी। चिकित्सालयों एवं उनके परिसर की सफाई व्यवस्था भी बेहतर होगी तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी मिल सकेंगी। आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी बेहतर होंगी, जिससे भर्ती मरीजों एवं उनके साथ रहने वाले तीमारदारों को भी सुविधा होगी। संस्थागत प्रसव हेतु अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी एवं वह संस्थागत प्रसव हेतु अधिक प्रेरित होंगी।

## वित्त मंत्री ने 400 जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददात। जनपद में बढ़ती शीतलहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम बसुलिया और तिउलक में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वित्त मंत्री ने ग्राम प्रधानों के माध्यम से 400 जरूरतमंदों को कम्बलों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा के लिए पूरी तरह संकल्पित है। वितरण कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, राजस्व विभाग की टीम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में एबीवीपी ने मितौली में किया पुतला दहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मितौली खीरी। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने मितौली में जोरदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया और वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू समाज को निशाना बनाया जा रहा है। मंदिरों पर हमले, घरों में तोड़फोड़, जबरन धर्मांतरण और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जो मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं। इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस विषय पर चुप्पी साधी जा रही है, जो बेहद चिंताजनक है। एबीवीपी के पदाधिकारियों ने कहा कि भारत सरकार को इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए, ताकि वहां रह रहे हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिल सके। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से भी इस मामले का संज्ञान लेने की मांग की।

पुतला दहन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद करोड़, हिंदुओं की रक्षा करोङ्क जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, हालांकि मौके पर स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कानून-व्यवस्था बनी रही।कार्यक्रम के अंत में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार नहीं रुके तो संगठन आगे भी चरणबद्ध आंदोलन करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी देश या समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि मानवता और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए है।

# दो मुकदमों में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार सोने–चांदी के जेवरात व इन्वर्टर बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । थाना कोतवाली सदर पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर के नेतृत्व में दिनांक 28 दिसंबर 2025 को कोतवाली सदर पुलिस टीम ने 01 नफर अभियुक्त आशुतोष वर्मा उर्फ डब्लू पुत्र श्याम प्रकाश वर्मा, निवासी उदयपुर महेवा, थाना कोतवाली सदर, जिला खीरी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली सदर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 1064/2025 व मु0अ0सं0 972/2025, धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस के अंतर्गत मामले दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से दोनों मामलों से संबंधित चोरी/लूट का माल भी बरामद किया गया। मु0अ0सं0 1064/2025 के अंतर्गत एक अदद गले की चैन, एक जोड़ी सूई-धागा, तीन अदद लेडीज अंगूठी, एक अदद जेन्टस अंगूठी तथा एक अदद माला पेंडल (लॉकेट), सभी पीली धातु के, बरामद किए गए। वहीं मु0अ0सं0 972/2025 के अंतर्गत एक अदद लुमिनस कंपनी का इन्वर्टर बरामद हुआ है।

पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। मामले में आगे की जांच एवं आवश्यक कानूनी प्रक्रिया जारी है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार वर्मा, उप निरीक्षक उमाशंकर, हेड कांस्टेबल विकास कुमार तथा कांस्टेबल अरविन्द कुमार, सभी थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी से शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस तरह की कार्रवाइयाँ आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

# उत्तर प्रदेश में जल्द छात्रसंघ चुनाव कराएंगे बहाल : बृजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शहर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 66वें प्रांतीय अधिवेशन का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, एमएलसी वागीश पाठक केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य निधि बहुगुणा, प्रांत अध्यक्ष सौरभ सेंगर, प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया, प्रांत सह मंत्री पायल गिहार ने दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पर्पित कर सत्र का शुभारंभ किया। सत्र के बाद अधिवेशन के सबसे महत्वपूर्ण सत्र में संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रोफ़ेसर सौरभ सेंगर को पुनः प्रांत अध्यक्ष और आनंद कठेरिया को प्रांत मंत्री निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी द्वारा घोषणा होते ही परिसर छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति के नारों से




गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने नई टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज के समय जब भारत सबसे ज्यादा युवा शक्ति से सशक्त देश बन कर उभर रहा है तब आप जैसे युवाओं की भूमिका बहुत अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद की उस भावना को सदैव अपने भीतर जीवंत रखें। आज के समय में मोबाइल का उपयोग युवाओं को प्रभावित कर रहा है हमें प्रयास करना होगा कि स्क्रीन टाइम कम से कम हो। वंदे मातरम को जो लोग गाने से कतराते हैं, ऐसे लोग हमारे देश समाज के हितैषी कभी नहीं हो सकते। इस मंच से में बताना चाहता हूँ कि में छात्रसंघ का चुनाव बहाल होने का पक्षधर हूं। छात्र राजनीति ने मुझे पहचान दी लखनऊ विश्विद्यालय ने जो दिया वह सब में कभी नहीं भूल सकता साथ ही हर वर्ष होने वाले दिल्ली विश्विद्यालय में चुनाव में एबीवीपी का परचम ये दर्शाता है। कि भारत की छात्रशक्ति राष्ट्रवाद की ओर है और हमे इसी को निरंतर दिशा देना का कार्य करना है। केंद्रीय कार्य समिति सदस्य डॉ. निधि बहुगुणा ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर कड़ा वक्तव्य दिया। उन्होंने वैश्विक स्तर पर मानवधिकारों की रक्षा और भारत के युवाओं की सजगता पर बल दिया। अपने संबोधन में उन्होंने आपातकाल के काले दौर का जिक्र करते हुए वर्तमान पीढ़ी को सचेत किया कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हर विद्यार्थी का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी कल का नहीं बल्कि आज का नागरिक है। प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्तों को गढ़ने वाली पाठशाला है। हम लोग मिलकर आगामी वर्ष में विद्यार्थी परिषद के झंडे को और भी बुलंद करने का काम करेंगे। इस मौके पर इस मौके पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, हरिप्रसाद सिंह पटेल, एसएसपी बृजेश कुमार सिंह, विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विपिन गुप्ता , निवर्तमान प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव, प्रांत संगठन मंत्री अनुज ठाकुर, निवर्तमान प्रांत मंत्री अंकित पटेल, विभाग प्रमुख सत्यम मिश्रा,जिला प्रमुख विजयपाल सोलंकी, प्रांत सह मंत्री पायल गिहार , विभाग संगठन मंत्री,विभाग संयोजक हरिमोहन सिंह पटेल, विभाग सह संयोजक मोहित शर्मा,जिला संयोजक धर्मेंद्र बाहुबली, नमन गुप्ता, जिला सह संयोजक आशीष देव मिश्रा , जिला विस्तारक अरुण सूर्यवंशी, संजीव रघुवंशी समेत 16 जिलों से आई युवा तरुणाई मौजूद रही।

## तमंचे से फायर करते युवक का वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव तरक परौली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें युवक तमंचे से फायर करते हुए दिख रहा है। वीडियो वायरल होने पर थाना पुलिस की जमकर आलोचना हो रही है। और क्षेत्र में चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

### स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यालय पर ध्वजारोहण

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस पर शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय, परशुराम चौक पर पार्टी ध्वजारोहण एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुन्नालाल सागर ने की, जबकि मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण से पूर्व वंदे मातरम्, ध्वज गीत एवं राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन किया गया। गोष्ठी में ओमकार सिंह ने कहा कि कांग्रेस केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और आज भी देश की एकता-अखंडता के लिए संघर्षरत है। मुन्नालाल सागर ने कहा कि कांग्रेस ने देश को मजबूत संविधान दिया है और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेसजन संघर्ष जारी रखेंगे। विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कश्यप एआईसीसी सदस्य ने कार्यकर्ताओं से संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन इगलास हुसैन ने किया। कार्यक्रम में शहर व जिला कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में बहुविषयक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल प्रदर्शनी में नर्सरी से लेकर उच्च कक्षाओं तक के 410 विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए 300 से अधिक कार्यशील व आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की और कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। प्रदर्शनी में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, कला, खेल व कॉमर्स विषयों से जुड़े शिक्षाप्रद मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही आर्ट इंटीग्रेशन केरल एवं पंजाब के अंतर्गत संस्कृति, लोकजीवन व परंपराओं को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। इसी क्रम में विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी पीटीएम का आयोजन भी हुआ, जिसमें अभिभावकों ने शिक्षकों से बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर संवाद किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक वेदव्रत त्रिवेदी, सह-संस्थापक तेजस्व त्रिवेदी, निदेशिका छवि शर्मा व रीता शर्मा, शैक्षिक निदेशक देवव्रत त्रिवेदी एवं प्रधानाचार्य दीपक त्यागी उपस्थित रहे।

### सर्राफा कारोबारियों ने किया कमेटी का गठन

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। सर्राफा बाजार के कारोबारियों की एक बैठक कृष्ण मैरिज लॉन रोड हुसैन में आयोजित की गई। जिसमे सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी गठन कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज संगठन जनपद बदायूं के जिला अध्यक्ष जितेंदर महाजन ने की बैठक में कारोबार से जुड़ी समस्याओं, बाजार की सुरक्षा, आपसी समन्वय और हितों की रक्षा पर चर्चा की गई। कारोबारियों ने उम्मीद जताई कि नवगठित कमेटी के माध्यम से सर्राफा बाजार की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल स्थापित किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में सर्राफा कारोबारी उपस्थित रहे। इस कमेटी का अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा को चुना गया एवं अखिलेश कुमार गुप्ता को महामंत्री पद की शपथ दिलाई गयी।

### शीतलहर के चलते कल बंद रहेंगे मुरादाबाद के स्कूल DM ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों को बंद रखने का दिया आदेश

मुरादाबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित होने के कारण जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने 29 दिसंबर 2025 को जिले भर में कक्षा 1 से 8 तक के सभी बोर्डों के विद्यालयों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। यह आदेश सरकारी, सहायता प्राप्त तथा निजी—सभी प्रकार के विद्यालयों पर लागू होगा। पिछले कई दिनों से जिले में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहता है। सुबह लगभग 11 बजे तक कोहरे की घनी परत छाई रहती है। जिससे दृश्यता बेहद कम हो जाती है। कोहरे के साथ चल रही तेज शीतलहर के कारण ठिठुरन में भी काफी वृद्धि हुई है। ऐसे मौसम में स्कूली बच्चों की आवाजाही प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा प्राथमिकता है। इसलिए मौसम की स्थिति सामान्य होने तक स्कूलों के संचालन को लेकर आगे आवश्यक निर्णय समय-समय पर जारी किए जाएंगे।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की जयंती 1 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी

चंदौसी (संभल) कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की जयंती 1 जनवरी 2026 के लिए महिंद्रा रेस्टोरेंट चंदौसी में दोपहर 1:00 बजे से मनाई जाएगी । उक्त जानकारी संगठन के जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा ने दी। उन्होंने संभल जनपद के समस्त पत्रकार बंधुओं से आग्रह किया है कि समय से कार्यक्रम में सहभागिता निभाएं । उन्होंने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी द्वारा ग्रामीण पत्रकारिता में उनके योगदान को याद करने के लिए पत्रकार इस दिन को मनाते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें ग्रामीण पत्रकारों का मसीहा और मार्गदर्शक माना जाता है, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारों के अधिकारों और सम्मान के लिए लड़ाई लड़ी और एसोसिएशन की स्थापना की थी।

### कंबल व गर्म टोपे वितरण कार्यक्रम का आयोजन

संभल/बबराला कैनविज टाइम्स संवाददाता। शीत ऋतु में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आज श्री बालाजी एचपी पेट्रोल पंप परिसर में रोटरी क्लब बबराला गंगा एवं एससीएमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कंबल व गर्म टोपे वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के निर्धन एवं असहाय वर्ग के करीब 100 लोगों को सर्दी से बचाव हेतु कंबल और गर्म टोपे वितरित किए गए। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष बबराला नरेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रोटरी क्लब के फाउंडर अतुल गोयल ने कहा कि सेवा और सहयोग की भावना ही समाज को मजबूती प्रदान करती है, और इसी उद्देश्य से क्लब व फाउंडेशन निरंतर जनकल्याणकारी कार्य कर रहे हैं। फाउंडेशन चेयरमैन कपिल गोयल ने भी सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. सुधीन्द्र शर्मा, उमेश कुमार, विजय गोयल, कुंवरपाल सिंह, विवेक वार्ष्णेय, कार्तिक गोयल सहित रोटरी क्लब व एससीएमजी फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक कार्य करते रहने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### लखनऊ रेल मंडल में बड़ा हादसा, JE प्रवीण दास का ऑन-ड्यूटी दुखद निधन

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ डिपो में कल रात एक हृदय विदारक दुर्घटना घटी, जिसमें कैरिज एंड वैगन (ए ाड) विभाग के होनहार जूनियर इंजीनियर श्री प्रवीण दास की इंजन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। श्री दास मात्र 20 दिन पहले (6 दिसंबर) ही गोंडा से ट्रांसफर होकर लखनऊ आए थे। घटना की सूचना मिलते ही पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारी तुरंत मौके पर पहुँचे। संघ के महामंत्री श्री विनोद कुमार राय ने इस हादसे पर गहरा आक्रोश जताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात कर कहा कि लखनऊ डिपो कोच शंटिंग या प्लेसमेंट के समय सायरन/सीटी की व्यवस्था न होना एक गंभीर लापरवाही है। इस पर संबंध में उचित कार्यवाही की जाये जिससे भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। गोरखपुर केंद्रीय कार्यालय में आयोजित शोक सभा में महामंत्री ने कहा, ''रेलवे को काम के साथ-साथ कर्मचारियों की जान की भी फिक्र करनी होगी।

## जानलेवा ठंड को देखते हुए स्कूल-कॉलेज बंद करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। जिले में लगातार बढ़ रही भीषण ठंड और जानलेवा शीतलहर को देखते हुए शासन-प्रशासन से स्कूल और कॉलेजों को कुछ दिनों के लिए बंद करने की मांग तेज हो गई है। राष्ट्रीय सेवा परिषद एवं डॉक्टर अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस एसोसिएशन के संयोजक मंजीत कुमार श्रीवास्तव बाबू ने इस संबंध में बयान जारी कर बच्चों और युवाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की है। मंजीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान मौसम अत्यंत भयावह होता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से गोरखपुर सहित पूर्वांचल के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जानलेवा शीतलहर, हाड़ कंपा देने वाली तेज ठंडी हवाएं और लगातार तीन दिनों से ओस की बारिश जैसा माहौल लोगों की सेहत पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। ऐसे में छोटे बच्चों, किशोरों और बुजुर्गों के लिए सुबह-सुबह स्कूल और कॉलेज जाना बेहद जोखिम भरा साबित हो सकता है।

उन्होंने कहा कि ठंड के इस प्रकोप में बच्चों के बीमार पड़ने की आशंका काफी बढ़ गई है। सर्दी, खांसी, बुखार, निमोनिया और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद यदि शैक्षणिक संस्थान खुले रहते हैं तो किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। शासन-प्रशासन को चाहिए कि समय रहते एहतियाती कदम उठाए और स्कूल-कॉलेजों को कुछ दिनों के लिए बंद करने का आदेश जारी करे। राष्ट्रीय सेवा परिषद एवं डॉक्टर अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस एसोसिएशन ने प्रशासन से यह भी मांग की कि ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। रैन बसेरों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा गरीब, असहाय और बेसहारा लोगों के लिए कंबल वितरण की व्यवस्था तेज की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों और छात्रों की सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना भी शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मंजीत कुमार श्रीवास्तव ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि ठंड के मौजूदा हालात को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निर्णय लिया जाए, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से पहले ही स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि शासन-प्रशासन जनहित को सर्वोपरि रखते हुए शीघ्र ही इस दिशा में सकारात्मक कदम।

## उपमुख्यमंत्री के आगमन पर एसएसपी की चाक-चौबंद व्यवस्थाएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शहर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 66वें प्रांतीय अधिवेशन का शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का दो बजे हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन हेलीपैड पर पहुंचा। उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिले के एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह लगातार मॉनिटरिंग करते नजर आए। वहीं उन्होंने उपमुख्यमंत्री के आने से पहले ही हेलीपैड का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। वहीं जिले की पुलिस को उन्होंने अलर्ट मोड पर रखा। वहीं कार्यक्रम को लेकर एलआईयू विभाग के सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहे। वहीं उन्होंने हेलीपैड पर सीओ संजीव कुमार, पुलिस लाइन चौराहे पर सीओ कर्मवीर सिंह, डायट परिसर में सीओ सुनील कुमार, जाने और आने से लेकर सीओ देवेंद्र कुमार,रजनीश कुमार ड्यूटी लगाई गई। वहीं एसएसपी ने बताया कि जिले की पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया था। और कहीं कोई दिक्कत न हो जिसको लेकर पुलिस विभाग गंभीर रहा।

## महिला सशक्तिकरण इकाई द्वारा पूरे भगन मजरे पोखरनी गांव में महिलाओं को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। महराजगंज कोतवाली महिला सशक्तिकरण इकाई द्वारा तहसील क्षेत्र के पूरे भगन मजरे गढ़ी पोखरनी गांव में महिलाओं को जागरूक करने के लिए बैठकें आयोजित की गई महिला पुलिसकर्मी गांवों में जाकर महिलाओं को विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दे रही हैं।आपको बता दे कि, इन बैठकों के दौरान, महिला पुलिसकर्मी नेहा सिंह राठौर ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वावलंबन ही नारी शक्ति का आधार है, और नारी शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है।



और बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने यह संकल्प लिया है कि अब कोई भी बेटी अपने सपनों को अधूरा नहीं छोड़ेगी। सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को एक सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला बताया गया। नेहा सिंह राठौर ने 'मिशन शक्ति', महिला बीट प्रणाली और 'सेफ सिटी' जैसी सरकारी पहलों का भी उल्लेख किया। और कहा कि ये पहलें नारी शक्ति को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी धुरी मानने की दूरदर्शी सोच का प्रतीक हैं। इसका उद्देश्य एक ऐसा उत्तर प्रदेश बनाना है, जहाँ हर बेटी और हर माता सुरक्षित, आत्मनिर्भर और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन सके। इस जागरूकता अभियान में एसआई राधेश्याम वर्मा, नेहा सिंह राठौर, प्रीती सिंह, शिवकरन यादव, राम प्रताप यादव सहित गांव की दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## जिलाधिकारी ने अस्थायी रैन बसेरे का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई ) । आज जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा बहजोई के पजाया स्थित बस स्टैंड के पास बनाये गये अस्थायी रैन बसेरे का निरीक्षण किया सभी व्यवस्थाओं पुरुष एवं महिलाओं के लिए अलग अलग रैन बसेरे की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा शीतलहर के दृष्टिगत अलाव जलाने की व्यवस्था को भी देखा। संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्थायी रैन बसेरे पर सीसीटीवी कैमरे की एवं सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्थायी रैन बसेरे के प्रति दिन के सुबह शाम के जियो टैग फोटो भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने लोगों से वार्ता करते हुए अलाव जलने के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा लोगों को अस्थायी रैन बसेरे के लिए जागरूक किया तथा संबंधित अधिकारी को रैन बसेरे के प्रचार प्रसार के लिए भी निर्देशित किया । जिलाधिकारी द्वारा इस्लाम नगर चौराहा बहजोई पर भी अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 280 स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है तथा 10 स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरे हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी,आपदा विशेषज्ञ ए. के यादव, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने परिवहन विभाग से महराजगंज रुट पर उपनगरीय बसों के संचालन की उठाई मांग

महराजगंज,रायबरेली। पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला ने परिवहन विभाग से महराजगंज रुट पर उपनगरीय बसों के संचालन की उठाई मांग। परिवहन विभाग के लखनऊ के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखकर पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने बताया कि पूर्व में चारबाग बस स्टेशन से महराजगंज तक उपनगरीय/ हैदरगढ़ डिपो की बसें संचालित होती थीं। जिनकी आय भी संतोषजनक थी। महराजगंज मार्ग तहसील क्षेत्र से जुड़े दर्जनों गांवों को जोड़ता है। इस मार्ग पर किसी भी प्रकार की नियमित बस सेवा उपलब्ध न होने के कारण महराजगंज क्षेत्र के नागरिकों को चारबाग आने-जाने हेतु कोई सुरक्षित एवं सुलभ साधन नहीं मिल पा रहा है। जिससे आम जनता डग्गामार वाहनों से यात्रा करने के लिए मजबूर है। आए दिन असुविधा के साथ-साथ दुर्घटनाओं की भी संभावना बनी रहती है। मुख्यमंत्री जी द्वारा गांवों को शहरों से जोड़ने की जो महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जा रही है, उसके अंतर्गत यदि महराजगंज मार्ग पर मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का संचालन किया जाए, तो इससे क्षेत्र की जनता को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन उपलब्ध हो सकेगा।

## न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में अभिभावक -शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने अपने पाल्यों के क्रियाकलापों व प्रगति पर कक्षा-अध्यापक और विषय-अध्यापकों से चर्चा करते हुए परिणामों की समीक्षा की। शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए जो छात्रों की शिक्षा को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। आपको बता दें कि,प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी को अपने बच्चों की शिक्षण गतिविधियों का सतत अनुश्रवण करना चाहिए




तथा पढ़ाई के साथ बच्चे के चरित्र निर्माण में भी आपका सहयोग प्रार्थनीय है। इस अवसर पर विद्यालय की उप- प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव, अध्यापक- अध्यापिकाएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

### आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अयोध्या में किए श्रीरामलला के दर्शन

अयोध्या। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में चल रहे वैदिक अनुष्ठानों में भाग लिया और विधि-विधान के साथ भगवान श्रीरामलला का पूजन किया।

दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि अयोध्या आना उनके लिए एक अलौकिक और आध्यात्मिक अनुभव है। उन्होंने बताया कि श्रीराम के मूल्य और आदर्श सभी के लिए हमेशा प्रेरणास्पद हैं और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर संपूर्ण राष्ट्र की आस्था और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने मंदिर की भव्यता, अद्वितीय शिल्पकला और उत्कृष्ट वास्तुकला की सराहना की। उन्होंने बताया कि इससे पहले वह 22 जनवरी 2024 को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आए थे और आज पुनः दर्शन कर स्वयं को अत्यंत सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं।

# दलालों के दलदल में गोंड़ा एआरटीओ ऑफिस




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंड़ा । संभागीय परिवहन विभाग में दलालों के दखल से जनता को घुटन महसूस होने लगी है। दलालों के घुसपैठ से विभाग की आंतरिक गोप नीयता भंग हो रही है।एआरटीओ ऑफिस के चारों ओर फैली दलालों की मंडी में रोजाना अ वैध काम कराने की बोली लगती है। एजेंटों की सक्रियता इस कदर बढ़ गई है कि जनता को सीधे विभाग में जाने नहीं दिया जाता है।बाहर आते ही दलालों के गुर्गे दबोच लेते हैं और जन ता से मनमाने तरीके से अवैध उगाही की जाती है,आरटीओ के हालात कमोवेश दलालों के अड्डे वाला हैं। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना हो या कोई और काम,दलालों के बिना बात नहीं बनती हैं। डीएल बनवाने के नाम पर हजारों रुपये तक मांगे जाते हैं।कई जगह तो बाकायदा कुर्सियों पर बैठकर दलाल काम करते नजर आते हैं, मानो विभागीय कर्मचारी हों। यह सारा खेल खुलेआम चलता है।आईटीआई मैदान के पास डीटीओ ऑफिस में बदस्तूर जारी है दलाली का खेल। एक तरफ सरकार सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सख्त कानून के तहत विभिन्न प्रकार से प्रचार-प्रसार कर रही है,तो वही दूसरे तरफ उन के अधिकारी सिस्टम के साथ खिलवाड़ करते नजर आ रही है,दरअसल ये सारा मामला गोंड़ा जिले के परिवहन कार्यालय का है।बता दें कि सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय (एआर टीओ) दलालों का अड्डा बन गया है। यहां बगैर दलाल और कमीशन के कोई काम ही नहीं होता। हर काम के लिए रेट बंधा हुआ है। उसे देने के बाद ही काम होना संभव हो पाता है। कार्यालय परिसर में काम के लिए आने वाले लोग हमेशा इस बात की चर्चा करते हैं कि आखिर यहां कब दलाली खत्म होगी।आपको बता दे कि परिवहन कार्यालय में अवैध तरीके से लाइसेंस बनाने के मामला में कई लोगों ने शिकायत किया है।एआरटीओ आरसी भारतीय का तेवर इतना है कि आम लोगों को जागरूक करने के बजाय उनके साथ दुर्व्यवहार कर ऑफिस से भगा दिया जाता है।कई समाजसेवी ने बताया कि वर्षों से तैनात लेखाकार सभा जीत त्रिपाठी ने परिवहन कार्यालय को दलालों का अड्डा बना दिया गया है,जहां बिना प्रशिक्षण और जांच किए ही अवैध तरीके से ज्यादा पैसा लेकर लाइसेंस बनाया जाता है।इसी का परिणा म है की गोण्डा में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना में मौत होती है,क्योंकि जिसको भी वाहन चला ने नही आता है उसको भी दलाल के माध्यम से घर बैठे ही लाइसेंस बना दिया जाता है।

### दलाल से गाड़ी कि ट्रेनिंग कराओ सीधे नहीं तो बाबू कर देते हैं रिजेक्ट...

आरटीओ कार्यालय में बिना दलाल के परमा नेंट लाइसेंस नहीं बन पाता है और न ही लाइ सेंस रिन्यू होता है।यदि भूल से कोई व्यक्ति सी धे बाबू के पास आवेदन लेकर पहुंच जाता है, तो उसमें इतनी खामियां निकाल दी जाती हैं कि व्यक्ति को मजबूरी में दलाल के पास ही जाना पड़ता।बात यहीं खत्म नहीं होती।यहीं कारण दलाल करके देते हैं और फार्म पर हस्ता क्षर कर देते हैं,तो तुरंत बाबू दस्तावेज जमा कर लेता है।

### बिना दलाल के नहीं हो पाता है आरटीओ विभाग का कोई कार्य :

दरअसल लंबे समय से आरटीओ में दलालों के माध्यम से ही काम कराया जा रहा है बिना दला ली के कोई काम संभव नहीं है।कार्यालय जिला मुख्यालय जेल रोड पर स्थित है। पर कलेक्टर से लेकर एसडीएम तक जायजा लेने नहीं जाते जबकि कार्यालय के काउंटर पर बाबूओं की कु र्सी पर भी दलाल बैठे रहते हैं और बाबूओं का काम निपटाते हैं।उन्हें एक-एक फाइल की जान कारी होती है और वे अपने हाथ से ही उठाकर उनमें जानकारी तक भर देते हैं।

### गेट से लेकर कार्यालय में तक दलाल सक्रिय, शुल्क है निर्धारित

आरटीओ कार्यालय के अधिकारी कितने भी पारदर्शी होने की बात कहे, लेकिन सच यहीं है कि आरटीओ कार्यालय का काम कराना है तो दलालों की शरण में जाना ही पड़ेगा।सिर्फ ल र्निंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन के चलते ही सामान्य फीस में काम होता है।मगर उसी लर्निंग लाइसेंस को परमानेंट करवाने से लेकर आरटीओ संबंधित अन्य कामों के लिए दोगुने पैसे वसूले जा रहे हैं। आरटीओ का जो काम दो दिन में ख़त्म हो जाता है, उसके लिए लोगों को दो से तीन हफ्तों कई बार महीनों तक परेशान होना पड़ रहा है।

### विभाग एवं दलाल के चक्कर में परेशान होते आम लोग

आरटीओ दफ्तर के गेट पर पहुंचते ही दलाली का खेल शुरू हो जाता है और अधिकारी तक पहुंचने के बीच कई जगह दलालों से ही होकर फाइल गुजरती है। ऐसे में परेशानी से बचने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने,वाहन का पंजी यन कराने,परमिट लेने वाले अधिकांश लोग द लाल के पास रुक जाते हैं।यह लोग सरकारी कर्मचारी की तरह फाइल का निपटारा करते हैं।यहां हर काम के लिए सुविधा शुल्क निर्धा रित है।मामले की शिकायत परिवहन विभाग के आलाधिकारियों से भी हो चुकी है,लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिससे की जिले के जिम्मेदार अधिकारियों पर सवाल उठ रहे हैं।

# स्वास्थ्य विभाग मेहरबान या लापरवाह,गोंडा में बिना रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से चल रहे अस्पताल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा । शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के कस्बो में संचालित अवैध अस्पतालों में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं होती हैं और न ही ट्रेड टेक्नीशियन रखे जाते हैं,इस तरह के अस्पतालों में लापरवा ही की हद तो यह है कि आयुर्वेदिक स्नातक की डिग्री पर चिकित्सक गंभीर अवस्था के मरीजों का सीजर ऑपरेशन करते हैं। गोंडा जिले में सैकड़ों अवैध हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर चल रहे हैं कोई अस्पताल दो कमरे में चल रहा है तो कोई किराए के मकान में इनमें ज्यादातर में झो लाछाप इलाज के नाम पर मरीजों से वसूली क र रहे हैं शहर में संचालित अवैध अस्पतालों में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं होती हैं और न ही ट्रेड टेक्नीशियन रखे जाते हैं इस तरह के अस्पता लों में लापरवाही की हद तो यह है कि आयुर्वे दिक स्नातक की डिग्री पर चिकित्सक गंभीर अवस्था के मरीजों का सीजर ऑपरेशन करते हैं ऑपरेशन टेबल पर मरीजों का केस बिगड़ने पर बाहर से प्रशिक्षित चिकित्सकों को बुलाया जाता है या फिर रेफर किया जाता हैं।जिले में अवैध रूप से चलाए जा रहे नर्सिग होम व अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा नहीं कसने से मानकों को ताक पर रखकर चलाए जाने वाले अवैध अस्पतालों के संचा लको के हौसले बुलंद है। बिना रजिस्ट्रेशन व सुविधाओं के चल रहे अस्पतालों ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल दी है,मनमाने तरीके से चलाए जा रहे अस्पतालों के सवालों के घेरे में आने के साथ ही विभागीय कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे है, गोंडा मुख्यालय शहर क्षेत्र में तकरीबन दर्जनों से अधिक अस्पताल मानक विहीन अस्पताल है जो स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से बचें हुए हैं जिससे कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

**मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़**

स्वास्थ्य विभाग के सेटिंग गेटिंग के खेल चलते इन अस्पतालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो ती है ये मानक विहीन अस्पताल बड़ी बीमारी बताकर अस्पताल आये हुए मरीजों का शोषण करते है बिना पंजीकरण के अस्पतालों का सं चालन करने वाले संचालक अथवा ऐसे जगहों पर तैनात डॉक्टर गम्भीर रूप से सामान्य बीमा री से बीमार मरीजों को भी बड़ी बीमारी बता कर लम्बा इलाज करते है और शोषण करते है. प्रसव के आने वाली महिलाओं को बिना जांच के ही ऑपरेशन की सलाह दे दी जाती है। जि ससे कई बार महिलाओं व नवजात की जान भी चली जाती है।

**जिले में संचालित सैकड़ो से अधिक अस्पताल**

जिले में सैकड़ो से अधिक अस्पताल व नर्सिग होम का संचालन किया जा रहा है जहां पर ओ पीडी से लगाकर ऑपरेशन तक की सुविधा मुहै या कराई जा रही है संसाधनों के अभाव के बी च में प्रशासन की बगैर जानकारी के चल रहे है और इन अस्पतालों होने वाली मौतों का भी प ता नहीं चल पाता है मनमाने तरीके से चलने वा ले अस्पतालों पर होने वाली मौतों तक का पता प्रशासन या लोगों को पता तब चलता है जब परिवार के लोग मामले की शिकायत करतें है या फिर मौत के बाद अस्पताल में हंगामा करते है।वही पूरे मामलें को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कहना हैं कि ऐसे अस्पतालों को चिन्हित करके स्वास्थ विभाग की कार्रवाई कर रहा है उनको नोटिस दी जा रही है।

# एसडीएम नानपारा ने रैन बसेरों व अलाव स्थलों का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बढ़ती शीतलहर के दृष्टिगत शनिवार को देर रात उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने नगर पालिका परिषद नानपारा में बने रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पर्याप्त संख्या में बेड, कंबल, स्वच्छ एवं सुरक्षित सोने की व्यवस्था, प्रकाश एवं ताप व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक पायी गयी। कड़ाके की ठंड व शीतलहर के दौरान किसी भी असहाय, गरीब, परदेसी व ज़रूरतमन्द व्यवक्तियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये इसके लिए उप जिलाधिकारी निरन्तर रैन बसेरों व अलाव स्थलों का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रही हैं।

एसडीएम ने थानाध्यक्ष नानपारा, रुपईडीहा, मटेरा, नवाबगंज, रिसिया व खैरीघाट को भी निर्देशित किया है कि आप लोग भी रात्रि में गश्त के दौरान यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति बाहर ठंड में सोता हुआ ना मिले यदि किसी भी पुलिस कर्मी को कोई भी व्यक्ति बाहर सोता हुआ या बैठा हुआ मिले तो सम्मानपूर्वक उनको नजदीकी रैन बसेरा में स्वयं पहुंचाएं और इसकी जानकारी तत्काल संबंधित नगर निकाय के ईओ व तहसील प्रशासन को भी दें। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि यदि उन्हें कोई व्यक्ति रात्रि में खुले स्थानों, सड़कों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन अथवा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से प्रभावित स्थिति में मिले, तो तत्काल इसकी सूचना नगर निकायों, पुलिस कन्ट्रोल रूम अथवा तहसील प्रशासन को दें, ताकि प्रभावित व्यक्ति रैन बसेरे में पहुंचाया जा सके।

एसडीएम ने बताया कि शासन व जिला प्रशासन के निर्देश पर शीतलहर में निराश्रित, बेसहारा एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को आसरा प्रदान करने के उद्देश्य से रैन बसेरों की पूर्णतः निःशुल्क व्यवस्था की गई है। साथ ही रैन बसेरे में आने वाले व्यक्तियों हेतु चिकित्सीय परीक्षण एवं उपचार की भी निःशुल्क व्यवस्था की गई है। इसके लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नानपारा एवं नबाबगंज को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं। एसडीएम ने बताया कि कड़ाके की ठंड व शीतलहर में निराश्रित व ज़रूरतमन्द लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए तहसील प्रशासन चौबिसों घण्टे तत्पर है।

# पूर्व मंत्री के बेटे युवा सपा नेता सूरज सिंह ने पत्रकार सम्मान समागम का किया आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । स्मृतिशेष विनोद कुमार पंडित सिंह के जन्म जयंती के क्रम में जानकीनगर सूरज होट ल के परिसर में रविवार को युवानेता सूरज,सिंह के द्वारा पत्रकार सम्मान समागम का आयोजन किया गया।जिसमें जिले के सभी प्रिंट एवं इले क्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान युवा सपा नेता सूरज ने सभी पत्रका रो को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इसके पूर्व युवा सपा नेता ने कार्य क्रम को संबोधित कर कहा कि पत्रकार समाज का एक आईना होता है।जो सही खबरों को स माज को दिखाने का काम करता है।लेकिन इन लोगों को वो सम्मान नहीं मिल पाता है,जिसके ये हकदार हैं।इसलिए मेरे मन में यह विचार आ या कि क्यों नहीं जिले के पत्रकारों को साल के अंतिम महीने में सम्मानित कर पत्रकारों के हों सले को बढ़ाया जाए।इस कार्यक्रम में सूरज सिं ह द्वारा सम्मान समारोह में आए हुए पत्रकार अतिथियों का सम्मान किया गया और अन्य तरीकों से कार्यक्रम को खूबसूरत बनाने का भी प्रयास किया गया।इस कार्यक्रम में पत्रकारों के कार्य उनकी कार्यशैली और पत्रकारिता के गुणों पर आधारित कट आउट लगाए गए थे तो वहीं पत्रकारिता जीवन की चुनौतियां पर भी प्रकाश डाला गया।वक्ताओं ने अपनी अपनी स्मृतियां साझा की और स्मृतिशेष पंडित सिंह जी के जीवन पर आधारित किस्सों पर भी चर्चा हुई। सूरज होटल के परिसर में पूर्व मंत्री पंडित सिंह जी के जीवन पर आधारित होर्डिंग बैनर भी ल गाए गए थे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित सिंह के पुत्र और सदर विधानसभा के सभा प्रत्याशी सपा नेता सूरज सिंह ने आए हुए अतिथियों के स्वागत के साथ शुरुआत की वही पत्रकारों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मा न किया गया।इस कार्यक्रम में पत्रकार साथियों के साथ साथ देवेंद्र सिंह,मनोज सिंह,संजय,सा हू,अफजल खान,शिव संपत सिंह,किसलय ति वारी,शुभी कक्कड़,सचिन सिंह,राम आशीष, वि नय सिंह,मानवेन्द्र प्रताप सिंह ( मोनू )रीना ति वारी,विक्कू,विशाल गुप्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट गोरखपुर की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) गोरखपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक नेहरू इंटर कॉलेज, बिछिया कॉलोनी गोरखपुर के सभागार में जिला उपाध्यक्ष डॉ. क्षमा पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संघ की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल कार्यकारिणी के पुनर्गठन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। बैठक में संघ के मुख्य प्रांतीय संरक्षक श्रद्धेय जगदीश पांडेय ठकुराई की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनपद एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, संगठन के सक्रिय सदस्य एवं विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना तथा आगामी शैक्षिक एवं शिक्षक हितों से जुड़े आंदोलनों के लिए ठोस रणनीति तैयार करना रहा। जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन पर चर्चा करते हुए जिला मंत्री डॉ. शोभित श्रीवास्तव ने बताया कि दिनांक 28 सितंबर 2025 को कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से जिला निर्वाचन का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया था, किंतु किन्हीं कारणों से उसका अनुपालन नहीं हो सका। ऐसी स्थिति में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से एकल पदों पर मनोनयन का निर्णय लिया। साथ ही यह भी तय किया गया कि मनोनीत पदाधिकारियों के सहयोग से शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर शेष पदों को भरा जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से जिन पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया, उनमें सत्यपाल सिंह को जिलाध्यक्ष, डॉ. शोभित श्रीवास्तव को जिला मंत्री, राम जी बागी को जिला कोषाध्यक्ष, सुभाष यादव को जिला आय-व्यय निरीक्षक, घनश्याम तिवारी को महानगर अध्यक्ष, शशांक शेखर सिंह को महानगर मंत्री, दुर्गेश दत्त पाण्डेय को मंडल अध्यक्ष तथा डॉ. दयानंद पांडेय को मंडल मंत्री बनाया गया। इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि वर्तमान जिलाध्यक्ष हीरा लाल गौड़ अब सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी के पद पर रहते हुए संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई। बैठक में प्रांतीय मंत्री डॉ. अजय कुमार पाण्डेय, सदस्य संसदीय समिति जगतारण शरण, सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम, जिला उपाध्यक्ष अवनींद्र सिंह, अनंत मौर्य, पन्नेलाल गुप्ता, दिनेश गौतम, राजेंद्र प्रसाद, अशोक तिवारी, संतोष कुमार शर्मा, शैलेश कुमार पाण्डेय, नरेंद्र सिंह, श्रीकांत त्रिपाठी, बाल कृष्ण पांडे, जय प्रकाश यादव, रविन्द्र सिंह, मनीष अग्रहरि, जोगेंद्र प्रताप सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य एवं सक्रिय शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे। अंत में मुख्य प्रांतीय संरक्षक श्रद्धेय जगदीश पांडेय ठकुराई जी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर आशीर्वाद दिया और संगठन को शिक्षक हितों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संदेश दिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# छुट्टा पशुओं से कुसहरा गांव के किसान बेहाल, सैकड़ों एकड़ फसल तबाह

गोरखपुर। जंगल कौड़िया क्षेत्र के कुसहरा गांव सहित आसपास के लगभग दो दर्जन गांवों के किसान इन दिनों छुट्टा पशुओं के आतंक से बुरी तरह परेशान हैं। सैकड़ों की संख्या में घूम रहे छुट्टा पशुओं के झुंड खेतों में घुसकर खड़ी फसलों को रौंद रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। गेहूं, जौ, सरसों, आलू, मटर, दलहन और तिलहन जैसी रबी की प्रमुख फसलें पशुओं के कारण नष्ट हो रही हैं। हालात यह हैं कि किसान दिन-रात खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, फिर भी फसलों को पूरी तरह बचा पाना संभव नहीं हो पा रहा है। राप्ती और रोहिन नदियों के बीच तलहटी क्षेत्र में बसे इन गांवों में छुट्टा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। किसान बताते हैं कि बड़े-बड़े झुंड बनाकर पशु खेतों में घुसते हैं और कुछ ही घंटों में पूरी मेहनत पर पानी फ़ेर देते हैं। कुसहरा, आसपास के गांवों में सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसलें अब तक बर्बाद हो चुकी हैं। इससे न केवल किसानों की आय प्रभावित हुई है, बल्कि आने वाले समय को लेकर उनकी चिंता भी बढ़ गई है। स्थानीय किसानों राम सिंह, विजय सिंह, शंभू गौड़, राकेश गुप्ता, संदलू कनौजिया और रामवृक्ष सदई निषाद ने बताया कि वे कर्ज लेकर रबी की फसल की बुवाई करते हैं। बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर भारी खर्च आता है। उम्मीद होती है कि अच्छी पैदावार से कर्ज चुकाकर घर-परिवार की जरूरतें पूरी करेंगे, लेकिन फसल तैयार होने से पहले ही छुट्टा पशु उसे बर्बाद कर देते हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति दिन-प्रतिदिन कमजोर होती जा रही है।

# अंतर्जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हुआ समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । मेरा युवा भारत बहराइच उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में भानीरामका अतिथि गृह में 24 से 28 दिसम्बर 2025 तक आयोजित अंतर्जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक संगम मेडिकल पैरा मेडिकल इंस्टीट्यूट बहराइच डॉ. त्रिलोकीनाथ विश्वकर्मा ने विशिष्ट अतिथि डॉ प्रदीप विश्वकर्मा, डॉ. लवलेश मिश्रा, डॉ. कंचन मौर्य व माय भारत केंद्र के विशेष कार्याधिकारी कार्याधिकारी लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी के साथ सभी प्रतिभागी युवाओं को ट्रैकसूट, टी-शर्ट, कैप व स्पोर्ट्स शू का वितरण किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. त्रिलोकीनाथ विश्वकर्मा ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों की जानकारी प्रदान करते हुए स्वास्थ्य एवं घरेलू उपचार के सम्बन्ध में बताया। समापन समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी पल्लवी सिंह, सोनम वर्मा, प्रिंसी वर्मा, जिला प्रशिक्षक विनय श्रीवास्तव, एनजीओ अध्यक्ष योगेश तिवारी, समाजसेवी नरेंद्र यादव व अनवार खान सहित अन्य सम्बन्धिम लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में अवैध निर्माण पर दौड़ी जेसीबी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच। नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दुविधापुर स्थित गाटा संख्या 136 रकबा 0.008हे. जो कि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम दर्ज है तथा ग्राम इमामनगर गोधरहवा में गाटा संख्या 115 रकबा 0.004हे. जो कि राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढे के नाम दर्ज है पर सीताराम पुत्र बदल व छीटन पुत्र रामखेलावन परगना व तहसील नानपारा ने लंबे समय से उपरोक्त सरकारी भूमियो पर पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था। सरकारी भूमि पर अनाधिकृत रूप से किये अवैध कब्ज़े को उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, संबंधित राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल ने जे.सी.बी के माध्यम से पक्के बने निर्माण को नियमों के अंतर्गत ध्वस्त करवा दिया। सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण पर जेसीबी से धवस्तीकरण होने पर अवैध कब्जेदारों में बेचौनी बढ़ गई है।

तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी

### सरकारी भूमि हुए अवैध कब्ज़े तहसील प्रशासन नानपारा के रडार पर

संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम नानपारा द्वारा लगातार सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने पर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणकारियो में भय का माहौल है वही यह भी स्पष्ट हो गया है कि अब प्रशासन अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए सभी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# शेषमणि पांडे बने खरगूपुर के नए थानाध्यक्ष

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस विभाग में फ़ेरबदल करते हुए निरीक्षक शेषमणि पांडेय को खरगूपुर थाने का नया था नाध्यक्ष नियुक्त किया है।यह नियुक्ति पूर्व थाना ध्यक्ष संजय कुमार सिंह को लापरवाही के आ रोप में लाइन हाजिर किए जाने के बाद की गई है।एसपी जायसवाल ने शेषमणि पांडेय को स ख्त निर्देश दिए हैं कि खरगूपुर थाने में आने वा ले सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीर ता से सुना जाए और उनका तत्काल निस्तारण किया जाए।उन्हें किसी भी प्रकार की लापरवा ही या भ्रष्टाचार न होने देने की चेतावनी भी दी गई है।योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।दरअसल, बीते दिनों एक सड़क दुर्घटना के मामले में मुकदमा दर्ज न करने के कारण खरगूपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर उनके खिला फ विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। सात दिसंबर को हुए इस हादसे में पति की मौत के बाद पीड़ित पत्नी लगातार थाने के चक्कर लगा रही थी।लेकिन उसकी शिकायत पर कोई कार्र वाई नहीं हो रही थी पीड़िता ने तीन दिन पहले पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से संपर्क किया।जिसके बाद एसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संजय कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया था।एसपी जायसवाल ने नए थानाध्य क्ष को यह भी निर्देश दिया है कि फरियादियों को बार-बार थाने या जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता न पड़े और उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो।

# पूरनपुर पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह किया पर्दाफाश

### दो शातिर चोर गिरफ्तार एक बाइक बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कोतवाली पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 मोटरसाइकिल बरामद की हैं थाना प्रभारी पवन पाण्डेय ने बताया कि उनकी टीम को शनिवार शाम गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी की संदिग्ध किस्म के दो युवक स्प्लेंडर प्लस बाइक पर सवार होकर माधोटांडा रोड की ओर जा रहा है बाइक चोरी की होने की संभावना है पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानकर तुरंत जय अम्बे राइस मिल से 400 की दूरी पर शातिर बाइक चोरो को टीम ने गिरफ्तार कर लिया टीम ने पूछताछ की उसने अपनी पहचान आशू पांडे पुत्र सुरेंद्र पांडे निवासी मोहम्मदपुर अरुण पांडे पुत्र सुरेंद्र पांडे मोहम्मदपुर भयपुर के रूप में बताई बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने बाइक 26 दिसम्बर 2025 को मोहल्ला चौक से चोरी करना स्वीकारा प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने बताया गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने बाइक चोरी की कई अन्य वारदातों को अंजाम देना स्वीकारा बाइक चोरी की उक्त वारदातों के बारे जिले के कई थानो मे मुकदमा दर्ज है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया वह ऐशो आराम की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो उसने उक्त बाइक चोरी की पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर रविवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया है।

# चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में नगर पालिका पीलीभीत विकास कार्यों की लिख रही नई इबारत

### उपलब्धि वर्ष 2025 में चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में शहर को मिली नई पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद पीलीभीत में वर्ष 2025 के दौरान चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापक, योजनाबद्ध और जनहितकारी विकास कार्य कराए गए। सड़क, नाली, पथ प्रकाश, पेयजल, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं जनसुविधाओं से जुड़े दर्जनों कार्यों को धरातल पर उतारते हुए नगर पालिका ने शहरवासियों को बड़ी राहत प्रदान की है।नगर के लगभग सभी वार्डों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण, जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण, जलभराव से निजात के लिए आरसीसी नालियों का निर्माण, पार्कों का सौंदर्यीकरण तथा सार्वजनिक स्थलों का विकास कराया गया। इन कार्यों से यातायात व्यवस्था सुगम होने के साथ-साथ नागरिकों के जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।

**सड़क व नाली निर्माण पर विशेष जोर**

वर्ष 2025 में शहर के अनेक वार्डों में सीसी मार्ग एवं नालियों का निर्माण कराया गया। वर्षों से चली आ रही जलभराव, कीचड़ एवं आवागमन की समस्या से स्थानीय नागरिकों को राहत मिली है।

**जल निकासी व्यवस्था हुई मजबूत**

बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आरसीसी एवं कवर नालियों का निर्माण कराया गया। मुख्य मार्गों के साथ-साथ आवासीय क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराए गए, जिससे जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ हुई है।

**पथ प्रकाश व्यवस्था से बढ़ी शहर की चमक**

नगर में पथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए लगभग 2500 प्वाइंट पर स्ट्रीट लाइटें लगवाई गईं, जबकि 145 प्रमुख स्थानों पर हाईमास्ट लाइट पोल स्थापित किए गए। इससे रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत हुई है।

**पेयजल आपूर्ति में ऐतिहासिक सुधार**

हर घर जल योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ किया गया। शहर में तीन नए नलकूप स्थापित किए गए तथा गलियों में पाइप लाइन लीकेज की समस्या का समाधान कराया गया।

मोहल्ला पूरनमल, जहां पिछले 20 वर्षों से घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था, वहां भी नियमित जलापूर्ति शुरू कराई गई। योजना के तहत नगर में कई किलोमीटर नई पाइप लाइन बिछाई गई है, जिसे बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा शहर के प्रमुख स्थानों पर आरओ प्लांट एवं वाटर कूलर लगाए गए हैं तथा राहगीरों की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर हैंडपंप भी स्थापित किए गए हैं।

**सौंदर्यीकरण एवं जनसुविधाओं का विस्तार**

डॉ. आस्था अग्रवाल के कार्यकाल में पार्कों का सौंदर्यीकरण, ओपन जिम, ओपन स्पेस पार्क, तालाबों का विकास, सेल्फी प्वाइंट एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। इन प्रयासों से स्वच्छ भारत मिशन को भी मजबूती मिली है।

**योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन**

नगर विकास योजना, राज्य सेक्टर योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सीवरेज एवं जल निकासी योजनाओं के अंतर्गत कराए गए कार्य यह दर्शाते हैं कि नगर पालिका परिषद ने योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखकर उन्हें प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा है।इसके अतिरिक्त मेस्टर्न लाइब्रेरी स्थित ऐतिहासिक भवन में नगर पालिका के गेस्ट हाउस का निर्माण, उसके समीप डिजिटल लाइब्रेरी एवं संग्रहालय की स्थापना तथा वाटर वर्क्स कंपाउंड में 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बारात घर का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**स्वच्छता व्यवस्था में नवाचार**

शहर में सुबह नागरिकों को साफ-सुथरी सड़कें उपलब्ध कराने के लिए नाइट स्वीपिंग व्यवस्था लागू की गई है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन योजना भी संचालित की जा रही है।

**कर्मचारी हित का रखा गया ध्यान**

पालिका के कर्मचारियों का काफी भुगतान बकाया था। काफी हद तक उन्हें भुगतान दिलाया गया। डॉ आस्था अग्रवाल द्वारा पिछले दो वर्षों में कर्मचारियों का लगभग 7 करोड रुपए से अधिक का बकाया भुगतान किया गया। कर्मचारियों का हौसला बढ़ा रहे इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पालिका कार्यालय पर कर्मचारी सम्मान समारोह आयोजित करके उन्हें अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया।

नगर का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले समय में भी नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे : चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ।

## रिटायर्ड लेखपाल के घर से जेवरात के साथ नकदी चोरी

अमेठी । थाना संग्रामपुर क्षेत्र के गांव महसों मजरे अंतीपुर में बेखौफ चोरों ने एक रिटायर्ड लेखपाल के घर को निशाना बनाते हुये सवा लाख रुपये की नकदी के साथ ही लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिया है।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव महसो मजरे अंतीपुर निवासी रिटायर्ड लेखपाल शम्भू नाथ शुक्ला के घर को निशाना बनाते हुये बेखौफ चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बेखौफ चोरों ने घर में रखा करीब सवा लाख रुपया नकद सहित करीब लाखों रुपये मूल्य के सोने चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर फरार हो गये। रविवार की सुबह घटना की जानकारी होते ही पीड़ित परिवार में खलबली मच गई और चोरी की वारदात से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। घटना की सूचना मिलते ही थाना संग्रामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है।चोरी की इस बड़ी वारदात से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गम्भीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

# भाजपाइयों ने मनाया जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के कार्यालय पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर प्रफुल्ल मिश्रा पूरनपुर से बाहर होने के कारण कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे राजनीति के क्षेत्र में जिले भर में प्रफुल्ल मिश्रा का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है उनकी सभी वर्गों एवं समाज के लोगों के बीच अच्छी पकड़ मानी जाती है। वे निरंतर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहते हैं, जिसके कारण वे जनता के बीच लोकप्रिय हैं विशेष रूप से युवाओं में उनकी अच्छी पहचान और लोकप्रियता है जन्मदिन के अवसर पर उनके सहयोगियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर केक काटा और उनके दीर्घायु व उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर प्रमुख रूप से गौरव गुप्ता,विवेक तिवारी, अरविंद सिंह, हर्षित अग्निहोत्री, बली उल्ला खां, श्रेय सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

### भूमाफियों का चकरोड नाली पर कब्जा ग्रामीणों को हो रही आवाजाही में परेशानी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढका ज0 पूरनपुर में चक रोड और नाली पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है आरोप है कि भूमाफियों ने गाटा संख्या 105 मि व 103 मि प्लोटियो ने सरकारी नाले व चक रोड पर कब्जा कर लिया है, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आराजी काश्त की सिंचाई हेतु नहर विभाग द्वारा एक पक्का नाला बनाया गया था जिससे ग्रामीण अपनी फसलों की सिंचाई करते चले आ रहे अब भू–माफियाओं के द्वारा नियमों व मानकों की अनदेखी करते हुए अपने खेतों में प्लाटिंग कराई जा रही है भू–माफियाओं ने नहर विभाग के सरकारी नाले को नष्ट कर चकरोड की जगह पर अपनी बुनियादें बना दी है जिस कारण मौके पर रास्ता भी काफी सकरा हो गया है जिस कारण फसलों की सिंचाई प्रभावित होने के साथ ही कृषि उपकरण आदि खेतों में ले जाने में बेहद परेशानी हो रही है भू–माफियाओं द्वारा मौके पर निर्माण कार्य जारी है यदि उक्त लोगों द्वारा निर्माण पूरा कर लिया गया तो लोगों को अपने खेतों की देख–रेख एवं सिंचाई करने में बेहद परेशानी होगी चक रोड पर बाउंड्री वॉल खड़ी करके अतिक्रमण किया है।

### शीतलहर के चलते 29,30 दिसम्बर को जिलाधिकारी ने दिये स्कूल बंद के आदेश

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में अत्यधिक कोहरा एवं शीतलहर के चलते बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने कक्षा एक से आठ तक के बच्चों का दो दिन का अवकाश घोषित कर दिया है। इस संबंध में डीएम की अनुमति के बाद बीएसए रोशनी सिंह ने एक से आठ तक के परिषदीय एवं सहायता प्राप्त, सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों का 29,30 दिसंबर का अवकाश घोषित का आदेश जारी कर दिया है। बीएसए रोशनी सिंह ने बताया कि आदेश का सभी स्कूलों में पालन किया जाये आदेश का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### हादसों को रोकने के उद्देश्य से बेसहारा पशुओं के सींगों पर लगाए रिफ्लेक्टर टेप

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सर्दी बढ़ने के साथ ही धुंध भी बढ़ती जा रही है धुंध के दौरान दृश्यता कम होने पर सड़कों पर मौजूद बेसहारा पशुओं से वाहनों के टकराने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं इन घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से प्रयास शुरू कर दिए हैं क्षेत्र में घूमने वाले करीब 300 बेसहारा पशुओं के सींगों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए जिससे दूर से ही इनकी पहचान हो सके और हादसों को रोका जा सके 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा इस दौरान बेसिक, माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों सहित समस्त विभागों में सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगेयह जानकारी जिला सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी माध्यमिक इंतजार खान ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों एवं आमजन को व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। विद्यालयों महाविद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला, पोस्टर प्रतियोगिता के साथ–साथ रोड सेफ्टी क्लब के छात्र–छात्राओं द्वारा रैली एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### सिटी सेंटर में स्थित नोबेल हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया नोटिस

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉक्टर दंपत्ति की लापरवाही से प्रसूता के मौत के मामले में चिकित्साधिकारी मनीष राज शर्मा ने नोटिस जारी कर एक दिन के अन्दर जवाब तलब किया है।दोनो पक्षों को चिकित्साधिकारी ने अपने कार्यालय मे उपस्थित होने को कहा प्रसूता की मौत निजी अस्पताल में ले जाकर लापरवाही से अधिक रक्तस्राव के दौरान हो गई थी।

### खनन माफिया का नंबर प्लेटों का खेल, सरकारी अमला फ़ेल! डीएम के आदेशो के बाद भी जस के तस हालात

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिट्टी खनन करने वाले इस कदर बेखौफ हो गए हैं। कि क्षेत्र में अवैध खनन कर बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर ट्राली और डंपरों से मिट्टी का खुलेआम परिवहन किया जा रहा है।बेरोकटोक व्यस्त सड़कों से गुजर रहे ट्रैक्टर ट्राली और डंपर जन–जीवन पर खतरा बने हुए हैं। इस बाबत पीटीओ से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका पीलीभीत जिला अधिकारी के आदेशो की धज्जियां उड़ाते हुए मिट्टी के अवैध खनन ने जोर पकड़ रखा ऐसा लगता है।पूरा सिस्टम उनकी जेब मे है हौसले बुलन्द क्या उखाड़ लेगा प्रशासन खनन करने के बाद बिना नंबर प्लेट लगे ट्रैक्टर ट्राली डंपरों से मिट्टी का परिवहन कर रहे हैं। ऐसे में कोई हादसा हुआ तो को पहचानना बेहद मुश्किल होगा हैरानी की बात यह है। कि ये ट्रैक्टर ट्राली डंपर दिन में बिना रोकटोक के गुजर रहे हैं। न तो पुलिस–प्रशासनिक अधिकारियों की इन पर नजर है और न ही अवैध खनन करने वालों में खौफ दिखाई दे रहा है।

### पाकरगांव में इक्यावन सुंदर काण्ड पाठ पूर्ण होने पर निकाली जायेगी कलश यात्रा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र तिलोई के पाकरगांव पंचायत भवन के पास स्थित प्राचीनतम मंदिर पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें कलश यात्रा और श्रीराम चरित मानस पाठ के साथ ही हवन पूजन एवं विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है। क्षेत्र के पाकरगांव निवासी समाज सेवी राम करन पासी ने बताया कि ग्राम पंचायत में एक सौ आठ में इक्यावन सुंदर काण्ड पाठ पूर्ण होने पर आगामी चार जनवरी को इक्यावन कलश के साथ पूरे विश्राम से धर्मे धाम होते हुये करमदही सगरा सैम्बसी में जल भरा जायेगा और आगामी पांच जनवरी को श्रीराम चरित मानस पाठ आरम्भ होगा और ग्यारह बजे से श्री गणेश जी,श्रीराम लक्ष्मण, शंकर भगवान, माता पार्वती, हनुमान जी की वानर सेना की शोभा यात्रा निकाली जायेगी जो कि ग्राम पंचायत के गांव पूरे विश्राम से पूरे महादेव, पाकरगांव, पूरे दिखतन, गड़ेहरा, बलभद्रगंज, पूरे औसान, पूरे पंडित,पूरे निहाल सिंह, पूरे नौहडियन, पूरे लंगड़ा, मटेरवा, डहरुवा के साथ ही सटवा तक शोभा यात्रा निकाली जायेगी। समाज सेवी राम करन पासी ने बताया कि आगामी छह जनवरी को इक्यावन हवन कुण्ड पर प्रख्यात विद्वानों द्वारा हवन पूजन कराया जायेगा जिसमें आम जनमानस द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया जायेगा और विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां युद्व स्तर पर जारी है और आम जन मानस से इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।

# मजबूत परिवार ही सशक्त समाज और राष्ट्र की नींव होता है : सुरेश कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत रामपुर पंवारा स्थित प्राचीनतम बाबा दतेहरेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें आम जनमानस को एकजुटता का पाठ पढ़ाया गया और उत्साहित लोगों द्वारा भारत माता की जय एवं जय श्री राम के नारे लगाये गये।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदभाव विभाग प्रमुख सुरेश कुमार ने कहा कि मजबूत परिवार ही सशक्त समाज और राष्ट्र की नींव होता है।उन्होंने भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये समाज को संगठित रहने का आहवाहन किया।उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हिंदू समाज जाति, वर्ग और क्षेत्र से ऊपर उठकर एकजुट हो और सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया गया।यह सम्मेलन क्षेत्र में सनातन चेतना, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ।कार्यक्रम को मोक्षेश्वरी मंदिर के महंत स्वामी सुरेशानंद जी महाराज, श्याम लाल, नंद किशोर विक्रम, स्नेहा भारती ने सम्बोधित किया।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह, आलोक त्रिपाठी, तेज नारायण मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी, आशीष मिश्रा,हेमेंद्र प्रताप सिंह, अवनेंद्र सिंह,सुशील सिंह, राजेश पाण्डेय, सतीश गौतम, सुरेश सिंह, विकास सिंह, मुकुल श्रीवास्तव,शिव वरदान सिंह, राम जी शुक्ला, अनिरुद्ध सिंह के साथ ही हजारों की संख्या में सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# जयसिंहपुर मिलन समारोह में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### कड़ाके की ठंड में भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, रोजगार पर दिया गया जोर

कूरेभार/सुलतानपुर। जयसिंहपुर क्षेत्र में आयोजित मिलन समारोह में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का आगाज भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण के उपरांत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदीप मिश्र सरकार ने क्षेत्र के विकास और रोजगार को लेकर महत्वपूर्ण बातें रखीं। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर क्षेत्र की चिन्हित भूमि कारेवन में जल्द ही फैक्ट्रियां स्थापित की जाएंगी, जिससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्थानीय युवाओं को अब रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा ल्लमैं कोई बाहर से आया हुआ नेता नहीं हूं, बल्कि आप सबका बेटा हूं। आप सब मेरे परिवार हैं। अब प्रतिनिधि आपको खोजेंगे, आपको किसी के पीछे भटकने की जरूरत नहीं होगी।ङ्क उनके इस बयान पर मौजूद लोगों ने तालियों के साथ समर्थन जताया। मिलन समारोह में विकास, रोजगार और क्षेत्र की तरक्की को लेकर सकारात्मक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों से जयसिंहपुर क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी और बेरोजगारी की समस्या से राहत मिलेगी। इस अवसर पर प्रदीप मिश्रा सरकार की टीम में शामिल भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जिसमें संपूर्णानंद पांडे, अनिल मिश्रा पत्रकार, धनंजय दिनेश सिंह, अनिल गुप्ता, कूरेभार राजेंद्र वर्मा नेता कूरेभार पंडित जी देश को सहरी जिला पंचायत प्रत्याशी कुलदीप सिंह केडी शुक्ला के अतिरिक्त भारी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# नर में नारायण का वास होता है : माया शंकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। रमाशंकर एवं कलावती देवी उपाध्याय की स्मृति में कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। करौदीकला ब्लॉक के भटौता तुलसी पट्टी ग्राम में पंडित रमाशंकर एवं कलावती देवी की स्मृति में उनके पुत्र माया शंकर, दौहित्र चंदन दीक्षित, जय कृष्ण और प्रधान भानु प्रताप सिंह द्वारा 700 कंबल का वितरण भटौता तुलसी पट्टी, सराय चतुर्भुजपुर, कटघर पूरे चौहान, मूसेपुर और बांगर खुर्द के लोगों में किया गया। माया शंकर दीक्षित ने कहा कि नर में नारायण का वास होता है नर की सेवा करना ही नारायण की सेवा करने के समान है। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चंदन दीक्षित ने ग्राम सभा के विकास पर चर्चा करते हुए भानु प्रताप के कार्यों की सराहना की और युवाओं को आगे आकर समाज सेवा करने का आह्वान किया। अंत में कहा कि यह कंबल वितरण का कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष चलता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए इंजीनियर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पं रमाशंकर हमारे ग्राम सभा के सबसे अधिक शिक्षित व्यक्ति थे। उच्च पद पर रहकर सेवा किए। आज पूरा समाज उनके उच्च विचारों से प्रेरणा ग्रहण कर रहा है। ग्राम सभा का सर्वांगीण विकास करना हमारे जीवन का मूल लक्ष्य है। अंत में कार्यक्रम में आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में किसलय दीक्षित, राजकुमार, विजय सिंह, बालमुकुंद मिश्रा, सत्येंद्र मिश्रा, राम अचल निषाद, शिव शंकर, राधे कृष्णा, संतलाल, वशिष्ठ नारायण उपाध्याय

# दहाड़े मौनी महाराज...मरेंगे मिटेंगे नहीं राष्ट्रद्रोहियों को मारेंगे और मिटाएंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर सुल्तानपुर शहर के दरियापुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में रविवार को हिन्दू धर्म ध्वजा संवाहक फायरब्रांड वक्त सगरा पीठाधीश्वर अभय चैतन्य बाल ब्रह्मचारी फलाहारी मौनी महाराज की दहाड़ सुनाई दी। राष्ट्रविरोधी तत्वों को उन्होंने खूब ललकारा। सम्पूर्ण सनातन समाज का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि अब देश धर्म और समाज के लिये 'मर मिटेंगे'। यह कहना छोड़ दो। अब सदैव यह बोलो राष्ट्रद्रोहियों को मारेंगे और मिटा देंगे। हिंदी हिन्दू हिंदुस्थान के लिए समर्पित अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हिंदुओं की अपने संस्कार और व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना होगा। हर एक व्यक्ति राष्ट्र के प्रति समर्पित हो, सबमें राष्ट्रभक्ति की भावना हो तभी देश उन्नति कर सकता है।उन्होंने उपस्थित लोगों को राष्ट्र की सेवा का संकल्प दिलाया। कहा कि सभी को एकजुट रहना होगा, तभी हम सफल हो सकेंगे। बतौर मुख्य अतिथि पधारे ओजस्वी साधु की क्षेत्रवासियों ने खूब अगवानी की। इंडियन बैंक के बगल स्थित मैरिज लॉन में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांतीय उपाध्यक्ष विक्रम बृजेंद्र सिंह की अध्यक्षता व पालक की भूमिका निभा रहे पालिकाध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल की देखरेख में ये सम्मेलन आयोजित था। मुख्य वक्ता संघ के सह जिला कार्यवाह शक्ति प्रकाश ने हिन्दू संस्कृति और सभ्यता के संरक्षण पर सारगर्भित भाषण दिया। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि अब हिंदुत्व पुनरुत्थान होकर रहेगा। संपूर्ण हिंदू समाज जागृत हो गया है। कार्यक्रम में सभासद अफजल अंसारी की हिन्दू सम्मेलन की सफलता के लिये किये गए प्रयासों की सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में राजकुमार सोनी सभासदगण योगेश मिश्र, अफजल अंसारी व विजय सेक्रेटरी, अभिषेक सिंह चौहान, रामनारायण गुप्त, सुधा सिंह आदि ने सक्रिय योगदान किया। भाजपा नेता संतोष मिश्र, डॉ डीएस मिश्रा, गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह, विश्व हिंदू महासंघ के डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, गोमती मित्र मंडल के रमेश माहेश्वरी, सौरभ सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## सम्पादकीय

# न्याय–अन्याय के बीच

उन्नाव दुराचार मामले में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दिए जाने के खिलाफ शुक्रवार को पीड़िता की मां समेत कई लोगों ने दिल्ली हाईकोर्ट के सामने प्रदर्शन किया। वे दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उन्नाव रेप केस के दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दे दी थी। जिसके बाद फैसले को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। पीड़िता की मां इस जमानत को रद्द करने और शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की बात कहती रही हैं। वे अपने पति के हत्यारों को फांसी देने की गुहार लगाती नजर आईं। विपक्षी नेता भी आरोप लगाते रहे हैं जिस तरह तकनीकी आधार पर दोषी को छूट दी गई है, उसमें न्यायिक प्रणाली के लिये गलत परंपरा विकसित होगी। जिससे पीड़िता के परिवार का ही नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का भरोसा भी टूटेगा। दरअसल, वर्ष 2017 में हुए इस बहुचर्चित मामले में पूर्व विधायक को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी गई थी। जिसे हाईकोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ पिछले दिनों जमानत दे दी। जिसके खिलाफ पीड़ित पक्ष और कतिपय महिला संगठन मुखर हुए हैं। बल्कि इस मामले की सर्वाइवर का कहना था कि यदि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर होगा तो सुरक्षा के लिये मुझे जेल भेज दिया जाए। उल्लेखनीय है कि सजा मिलने के छह साल बाद हाईकोर्ट की एक बैंच ने उसकी सजा निलंबित कर दी थी। पूर्व विधायक को 15 लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के तीन जमानतदार पेश करने का निर्देश दिया था। सजा निलंबित होने के कुछ ही घंटों के बाद पीड़िता व कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोषी को जमानत दी गई है। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर रहेगा तो उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस मामले में विपक्षी राजनीतिक दलों की भी तल्ख प्रतिक्रियाएं आई हैं। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता ने इस जमानत को निराशाजनक बताया। उल्लेखनीय है कि इस अपराध के सामने आने में दस माह लगे थे। मामले के तूल पकड़ने पर पीड़िता के पिता पर हमला हुआ था। उन्हें बाद में जेल भेज दिया गया था और पुलिस हिरासत में रहस्यमय ढंग से उनकी मृत्यु हो गई थी। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि जमानत की अवधि में सेंगर सर्वाइवर के पांच किमी के दायरे में नहीं आएंगे और दिल्ली में ही रहेंगे। उसे हर सोमवार पुलिस के समक्ष रिपोर्ट करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही यह भी कि किसी भी शर्त के उल्लंघन में जमानत रद्द कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सेंगर ने ट्रायल कोर्ट में दुराचार के लिये दोषी ठहराने वाले फैसले को चुनौती दी थी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था, उसके खिलाफ बलात्कार, अपहरण और आपराधिक धमकी के आरोप लगे। साथ ही पोक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज हुआ था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इससे जुड़े चार मामलों की सुनवाई दिल्ली स्थानांतरित कर दी थी। इस बीच रायबरेली जाते समय पीड़िता की कार को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी, जिसमें उनकी दो मौसियों की मौत हो गई थी। यही वजह है कि ट्रायल कोर्ट ने दुराचार के मामले में सेंगर को दोषी ठहराते हुए न केवल आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी बल्कि निर्देश दिया था कि सीबीआई सर्वाइवर और उसके परिवार के जीवन व स्वतंत्रता की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। इतना ही नहीं ट्रायल कोर्ट ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सेंगर के सार्वजनिक सेवक होने के बावजूद अपराध करने को अनैतिक बताया था। जो जनता का विश्वास तोड़ने वाला है। वहीं कानून के जानकार मानते हैं कि पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में भी सेंगर को दस साल की सजा हुई थी, अतरू अभी उसके जेल से बाहर आने की संभावना नहीं है। लेकिन इस जमानत के फैसले ने न्याय व अन्याय के सवाल को फिर से सवालों के घेरे में खड़ा किया है।

# उत्सव आमार जाति, आनंद आमार गोत्र

सीमा लघुता है और असीम विराट। हमारा होना एक सीमा में है लेकिन विराट हो जाने की संभावनाएं खुली हुई हैं। शरीर हमारी पहली सीमा है, इसके बाद परिवार दूसरी सीमा। इसका आनंद निजी सीमा के अतिक्रमण में है। इसके बाद समाज है। समाज की सीमा के अतिक्रमण के बाद राष्ट्र की सीमा है। इनके पार ब्रह्माण्ड। तब संकीर्णता विस्तीर्ण होकर अनन्त हो जाती है। जाति वर्ण संकीर्णताएं हैं। मैं अपना संकीर्ण परिचय देता हूँ-मैं जाति वर्ण से ब्राह्मण हूं। संकीर्णता तोड़ें तो मैं मनुष्य जाति का हूं। अब मैं विश्व मानवता का हिस्सा हो गया। इसे और बढ़ाएं तो मैं प्रकृति का हिस्सा हूं। अन्ततः मैं ब्रह्म या सम्पूर्णता का विनम्र हिस्सा हूं। संप्रति ब्राह्मण जाति हैं। पहले वे समूहवाची वर्ण-वर्ग थे। वे जन्मना नहीं थे। ब्राह्मण पिता के पुत्र भी ब्राह्मण नहीं थे फिर ब्राह्मण होने लगे। ब्राह्मण शब्द पीछे सौ वर्ष से विवाद का विषय है। वेदों के बाद लिखे गए उपासना और विनियोग सम्बंधी साहित्य को ही सबसे पहले ब्राह्मण कहा गया। यह उत्तर वैदिक काल की बात है। इसी समय ब्रह्म शब्द सृष्टि सम्पूर्णता का पर्यायवाची बना। ऋग्वैदिक काल में ब्रह्म या ब्रह्मन का अर्थ स्तोत्र का जानकार द्रष्टा था। अथर्ववेद में आत्मदर्शन के साधक को ब्रह्मचारी बताया गया है। अथर्वेद के समय तक ब्राह्मण होना एक श्रमसाध्य उपलब्धि था। छान्दोग्य उपनिषद् की कथा के अनुसार ब्राहमण उद्दालक ने अपने विद्वान पुत्र श्वेतकेतु को भी पहले ब्राह्मण नहीं माना, कठोर तप साधना के बाद ही वह ब्राह्मण हो पाया। ब्राह्मण होने के लिए प्रकृति के रस छन्द ऋत में ढलना होता था। अथर्ववेद के (11वें अध्याय सूक्त 7) में ब्राह्मण होने की रोचक विधि है-ब्रह्मचारी अर्थात ब्रह्म के अनुसार चलने वाला व्यक्ति द्युलोक और भूलोक को अनुकूल बनाता है। प्रकृति की दिव्य शक्तियाँ-देवगण अंतःकरण में स्थित हो जाती हैं। (मन्त्र 1) प्रबोधन आचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न होता है। बताते हैं, आचार्य उसे तीन रात तक अपने ज्ञानगर्भ में धारण करते हैं। जब वह बाहर आता है, तो दिव्यशक्तियाँ-(देवगण) उसका अभिनन्दन करती हैं। (मन्त्र 2) यहां 'तीन रात्रि' का उल्लेख ध्यान देने योग्य है। आखिरकार तीन दिन क्यों नहीं कहा गया? रात्रि अंधकार है, अंधकार अज्ञान है, दिवस प्रकाश हैं, प्रकाश ज्ञान है। साधक ब्रह्मचारी के लिए ज्ञान गर्भ का प्रतीक रात्रि है। दिव्यता की प्राप्ति के बाद देव शक्तियां स्वाभाविक ही अभिनंदन करती हैं। फिर कहते हैं, ब्राह्मण होने से पूर्व साधक-विद्यार्थी ब्राह्मी-अनुशासन का अभ्यास करता है। वह ऊर्जा प्राप्त करता है, ऊर्ध्वमुखी होता है फिर ब्राह्मण बनता है। ज्येष्ठ ब्रह्म के निकट हो जाता है। (वही मन्त्र 5) ऊर्जा प्राप्त करना और ऊर्ध्वमुखी होना आसान नहीं है। ब्राह्मण होने के लिए आंतरिक ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाना होता है। ऋषि बताते हैं आचार्य ज्ञानगर्भ में ब्रह्मचारी के लिए पृथ्वी और द्युलोक का सृजन करते हैं। (वही मंत्र 8) पृथ्वी और द्युलोक पहले से ही है। तब ज्ञान गर्भ में क्या नये पृथ्वी और द्युलोक की बात कही गयी है? ज्ञान गर्भ में ब्रह्मचारी का पृथ्वी अंश सामान्य पृथ्वी अंश से परिष्कृत होता है। चेतन अंश निर्मल होता है। अथर्व0 का ऋषि इसे ज्ञानगर्भ की घटना बता रहा है। आगे कहते हैं ब्रह्मचारी अपनी तपसाधना से उनकी (नये पृथ्वी व द्युलोक) रक्षा करता है। (वही) ब्रह्मचारी अपनी काया और चेतना का नया रूप विकसित करता है और इसी नये रूप की रक्षा करता है। फिर ब्राह्मण की सम्पत्ति बताते हैं, ब्राह्मण की सम्पदा निकटवत्त गुफा (गुहा-अनुभूति) में रहती है और द्यु लोक के आधार से परे होती है। (वही मन्त्र 10) ब्राह्मण हो गया व्यक्ति आंतरिक रूप में समृद्ध हो जाता है। भौतिक सम्पदा का आधार पृथ्वी है। इससे भी परे द्युलोक आधार है लेकिन इस मन्त्र में ब्राह्मण की सम्पदा द्युलोक से भी परे है। ब्रह्मचर्या में बड़ी शक्ति है। कहते हैं ब्रह्मचारी ही आचार्य बनता है। शासक भी इसी तप से राष्ट्र की रक्षा करते है-ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रं वि रक्षति। (वही मन्त्र 16-17) आंतरिक अनुभूति से मनुष्य ब्रह्मविद् हो जाता। ब्रह्मविद् ब्रह्म हो जाते हैं। उत्तरवैदिक काल के बाद धारणा बनी कि जन्म से सब सामान्य होते हैं।

संप्रति ब्राह्मण जाति हैं। पहले वे समूहवाची वर्ण–वर्ग थे। वे जन्मना नहीं थे। ब्राह्मण पिता के पुत्र भी ब्राह्मण नहीं थे फिर ब्राह्मण होने लगे। ब्राह्मण शब्द पीछे सौ वर्ष से विवाद का विषय है। वेदों के बाद लिखे गए उपासना और विनियोग सम्बंधी साहित्य को ही सबसे पहले ब्राह्मण कहा गया। यह उत्तर वैदिक काल की बात है। इसी समय ब्रह्म शब्द सृष्टि सम्पूर्णता का पर्यायवाची बना। ऋग्वैदिक काल में ब्रह्म या ब्रह्मन का अर्थ स्तोत्र का जानकार द्रष्टा था। अथर्ववेद में आत्मदर्शन के साधक को ब्रह्मचारी बताया गया है। अथर्ववेद के समय तक ब्राह्मण होना एक श्रमसाध्य उपलब्धि था। छान्दोग्य उपनिषद् की कथा के अनुसार ब्राहमण उद्दालक ने अपने विद्वान पुत्र श्वेतकेतु को भी पहले ब्राह्मण नहीं माना, कठोर तप साधना के बाद ही वह ब्राह्मण हो पाया। ब्राह्मण होने के लिए प्रकृति के रस छन्द ऋत में ढलना होता था। अथर्ववेद के (11वें अध्याय सूक्त 7) में ब्राह्मण होने की रोचक विधि है–ब्रह्मचारी अर्थात ब्रह्म के अनुसार चलने वाला व्यक्ति द्युलोक और भूलोक को अनुकूल बनाता है। प्रकृति की दिव्य शक्तियाँ–देवगण अंतःकरण में स्थित हो जाती हैं। (मन्त्र 1) प्रबोधन आचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न होता है। बताते हैं, आचार्य उसे तीन रात तक अपने ज्ञानगर्भ में धारण करते हैं। जब वह बाहर आता है, तो दिव्यशक्तियाँ–(देवगण) उसका अभिनन्दन करती हैं। (मन्त्र 2) यहां 'तीन रात्रि' का उल्लेख ध्यान देने योग्य है। आखिरकार तीन दिन क्यों नहीं कहा गया? रात्रि अंधकार है, अंधकार अज्ञान है, दिवस प्रकाश हैं, प्रकाश ज्ञान है। साधक ब्रह्मचारी के लिए ज्ञान गर्भ का प्रतीक रात्रि है। दिव्यता की प्राप्ति के बाद देव शक्तियां स्वाभाविक ही अभिनंदन करती हैं। फिर कहते हैं, ब्राह्मण होने से पूर्व साधक–विद्यार्थी ब्राह्मी–अनुशासन का अभ्यास करता है। वह ऊर्जा प्राप्त करता है, ऊर्ध्वमुखी होता है फिर ब्राह्मण बनता है। ज्येष्ठ ब्रह्म के निकट हो जाता है। (वही मन्त्र 5) ऊर्जा प्राप्त करना और ऊर्ध्वमुखी होना आसान नहीं है। ब्राह्मण होने के लिए आंतरिक ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाना होता है। ऋषि बताते हैं आचार्य ज्ञानगर्भ में ब्रह्मचारी के लिए पृथ्वी और द्युलोक का सृजन करते हैं। (वही मंत्र 8) पृथ्वी और द्युलोक पहले से ही है। तब ज्ञान गर्भ में क्या नये पृथ्वी और द्युलोक की बात कही गयी है?

संस्कार से ब्राह्मण बनते हैं लेकिन अथर्ववेद के अनुसार जन्म से कोई भी प्राणी गैर ब्राह्मण नहीं होता। जन्म से सम्पूर्ण प्राणिजगत ब्रह्मचारी ही होता है। कहते हैं वनस्पतियां भूत भविष्य, संतव्सर सभी प्राणी, वन्य जीव, पशु, पक्षी जन्मजात ब्रह्मचारी होते हैं। (वही मन्त्र 20, 21) ब्राह्मण होते हैं। अथर्ववेद की दृष्टि में कीट पतिंग, पशु पक्षी और सभी मनुष्य ब्रह्मचारी हैं। ब्राह्मण होने की संभावना सबमें है। यह बात स्मृतिकाल से बिल्कुल अलग है। स्मृतियों के अनुसार जन्म से सभी शूद्र है, ज्ञानार्जन/संस्कार से ब्राह्मण हो जाते हैं। अथर्ववेद का मत सही है कि जन्म से सभी ब्रह्मचारी हैं, कर्म क्षेत्र में जाकर श्रम विभाजन के फलस्वरूप वर्ण, वर्ग बनते हैं। फिर अपनी प्राण ऊर्जा को ऊर्ध्वमुखी बनाते हैं। आत्मबोध को प्राप्त होते हैं और ब्राह्मण बनते हैं। कुछेक विद्वान विराट पुरूष के मुख से ब्राह्मण की उत्पत्ति बताते हैं। वे ऋग्वेद के पुरूष सूक्त का उल्लेख करते हैं। ऋग्वेद के पहले भी एक विकासमान संस्कृति थी। पूर्वकालीन संस्कृति में वर्ण विभाजन होते, तो ऋग्वेद में उनका उल्लेख होता। ऋग्वेद में जन्मना जाति या वर्ण नहीं है। ब्राह्मण का अर्थ स्तुति, या स्तोत्र ही आया है। ऋग्वेद का 'पुरूष' सम्पूर्णता का पर्याय है। पुरूष सूक्त (10वाँ मण्डल) में ब्राह्मण राजन्य, वैश्य, शूद्र के उल्लेख हैं लेकिन वर्णो के नहीं। इस सूक्त में भी 'ब्राह्मण' का अर्थ स्तोत्र/स्तोता ही है। ऋग्वेद का पुरूष सूक्त दार्शनिक है। ऋषि कहते हैं पुरूष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भत्यं-यह पुरूष ही सब कुछ है, जो हो गया, जो होगा सब पुरूष है। (ऋ0 10.90.2) बात पूरी हो गयी। ऋषि आगे कहते हैं, पुरूष का विभाजन होने लगा। प्राणियों की उत्पत्ति हुई। (वहीः 5) आगे इसी पुरूष को यज्ञ प्रतीक देते हैं। कहते हैं, देवताओं ने उस विराट पुरूष को हिव बनाया। वसन्तु ऋतु को घी बनाया, ग्रीष्म ऋतु को ईधन (लकड़ी) और शरद् को हिवष्य। इससे नभचर, थलचर आदि प्राणी उत्पन्न हुए। ऋक और यजुर्वेद की ऋचाएं आई। आदि। मंत्र 11 ज्यादा ध्यान देने योग्य हैं यत्पुरूषं व्यदधु कतिधा व्यकल्पयन-ज्ञानी जन इस पुरूष की कितने प्रकार से कल्पना करते हैं? कि उसका मुख क्या है? बाहु और पाद क्या है? पुरूष विराट है तो कल्पनाएं भी तमाम होंगी। ब्राह्मण राजन्य वैश्य शूद्र वाला मंत्र (12) इसी कल्पना का विस्तार है। यहां पुरूष का मुख ब्राह्मण है। सबका मुख ब्राह्मण ही होता है। मुख से ही वाणी निकलती है। सभी परवत वर्णो का मुख ब्राह्मण ही है। फिर बताते हैं, बाहू राजन्य हैं। पुरूष, एक विराट 'पुर' (नगर) है। पुर की रक्षा का काम बाहु-हाथ करते हैं। जन्मना ब्राह्मण के हाथ भी राजन्य हैं। पुरूष का पेट वैश्य है। वैश्य संग्रही वृत्ति का प्रतीक है। सभी वर्णो का पेट वैश्य है, संग्रही है। पैर आधार हैं। शूद्र भी आधार हैं। आधार पर ही संग्रह, सुरक्षा और शीर्ष का ढांचा खड़ा होता है। ऋग्वेद में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र का अर्थ वर्ण नहीं है। इस सूक्त के उदय तक संभव है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्गो का विकास हो रहा हो लेकिन वैदिक समाज में वर्ण जाति नहीं है। भारत के सुदूर अतीत में एक वर्णहीन, जातिविहीन आनंदपूर्ण समाज था। वैसा ही समाज बनाना राष्ट्र की अपरिहार्यता है। जाति-वर्ग से अलग हँसता, नाचता, गीत गाता, उत्सव मनाता समाज। रविन्द्रनाथ टैगोर ने गाया था, उत्सव आमार गोत्र, आनंद आमार जाति। **–हृदयनारायण दीक्षित**

# दिमाग के लिए पढ़ना भी वैसा ही है, जैसा शरीर के लिए व्यायाम

**एन. रघुरामन**

जब भगवान कुछ खाते ही नहीं हैं तो हम नेवैद्यम के तौर पर उनके सामने खाने की चीजें क्यों रखते हैं?' अपने स्कूली दिनों में यह सवाल मैंने अपनी मां से पूछा था। उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। नेवैद्यम में से एक चीज मुझे खिलाने के बाद उन्होंने मेरी स्कूल बुक ली और मुझसे एक पेज पढ़ने को कहा, जहां महज दो लाइनें थीं। उन्होंने कहा, 'मैं चाहती हूं कि तुम इसे रटकर हमेशा के लिए दिमाग में बसा लो। मैंने पांच मिनट से भी कम समय में यह कर लिया और लौटकर एक-एक शब्द सुना दिया। फिर उन्होंने पूछा, 'तो क्या तुम्हारे दिमाग में इस पेज का हर शब्द आ गया है?' मैंने गर्व से कहा, 'हां।' उन्होंने अपना सिर हिलाया और बोलीं कि 'अच्छा, अब किताब लाओ, जरा मैं देखूं।' मैंने तुरंत किताब दे दी। उन्होंने पेज देखकर कहा कि 'नामुमकिन। इस किताब से तुम्हारे दिमाग में एक अक्षर तक नहीं गया। देखो, सारे अक्षर तो यहीं हैं। अगर ये तुम्हारे दिमाग में होते, तो पेज खाली होना चाहिए था।' फिर उन्होंने मुझे नेवैद्यम का असल अर्थ और उसकी भावना समझाई। मैंने पूछा कि यह बात उन्हें किसने बताई तो उन्होंने कांचीपुरम मठ के श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती स्वामीगल का नाम लिया और उनकी किताबें मुझे पढ़कर सुनाईं। यहीं से पढ़ने में मेरी रुचि धीरे-धीरे बढ़ती गई। मेरी मां मुझे ढेरों किताबें पढ़कर सुनाती थीं और मानती थीं कि बच्चे के जीवन में पढ़ने का कोई विकल्प नहीं है। बेस्ट सेलिंग फंतासी बुक सीरीज हैरी पॉटर की प्रख्यात ब्रिटिश लेखिका जेके रोलिंग ही ऐसी नहीं, जो सोते वक्त बच्चों को कहानियां सुनाने को महत्वपूर्ण मानती हैं- मेरी मां भी इसमें भरोसा रखती थीं। मेरे पिता अखबार पढ़वाकर मेरा उच्चारण जांचते थे। कॉलेज के दिनों में जब मैं शॉर्टहैंड सीख रहा था, वे संपादकीय पन्नों से डिक्टेशन दिया करते थे। इससे मैंने न सिर्फ भाषा सीखी, बल्कि मुझे नेताओं की राय और विचारों का भी पता चला। इस हफ्ते मुझे ये बातें तब याद आईं, जब उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी माध्यमिक स्कूलों में छात्रों के लिए अखबार पढ़ना अनिवार्य कर दिया। ताकि उनमें पढ़ने की आदत डाली जा सके, स्क्रीन टाइम कम किया जा सके और उनमें तार्किक सोच विकसित की जा सके। प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा की ओर से 23 दिसंबर को जारी आदेश में कहा गया है कि अंग्रेजी और हिंदी, दोनों ही अखबारों को स्कूलों की रोजमर्रा की अध्ययन संस्कृति का हिस्सा बनाया जाए। यह नया आदेश नवंबर में जारी उस आदेश की कड़ी में था, जिसमें छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने के तरीकों पर बात की गई थी। 23 दिसंबर के आदेश में अत्यधिक स्क्रीन टाइम को हतोत्साहित करते हुए छात्रों को 'फिजिकल' अखबार पढ़ने की सलाह दी गई, ताकि उनमें एकाग्रता बढ़ सके। आदेश में कहा गया है कि 'रोजाना मॉर्निंग असेंबली में 10 मिनट की न्यूज रीडिंग की जानी चाहिए। इसमें छात्र बारी-बारी से संपादकीय लेखों के मुख्य बिंदु, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय व खेल जगत की सकारात्मक खबरें पढ़कर सुनाएंगे।'

आदेश में यह भी है कि आमतौर पर छात्र अपने पसंदीदा विषयों तक ही सीमित रहते हैं, जबकि अखबार से उन्हें विज्ञान, संस्कृति और खेल के उन मसलों की जानकारी भी मिलती है, जिनके बारे में वे सामान्यतरू नहीं पढ़ते। यह 'एक्सीडेंटल लर्निंग' उनका नॉलेज बेस बढ़ाती है। आपका पैशन, प्रोजेक्ट या पेशा कुछ भी हो, पढ़ने की आदत आपको लक्ष्य पाने में मदद करती है। पढ़ना हमें नए नजरिए समझाता है, सहानुभूति सिखाता है और दिमाग में नए विचार पैदा करता है। बिल गेट्स जैसे सभी सफल लोगों से पूछिए, वे भी सफलता का श्रेय पढ़ने को, खासकर अखबार पढ़ने की आदत को देते हैं।

## सेहत मंत्र

# चिकन, मीट और अण्डे से भी काफी ज्यादा शक्तिशाली है मूंगफली, तेजी से बढ़ता है वजन


अगर किसी व्यक्ति को अपनी बॉडी बनानी हो या फिर वेट गेन यानि कि वजन बढ़ाना हो तो सबसे पहले मीट, किचन और अण्डा खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन आपको बता दें कि सर्दियो में मिलने वाली मूंगफली इतनी शक्तिशाली और पोषक तत्वों से भरपूर होती है कि इसे सेहत का खजाना कहा जाता है। मूंगफली में मीट, किचन और अण्डे की तुलना में काफी ज्यादा प्रोटीन, विटामिन्स और अन्य ऐसे तत्व होते हैं जिनकी हमारे शरीर को जरूरत होती है। वजन बढ़ाने, शरीर की कमजोरी को दूर करने और चेहरे पर निखार लाने के लिए भी मूंगफली के सेवन की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं हम किस आधार पर मूंगफली को इतना पावरफुल बता रहे हैं। मूंगफली में मांस की तुलना में 2.3 गुना और अण्डे की तुलना 2.5 गुना और फलों की तुलना में 7 गुना अधिक प्रोटीन होता है। 100 ग्राम कच्ची मूंगफली खाना, एक लीटर दूध पीने के बराबर होता है। मूंगफली खाने से पाचन शक्ति बढ़ती है और हमारी पाचन क्रिया दुरस्त भी होती है। 250 ग्राम भुनी हुई मूंगफली खाने से हमारे शरीर को जितने खनिज और विटामिन्स मिलते हैं उतने 250 ग्राम चिकन खाने से भी नहीं मिलते हैं। मूंगफली में न्यट्रीशन्स, मिनिरल्स, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। मूंगफली हमारे खराब कोलेस्ट्राल को अच्छे कोलेस्ट्राल में बदलती है। मूंगफली में जितना प्रोटीन और एनर्जी होती है उतनी अण्डे में भी नहीं होती है। मूंगफली में पाया जाने वाला प्रोटीन दूध से मिलता है और चिकनाई घी से मिलती है। अकेली मूंगफली दूध, घी और बादाम की कमी को पूरा कर देती है। इसे गरीब का बादाम कहा जाता है। मूंगफली खाने से शरीर गर्म रहता है और फ़ेफड़ों को बल मिलता है। खाने के बाद इसका सेवन करने से पाचन तंत्र अच्छा होता है और मोटापा कमजोर इंसान हेल्दी होता है। श्वास के मरीजों के लिए भी मूंगफली खाना फायदेमंद होता है। मूंगफली गर्म होती है इसलिए जिन लोगों को गर्म चीज खाने से परेशानी होती है वो इसका कम सेवन करें।

## धर्म मंत्र

# सर्वोच्च कौमारी तीर्थ कामाख्या मंदिर में छिपा है अनोखा रहस्य

ऐसी मान्यता है कि नवरात्रि में देवी की पूजा करने से मनचाहा फल मिलता है। इस अवधि में भक्त नौ दिन तक व्रत रखते हैं और मां की पूजा करने मंदिरों में जाते हैं। नवरात्रि में शक्ति पीठ के दर्शन करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। देवी के कुल 51 शक्तिपीठ बताये गए हैं जिनकी अलग-अलग महिमा है। इसमें से सबसे खास है देवी कामाख्या का शक्तिपीठ जो असम के गुवाहाटी में सथित है। यह मंदिर एक पहाड़ी पर बना है। बताते हैं यह स्थान देवी के अन्य शक्तिपीठों से अलग है, क्योंकि यहां साधना के लिए तांत्रिकों का भी हुजूम उमड़ता है। कामाख्या मंदिर असम की राजधानी दिसपुर के पास गुवाहाटी से 8 किलोमीटर दूर कामाख्या से दस किलोमीटर आगे नीलाचल पर्वत पर स्थित है। मान्यता है कि प्राचीन तीर्थ कामाख्या तंत्र सिद्धि का सर्वोच्च स्थल है। यहां भगवती की महामुद्रा जिसे योनि-कुण्ड कहते हैं स्थित है। जानें अम्बूवाची पर्व के बारे मेंः जिस प्रकार उत्तर भारत में कुंभ महापर्व का महत्व होता है, उससे भी बढ़ कर आद्यशक्ति के अम्बूवाची पर्व का महत्व होता है। पौराणिक किवदंतियों के अनुसार अम्बूवाची पर्व के दौरान मां भगवती रजस्वला होती हैं और उनकी गर्भ गृह स्थित महामुद्रा योनि-तीर्थ से निरंतर तीन दिनों तक जल-प्रवाह के स्थान से रक्त प्रवाहित होता है। यह एक रहस्यमयी विलक्षण तथ्य है। कामाख्या तंत्र के एक श्लोक में इसा विवरण इस तरह दिया गया है योनि मात्र शरीराय कुंजवासिनि कामदा। रजोस्वला महातेजा कामाक्षी ध्येताम सदा? अम्बूवाची योग पर्व के दौरान मां भगवती के गर्भगृह के कपाट स्वत ही बंद हो जाते हैं और उनका दर्शन भी निषेध हो जाता है।

## पर्यटन



# काफी पुराना मगर बेहद खूबसूरत शहर प्लोवदीव

यूरोप के सबसे पुराने शहरों में से एक प्लोवदीव सोवियत इतिहास की छाया से निकल कर 2019 में यूरोप की सांस्कृतिक राजधानी के रुप में दुनिया भर का ध्यान खींचने के लिए तैयार हैं। बालाबानोव हाउस- पहली नजर में प्लोवदीव शहर यूरोप के अन्य पूर्व सोवियत शहरों में अलग नहीं दिखता-विशाल अपार्टमेंट ब्लॉक्स, चौड़े परेड मार्ग, विशाल मूर्तियां यहां भी हर ओर नजर आती है। लेकिन दक्षिण बुल्गेरियाई शहर यूरोप के सबसे पुराने शहरों में से एक है। जमीन में दवा ऐतिहासिक स्टेडियम- इस इलाके का वास्तव में बड़ा ऐतिहासिक महत्व है। पैदल चलने के लिए बने लंबे मार्ग के आस-पास विशेष दुकानें हैं परंतु इस इलाके की जमीन के नीचे दूसरी शताब्दी का 180 मीटर लंबा रोमन स्टेडियम छुपा है। यहां स्थित उस प्राचीन स्टेडियम के अवशेषों को भी देख सकें। जहां से उम्मान काल की जुमाया मस्जिद की मीनार शुरू होती है उससे ठीक उल्टी तरफ टूरिस्ट भूमिगत स्टेडियम में बैठने के लिए बनी सीढ़ियो तक जा सकते हैं। दिलचस्प स्ट्रीट आर्ट- शहर का एक अन्य आकर्षण यहां का पुराना ऐतिहासिक केंद्र है जिसे स्थानी लोग स्लीपिंग ब्यूटी(सोई हुई सुंदरता) भी पुकारते हैं। यह स्थान किसी संग्रहालय जैसा प्रतीत होता है। राजसी बंगले- सुंदर होटलों के करीब से घूमते हुए आप व्यापारिक परिवारों के खूबसूरती से रंगे राजसी बंगलों तक पहुंच जाएंगे। इसमें सबसे मशहूर है बालाबानोव हाउस। मैदान को घेरे मोटी दीवारों के अंदर फव्वारों तथा सुंदर बागों से घिरा आवास है। रोमन थिएटर- बालाबानोव हाउस से थोड़ी दूरी पर रोमन थिएटर है जो यहां की अन्य सुंदर इमारतों से किसी मायने में कम नहीं है। यह थिएटर ओपेरा व संगीत समारोहों के लिए एकदम परफ़ेक्ट है।

# एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने बाँधा समां

हम किसी से क्यों डरें, जब बात शौर्य की करें, श्री अटल श्री अटल ''

शब्दों में अटल, सेवा में संकल्प हैदरगढ़ में दिखा आलोक तिवारी मे जनसेवा का विराट रूप

रिकॉर्डतोड़ भीड़, ओजस्वी कविताएँ और सेवा का संगम हैदरगढ़ में अटल पर्व







कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी। भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती एवं जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर नगर पंचायत हैदरगढ़ में ऐसा ऐतिहासिक और भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जिसने वर्षों पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी के कुशल नेतृत्व और शानदार आयोजन में भव्य कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा।

ठंड से जूझ रहे हजारों पात्र नागरिकों को राहत पहुंचाने हेतु मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री बैजनाथ रावत एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा कंबलों का वितरण किया गया। मानवीय संवेदना, सेवा और समर्पण से ओत-प्रोत यह दृश्य जनमानस के हृदय को छू गया।

कार्यक्रम की आत्मा बने उपजिलाधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा, जिन्होंने जब मंच से हम किसी से क्यों डरें, जब बात शौर्य की करें श्री अटल, अटल का ओजस्वी पाठ किया, तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं अटल जी की वाणी और विचार जीवंत होकर मंच पर उतर आए हों। उनकी कविता ने श्रोताओं के हृदय में राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और अटल जी के विराट व्यक्तित्व को पुनः जागृत कर दिया।

कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवियों ने अटल जी को शब्दों की सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की–

जगजीवन मिश्रा (सीतापुर) ने कहा–
थे माँ भारती के दुलारे अटल जी,
कभी भी न हिम्मत हारे अटल जी।
बदल दी दशा राजनीतिक दिशाएँ,
हैं कवि कुल के गौरव हमारे अटल जी।
दुष्यंत शुक्ला 'सिंहनादी' की ओजपूर्ण पंक्तियाँ–
कविता उनके नाम लिखूँ जो बारूदों पर लेटे हैं,
भुजदंडों में भारत का स्वर्णिम सम्मान समेटे हैं
ने युवाओं में जोश भर दिया।
नीरज पाण्डेय ने कहा–
कविता हो, पत्रकारिता हो या हो राजनीति,
करते रहे कमाल अपने अटल जी।
जानदार, शानदार व रहे ईमानदार,
वाकपटु, बेमिसाल अपने अटल जी।
शिव किशोर तिवारी 'खंजन' की प्रस्तुति–
ल्लन कभी कोई आपस में दंगा रहे,
प्रेम की बहती हर दिल में गंगा रहे
ने सौहार्द और एकता का संदेश दिया।
रामेश्वर द्विवेदी 'प्रलयंकर' की पंक्तियाँ–
ल्लजिनकी शुचि वाणी में था गंगा का प्रवाह,
वपु से शिव का तांडव नर्तन दिखलाता है
ने अटल जी के विराट व्यक्तित्व को सजीव कर दिया।

इस ऐतिहासिक आयोजन में निरीक्षण भवन परिसर खचाखच भरा रहा। नगरवासियों की अभूतपूर्व उपस्थिति ने यह सिद्ध कर दिया कि अटल जी आज भी जन-जन के हृदय में जीवित हैं।

कार्यक्रम की व्यवस्था, अनुशासन, गरिमा और भव्यता ने नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी के संगठनात्मक कौशल को नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया। जनमानस ने एक स्वर में उनके आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से माता प्रसाद अवस्थी, व्यापार मंडल अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद शुक्ला, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम अचल मिश्रा, योगेश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, राजकुमार सोनी, राजकुमार सिंह, विशिष्ट पाण्डेय, सभासद स्कन्द तिवारी, विकास पाण्डेय, मो. इसहाक उमर हाशमी, राम गोपाल यादव, राजू अवस्थी, दिव्यांश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, ओमप्रकाश सिंह चौहान, कोतवाल अभिमन्यु मल, चौकी इंचार्ज कपिलदेव यादव, प्रमोद शुक्ला, मोनू शुक्ला, नवनीत मिश्रा उर्फ नीलू मिश्रा , आदर्श तिवारी दीपू अंकित मिश्रा तेजा उत्तम तिवारी , सोनू यज्ञसैनी , मुन्ना त्रिवेदी सौरभ सिंह , विष्णु शुक्ला , प्रियांशू तिवारी , अंकुर मिश्रा पुष्कर शुक्ला , मनोज यादव राजेंद्र यादव , विनोद पाण्डेय , सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अटल जी के विचारों, राष्ट्रभक्ति और जनसेवा की जीवंत मिसाल बन गया।

# हनुमान महाराज के अभिरक्षण में 44 वां ऑपरेशन शिविर प्रारंभ, भगवान दास जी ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। रेठ नदी का तट और स्वामी रामज्ञान दास जी महाराज की कर्मस्थली हडियाकोल जंगल स्थिति वन कुटीर में 44 वां सेवा के महाकुम्भ का शुभारम्भ श्रीराम वन कुटीर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष भगवानदास जी महाराज ने मन्दिर के कक्ष में विराजमान हनुमान जी, स्वामी विवेकानन्द जी, स्वामी रामदास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर आपरेशन शिविर का शुभारंभ किया। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि महाराज जी ने आपरेशन थियेटर, वार्ड में जाकर पूजन किया तथा विभिन्न जिलों से आये ऑपरेशन इच्छुक मरीजों का हाल-चाल जाना और सभी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि देश में चिकित्सा जगत का यह पहला आयोजन है जिसमें 17 दिनों में लगभग 4000 सफल सर्जरी होती है। इस आयोजन में सेवाभावी डॉक्टर एवं मरीजों के बीच में किसी प्रकार का धन का लेन-देन नहीं है। दूसरे राज्यों से अपने प्रदेश में आकर अपने व्यस्त समय से समय निकालकर सेवाभावी डॉक्टर प्रदेश में विभिन्न जिलों से आये हुए मरीजों को रोगमुक्त कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाते हैं। प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ शिविर के निदेशक डॉ.जे.के झापरवाल उदयपुर ने बताया कि हम लोगों के जीवन का जनरेटर इस आश्रम में लगा हुआ है। जनवरी माह में हम लोग अपने को इस आश्रम में चार्ज करने के लिए आते हैं। रोगहरण श्रीहनुमान जी को अपना आधार बनाकर हम लोग आपरेशन करते हैं। आज तक कोई भी आपरेशन असफल नहीं हुआ। ये शिविर पेट्रोमेक्स की रोशनी, लकड़ी का आपरेशन टेबल, पैरे के बिस्तर से होता हुआ कब ये अत्याधुनिक अस्पताल में परिवर्तित हुआ हम लोग जान ही नहीं पाये। आज ये अस्पताल 300 बेड का उच्चस्तरीय अस्पताल बन गया है। ये केवल हनुमान जी की कृपा से ही सम्भव है। यहाँ का मेनेजमेन्ट स्वंय हनुमान जी महाराज सम्भालते हैं। इसीलिए ये कार्यक्रम इतना सफल रहता है। सेवादार ने बताया कि मरीजों की सेवा करने के लिए विभिन्न राज्यों से सेवादार सपरिवार आने लगे हैं।

# कुंवर सर्वनाम दंगल, हनुमानगढ़ी पहलवान विजयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। धमेड़ी स्टेट के राजमहल परिसर में कुंवर सरनाम सिंह की स्मृति में आयोजित दंगल के दूसरे दिन का रोमांच चरम पर रहा।देश विदेश के पहलवानों ने कुश्तियां लड़कर दर्शकों को रोमांचित किया।समाजसेवी गौरीकांत दीक्षित ने दंगल में पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।हिमाचल के बादल पंजाब के विक्की हरियाणा के शमशेर कर्नाटक के जल्लाद व नेपाल के लकी थापा ने शानदार प्रदर्शन किया।दंगल का मुख्य आकर्षण रु 11हजार की इनामी फाइनल कुश्ती रही जिसमें हनुमानगढ़ी के बाबा लाडी ने पंजाब के जग्गा को पराजित कर खिताब जीता।राजा राजेंद्र सिंह ने विजेता को ट्रॉफी प्रदान की।साथ ही समापन पर अन्य पहलवानों व पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

# अंजू बाला, राजेश का रामनगर में भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। एससीएसटी आयोग भारत सरकार लोकसभा मिश्रिख की लोकप्रिय पूर्व सांसद अंजू बाला जी एवं पूर्व जनप्रिय विधायक राजेश वर्मा के रामनगर बाराबंकी आगमन पर क्षेत्र के रानी बाजार चौराहा पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। रानीबाजार चौराहे पर अपने युवा साथियों के साथ पुष्प मालाएं व अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष महादेवा अमित सिंह भाजपा नेता जनार्दन चतुर्वेदी जेडी जी भाजपा बूथ अध्यक्ष बब्बी राजपूत, बीजेपी के संघर्षशील नेता प्रवीण यदुवंशी, ओमकार यादव, अमन गुप्ता, राहुल यादव व अनिल वर्मा श्री अरविंद वर्मा जी वन दरोगा सचिन पटेल तथा अरविंद कुमार अपने कई दर्जन साथियों व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 265 ग्रामीण लाभान्वित

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा बड़ागांव स्थित कोठी में वरिष्ठ रोटेरियन रहे नूर उर रहमान किदवई एव मेहनाज किदवई की याद में फैसल किदवई , हिना किदवई ने रोटरी क्लब एव इनरव्हीलक्लब के तत्वावधान में आयोजित फ्री हेल्थ शिविर में आए वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा 265 ग्रामीणों की नि:शुल्क जांच एवं परामर्श प्ररदान कर दवाएं प्रदान की। रोटरी क्लब के पीडीजी रो. के .के श्रीवास्तव ने फ्री हेल्थ कैम्प का शुभारंभ करते हुए कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य है कि लोगो की सेवा की जाय। ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर में पहुंच कर सभी प्रकार की बीमारियों की जाँच कराकर उपचार करा सकते हैं। उन्होंने इसी प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अन्य क्षेत्रों में भी कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। के के श्रीवास्तव ने कहा कि नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर जरूरमंद मरीजों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना बहुत बड़ी मानव औ९३ राष्ट्रसेवा हैं। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एव मीडिया प्रभारी गिरीश अरोरा के संचालन में आयोजित फ्री हेल्थ कैम्प में जनरल सर्जन डॉ0 सुधीर कुमार वर्मा, अध्यक्ष रो. डॉ. राजेश मोहन, सचिव डॉ. विमल बैसवार के निर्देशन में इस शिविर मे 265 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कोषाध्यक्ष रो. संजय निगम, सहित डॉ प्रवीण, डॉ एन के गुप्ता, महबूब किदवई, अरविन्द वर्मा, जागेश अग्रवाल, संगीता गुप्ता, डॉ विकास टंडन, डॉ वीरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ पी के वर्मा, जय कुमार जैन, मनोज जैन, मनोज टंडन, डॉ जीशान, डॉ राहुल कुमार, संजय निगम, सरदार रविंदर सिंह, अंजलि जैन, कल्पना जैन, सुमना किदवई, स्वाति रस्तोगी, स्वाति शर्मा तथा अनेक सदस्यों को 22ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## ठंड भी नहीं रोक सकती हमारे कदम, गोमती मित्रों ने कहा समर्पित हैं हम

सुल्तानपुर। बीते एक सप्ताह से ठंड अपने चरम पर है और प्रदेश के शीर्ष सबसे पांच ठंडे जिलों में सुल्तानपुर शामिल है, जनजीवन अस्त व्यस्त है, लेकिन गोमती मित्रों का साप्ताहिक श्रमदान अपने समय और गति से,समर्पण के भाव से, स्वच्छता की मुहिम चलती रहे इस संकल्प के साथ आयोजित हुआ और प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ श्रमदान 3 घंटे की अथक मेहनत के साथ 9:00 बजे समाप्त हुआ। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने उपस्थित गोमती मित्रों को आंग्ल वर्ष 2025 के अंतिम रविवार को पूरे वर्ष समर्पण के भाव के साथ प्रदान किए गए सहयोग के लिए आभार प्रेषित किया। श्रमदान में विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, राजेश पाठक, मुन्ना सोनी, अजय प्रताप सिंह, सेनजीत कसौधन दाऊ जी, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, राकेश सिंह दद्दू, राकेश मिश्रा, अजीत शर्मा, रामु सोनी, श्याम मौर्या, ओम प्रकाश पांडे, अरुण गुप्ता, अभय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# दबंगों का रिश्तेदार लेखपाल ने नष्ट करा दी फसल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**दलित पर चढ़ाया ट्रैक्टर, गंभीर**

रामनगर बाराबंकी। लेखपाल की मौजूदगी में दबंगों ने अनुसूचित जाति की महिला किसान की खड़ी फसल ट्रैक्टर से जुतवा दी। विरोध करने पर दबंगों ने महिला के पति पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या का प्रयास किया। घायल दलित अस्पताल में भर्ती है। घटना है तहसील क्षेत्र के ग्राम रामपुर खरगी की। यहां दबंगई और जातीय उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि

कुसुम पत्नी मन्नूलाल, निवासी ग्राम रामपुर खरगी (थाना व तहसील रामनगर) अनुसूचित जाति से है। पीड़िता के अनुसार गांव की लगभग 40 बीघा ज़मीन पर वर्षों से कई परिवार खेती कर जीवनयापन करते आ रहे है। इसी भूमि के एक हिस्से में गांव के ही चंद्रपाल यादव ने तालाब खुदवा रखा है, जबकि शेष भूमि पर पीड़िता समेत अन्य ग्रामीणों की पुश्तैनी खेती चली आ रही है।पीड़िता ने बताया कि उनकी करीब 5 बीघा ज़मीन पर गेहूं और सरसों की फसल खड़ी थी। 25 दिसम्बर 2025 को दोपहर लगभग 2 बजे चंद्रपाल यादव, उनका पुत्र नरेंद्र यादव, सुरेश वर्मा मास्टर जगत नारायण वर्मा और संदीप वर्मा दो ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उनके साथ हल्का लेखपाल राजेन्द्र यादव और कानूनगो भी थें।

पीड़िता का कहना है कि लेखपाल और कानूनगो ने नाप-जोख के बाद दबंगों से कहा कि खड़ी फसल को तुरंत जोतकर नष्ट कर दिया जाए। पीड़िता के पति मन्नू लाल और ग्रामीणों ने फसल कटने के बाद नाप कराने की बात कही, लेकिन लेखपाल ने कथित तौर पर कहा कि चंद्रपाल यादव उनका करीबी रिश्तेदार है और आज फसल जुतवा कर ही दम लेंगे। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने मन्नू लाल पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजन उसे पहले रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से उसकी गंभीर हालत देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस घटना के कुछ ही देर बाद दोबारा ट्रैक्टर लेकर आए उक्त लोगों ने अन्य ग्रामीणों की फसल पूरी तरह जोत कर नष्ट कर दी। जिससे करीब 3 लाख का नुकसान हुआ। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पूरी घटना का वीडियो मौजूद है। पीड़ितों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि घायल किसान का तत्काल मेडिकल परीक्षण कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए और परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाय।

## लायंस क्लब पारिजात द्वारा वृहद कंबल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

सुल्तानपुर। लायंस क्लब पारिजात सुल्तानपुर के तत्वावधान में नवीन मंडी स्थल पर जरूरतमंदों को शीत ऋतु से राहत प्रदान करने हेतु वृहद कंबल, टोपी एवं मोजा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को ठंड से सुरक्षा प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायंस क्लब के जोन चेयरपर्सन राकेश पालीवाल तथा रीजन चेयरपर्सन डॉ.अनिल पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों अतिथियों ने लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रयास बताया। इस सेवा अभियान में संस्था की महिला सदस्यों की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। कार्यक्रम में संगीता जायसवाल, प्रीति जायसवाल, अलका गुप्ता, मीनाक्षी बरनवाल, स्वाति अग्रहरि सहित अन्य महिला सदस्यों ने समर्पण भाव से सहभागिता निभाई। इसके अतिरिक्त अनुराग जायसवाल, शिशिर जायसवाल, श्याम कुमार गुप्ता, अमित बरनवाल, संजय जायसवाल, निखिल बरनवाल, विनय जायसवाल, रजनीश बरनवाल, ऋषि अग्रहरि सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संयोजन संजय जायसवाल द्वारा नवीन मंडी स्थल पर किया गया। लायंस क्लब पारिजात सुल्तानपुर द्वारा किया गया यह सेवा कार्य समाज में सहयोग, करुणा एवं सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## वाराणसी में कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस,जिलाध्यक्ष ने किया पार्टी का झंडारोहण

वाराणसी । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर रविवार को वाराणसी में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी के मैदागिन स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल ने झंडारोहण किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने देश की आज़ादी से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक 140 वर्षों के पार्टी के अनवरत संघर्ष, त्याग और जनसेवा के गौरवशाली इतिहास को बताया। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने देश की आज़ादी, संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए संगठन को और अधिक मज़बूत करने का संकल्प लिया। स्थापना दिवस के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी ने बूथ लेवल प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया।

# मोदी 2029 में भी बनेंगे प्रधानमंत्री, राहुल बाबा हार से न थकें : अमित शाह

## विपक्ष हमेशा उन्हीं बातों का विरोध करता है, जो जनता को पसंद है : केंद्रीय गृह मंत्री

एजेंसी

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, राहुल बाबा, हार से थकिए मत। वर्ष 2029 में भी नरेन्द्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमेशा उन्हीं बातों का विरोध करता है, जो जनता को पसंद आती हैं। जनता को जो अच्छा लगता है, आप उसका ही विरोध करते हो, तो फिर आपको वोट कहां से मिलेंगे?

केंद्रीय गृह मंत्री शाह रविवार को अहमदाबाद के पश्चिमी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक से बिना खड्डा खोदे तैयार की गई 27 किलोमीटर लंबी ड्रेनेज लाइन के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नई ड्रेनेज लाइन को इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए विकास कार्यों की सराहना की है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि आज का दिन आनंद देने वाला है। वणझर क्षेत्र में 1973 के बाद जिन लोगों ने सब कुछ खो दिया था, वे यहां आकर बसे। करीब 50 वर्षों से कई परिवार रह रहे थे, लेकिन किसी कारणवश प्लॉट की मालिकी अटकी हुई थी। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान कर फाइलों को अंतिम रूप दिया गया और आज से यह प्रक्रिया पूरी तरह कानूनी हो गई है, जिससे लोगों के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि अहमदाबाद के 9 वार्डों में रहने वाले करीब 15 लाख लोग और 4500 सोसायटियां वर्षों से गटर के पानी की निकासी की समस्या से जूझ रहे थे। क्षेत्र गांव से शहर में तब्दील हो चुका था, लेकिन बुनियादी



ढांचा नहीं था। करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से बड़े व्यास की पाइपलाइन बिछाकर यह समस्या दूर की गई। गटर के पानी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को भी समाप्त किया गया है।उन्होंने कहा कि 15 लाख की आबादी अपने आप में एक शहर के बराबर होती है और इस परियोजना से उस पूरे शहर की समस्या का समाधान हो गया है। कम समय में यह काम पूरा होगा, इसका उन्हें भी पहले विश्वास नहीं था, लेकिन यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में सवाल किया कि वे हर चुनाव क्यों हार जाते हैं। इस पर उन्होंने कहा,राहुल गांधी अगर ये दो कार्यक्रम समझ लें, तो उन्हें खुद समझ आ जाएगा कि वे चुनाव क्यों हारते हैं? उन्होंने कहा कि वर्षों पुरानी मांग बिना किसी आंदोलन के, संवेदनशीलता के साथ पूरी की गई। जनता मांग करे या न करे, जनता का काम करना भाजपा और नरेन्द्र मोदी की सरकार का दायित्व है। उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा, ङ्कहम राम मंदिर बनाते हैं, आप विरोध करते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक करते हैं, विरोध करते हैं। एयर स्ट्राइक, अवैध घुसपैठियों को बाहर करना, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, तीन तलाक, अनुच्छेद 370 हटाना, समान नागरिक संहिता–हर चीज का आप विरोध करते हैं। जनता को जो पसंद है, उसका विरोध करोगे तो वोट कहां से मिलेंगे?ङ्क उन्होंने कहा कि बंगाल और तमिलनाडु में भी भाजपा की जीत तय है और एक बार फिर मोदी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, ङ्कजिसे अपनी ही पार्टी समझा नहीं पाई, उसे हम कैसे समझा सकते हैं।ङ्क उन्होंने यह भी कहा कि 15 लाख लोगों की गटर व्यवस्था नहीं होने के बावजूद कभी कोई बड़ा आंदोलन नहीं हुआ, फिर भी सरकार ने समस्या का समाधान किया।

# कांग्रेस की विरासत विफलताओं और गलत फैसलों की : भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को लेकर भारतीय जानता पार्टी हमलावर है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस की विरासत देश के लिए उपलब्धियों की नहीं, बल्कि विफलताओं और गलत फैसलों की रही है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके), देश का विभाजन, वर्ष 1984 के दंगे, चीन को भूमि देना और आपातकाल कांग्रेस की विरासत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे एक रिमोट कंट्रोल अध्यक्ष की तरह काम कर रहे हैं और कथित रूप से गांधी परिवार की सेवा में लगे हुए हैं। कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है और पार्टी नेतृत्व इस सच्चाई से अवगत होने के बावजूद कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 1984 के दंगों को कांग्रेस नेताओं द्वारा सही ठहराने का प्रयास किया गया, जबकि उस दौरान अनेक निर्दोष लोगों की जान गई। आपातकाल देश के लोकतंत्र के लिए काला दिन था, जो कांग्रेस की सोच और कार्यशैली को दर्शाता है।

भाटिया ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में हुई थी और स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस के योगदान का उल्लेख करते हुए आज के नेतृत्व को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। कांग्रेस आज देश के लोकतंत्र की कमजोर कड़ी बन चुकी है। भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि कांग्रेस को विदेशी सोच से बाहर निकलकर देश की जड़ों से जुड़ना चाहिए। आज कांग्रेस के पास न तो ठोस विचारधारा बची है और न ही जनता का विश्वास, इसलिए उसकी नींव ही कमजोर हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस स्थापना दिवस पर खरगे ने कहा कि 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में कांग्रेस की स्थापना हुई थी। तब से 62 साल तक (1947 तक) करोड़ों कांग्रेसियों ने अंग्रेजों से संघर्ष किया, त्याग और बलिदान दिया।

# एकीकृत नियंत्रण कक्ष से जल्दी हो रहा हवाई यात्रियों की शिकायतों का समाधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडिगो संकट के समय नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा स्थापित एकीकृत यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष (पीएसीआर) के जरिये यात्रियों की शिकायतों का अब कम समय में समाधान हो रहा है।

दिल्ली के राजीव गांधी उड़ान भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में स्थापित इस पीएसीआर में मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और सभी विमान सेवा कंपनियों के प्रतिनिधि एक साथ बैठते हैं। सोशल मीडिया पर मंत्रालय को टैग करते हुए जब भी कोई शिकायत आती है तो मंत्रालय के प्रतिनिधि संबंधित एयरलाइंस से बात करते हैं और जल्द से जल्द समाधान का निर्देश देते हैं। इंडिगो संकट के समय नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा के निर्देश पर 10 दिसंबर को पीएसीआर की शुरुआत की गयी थी। मंत्रालय के पहले से चल रहे शिकायत निवारण तंत्र एयर सेवा पोर्टल को भी इसी में मिला दिया गया है। तब से अब तक यहां 13 हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया जा चुका है जिसमें 03 दिसंबर से 09 दिसंबर के बीच प्राप्त 3,200 से ज्यादा शिकायत भी शामिल हैं। मंत्रालय में उप-महानिदेशक प्रमोद कुमार ठाकुर ने बताया कि पीएसीआर अब स्थायी तंत्र बन गया है और यह आगे भी जारी रहेगा। यह हर दिन चौबीसों घंटे काम कर रहा है।

इंडिगो ने दिसंबर के पहले सप्ताह में चार हजार से अधिक उड़ानें रद्द की थीं। इस कारण लाखों यात्री अपने गंतव्यों तक नहीं पहुंच सकें और हजारों यात्री कई-कई घंटे तक विभिन्न हवाई अड्डों पर फंसे रहे। इस कारण, दिसंबर अचानक शिकायतों की संख्या में भी भारी इजाफा देखा गया। डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में जहां शिड्यूल विमान सेवा कंपनियों को यात्रियों से संबंधित 1,196 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, वहीं इस महीने 03 से 26 दिसंबर तक 13,468 शिकायतें प्राप्त हुईं और 13,061 का समाधान किया गया। इनमें 10,410 शिकायतें एयर सेवा पोर्टल के माध्यम से, 1,324 एयर सेवा ई-मेल के माध्यम से और 1,734 सोशल मीडिया के जरिये प्राप्त हुए हैं। पीएसीआर में मौजूद इंडिगो के ग्राहक अनुभव विभाग के निदेशक प्रतीक अर्जुन सेन ने बताया कि अब चीजें सामान्य हो गयी हैं। उन्होंने बताया कि अब उतनी शिकायतें नहीं आ रही हैं। यह पहला अनुभव है जहां मंत्रालय, डीजीसीए और सभी विमान सेवा कंपनियों के प्रतिनिधि एक साथ मिलकर यात्रियों की शिकायतें दूर करने के लिए काम कर रहे हैं।

# अवसंरचना विस्तार,यात्री सुविधा,माल ढुलाई–सुरक्षा के क्षेत्र में रेलवे ने 2025 में हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेलवे ने इस साल अवसंरचना विस्तार, यात्रियों की सुविधा, माल ढुलाई और सुरक्षा के क्षेत्र में काफी प्रगति की है, जिससे 2026 में तेज, सुरक्षित और अधिक आधुनिक रेल यात्रा की मजबूत नींव रखी गयी है।

रेलवे ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि इस साल रेलवे ने नवाचार, स्वदेशीकरण, ट्रैक नवीनीकरण और फिर से विकसित स्टेशनों पर हवाई अड्डे जैसी सुविधाएं प्रदान कर देश में रेल यात्रा को नया रूप देने का काम किया है। स्थानीय व्यंजन और स्वच्छता में सुधार यात्रियों के सफर को यादगार बना रही है। ट्रैकों का नवीनीकरण तेज, सुरक्षित और आरामदायक ट्रेन यात्रा सुनिश्चित करने का काम किया गया है। कवच, सुरक्षा क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धि (एआई) का उपयोग और सतर्क लोको पायलटों ने ट्रेन दुर्घटनाओं को काफी कमी की है। विज्ञप्ति के अनुसार पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जल्द ही चालू होने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो यात्रियों की आवाजाही को बढ़ाएंगी। रेलवे ने कहा है कि आम आदमी के लिए आरामदायक यात्रा की दिशा में कदम उठाते हुए रेलवे ने इस साल देश भर में 13 नयी अमृत भारत ट्रेनें शुरू की, जिससे इन कुल संख्या अब 30 हो गयी है।

रेलवे ने कहा है कि नियमित सेवाओं के अलावा रेलवे ने अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए इस साल 43,000 से अधिक विशेष ट्रेन सेवाएं संचालित कीं, जिनमें महाकुंभ के लिए 17,000 से अधिक ट्रेन सेवाएं शामिल हैं। उन्नत शौचालय, लिफ्ट/एस्केलेटर, फूड कोर्ट, आधुनिक प्रतीक्षालय जैसी सुविधाओं के साथ 155 पूरी तरह से आधुनिक स्टेशन रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान कर रहे हैं। वहीं 1182 अमृत भारत स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। रेलवे के मुताबिक सभी मौसम में क्षेत्रीय एकीकरण को मजबूत करते हुए कश्मीर और मिजोरम के लिए यात्री और मालगाड़ियों दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने का काम किया है। रेलवे ने कहा है कि नया पंबन पुल तीर्थयात्रा और पर्यटन को बढ़ाने, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने और आने वाले समय में भारत-श्रीलंका परिवहन लिंक के लिए द्वार खोलने का काम किया है। इस साल 25,000 करोड़ रुपये से अधिक की 42 परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की गयीं। वहीं 2029-30 तक 3,000 मीट्रिक टन वार्षिक लोडिंग लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मालवाहक बन गया है। रेलवे के अनुसार गति शक्ति कार्गो टर्मिनल और वैगनों का रिकॉर्ड उत्पादन माल ढुलाई विकास की कहानी को आगे बढ़ा रहा है। समर्पित माल गलियारे प्रतिदिन 400 से अधिक ट्रेनें चल रही हैं। स्वदेशी इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा दे रहे हैं, जो घरेलू और वैश्विक मांग के अनुरूप हैं। विज्ञप्ति के अनुसार रेलवे ने अप्रैल से नवंबर के बीच 900 किलो मीटर से अधिक नयी रेल लाइनें शुरू कीं और 6,880 किमी रेल का नवीनीकरण किया गया। प्रमुख मार्गों पर सेक्शनल गति बढ़कर 130 किमी प्रति घंटा पहुंच गयी है। वहीं ब्रॉड-गेज नेटवर्क का 99.2 प्रतिशत विद्युतीकरण हो गया।

# अमेरिकी शुल्क के बावजूद भारत का निर्यात स्थिर, 2026 में भी निरंतर वृद्धि की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। वर्ष 2025 में अमेरिका ने भारत के निर्यात पर लगभग 50 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया, लेकिन भारतीय निर्यातकों ने अपने बाजारों को विविध करके निर्यात वृद्धि को मजबूती से बनाए रखा और यह तेजी 2026 में भी जारी रहने की संभावना है।

व्यापार मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के शब्दों में, ङ्कव्यापार पानी की तरह है, यह अपना मार्ग खुद ढूंढ लेता है। इसी सिद्धांत के साथ भारतीय वस्तु निर्यात ने कोविड-19 महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, लाल समुद्र शिपिंग संकट, सेमीकंडक्टर आपूर्ति समस्या और अब अमेरिका के उच्च शुल्क जैसी चुनौतियों के बीच भी तेजी से प्रतिक्रिया दी है। भारत का निर्यात 2020 में लगभग 276.5 अरब डॉलर था, जो 2021 में बढ़कर 395.5 अरब डॉलर और 2022 में 453.3 अरब डॉलर हो गया था। 2023 में यह गिरकर 389.5 अरब डॉलर रहा, लेकिन फिर 2024 में यह 443 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वर्ष 2025 (जनवरी-नवंबर) तक इसका आंकड़ा लगभग 407 अरब डॉलर हो चुका है।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का माल और सेवा निर्यात ऐतिहासिक उच्च स्तर 825.25 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर 2025) में भी निर्यात 562 अरब डॉलर रहा, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के लचीलेपन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान रुझानों के आधार पर 2026 में भी भारत की निर्यात वृद्धि मजबूत रहने की संभावना है। खास तौर पर तीन मुक्त व्यापार समझौते (ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड) अगले साल लागू होने वाले हैं, जो भारतीय वस्तुओं और सेवाओं को बेहतर बाजार पहुंच देंगे। अमेरिका ने 2025 में भारतीय वस्तुओं पर उच्च शुल्क लागू किए। इसके कारण सितंबर और अक्टूबर में अमेरिका के लिए निर्यात प्रभावित हुआ, लेकिन नवंबर 2025 में अमेरिका के लिए निर्यात 22.61 प्रतिशत बढ़कर 6.98 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो निर्यातकों के अनुकूल संकेत है। हालांकि, निर्यातक अभी भी वैश्विक अनिश्चितताओं को लेकर सतर्क हैं। वे अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने की आशा कर रहे हैं ताकि निर्यात को और मजबूती मिले। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने चेताया है कि 2025 में वैश्विक व्यापार केवल 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है, जबकि 2026 के लिए यह अनुमान घट कर 0.5 प्रतिशत हो गया है, जो विकसित अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार तथा विनिर्माण गतिविधियों में कमी का संकेत देता है। सरकार ने निर्यातकों को सहायता देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रचार मिशन, योग्य निर्यातकों को 20,000 करोड़ रुपये तक बिना गिरवी क्रेडिट सुविधा, कर्ज भुगतान में लंबी अवधि, और नये व्यापार समझौतों (एफटीए) का उपयोग शामिल है, ताकि निर्यातियों को वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद मिले। निर्यात विशेषज्ञों के अनुसार, 2026 में भी भारत का निर्यात बढ़ेगा क्योंकि घरेलू वस्तुओं और सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, उत्पादों तथा बाजारों का विविधीकरण निर्यात को आगे बढ़ाएगा।

# कांग्रेस के खत्म होने का उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कंग्रेस का आधार जोड़ने वाली विचारधारा है और जो इसके खत्म होने का सपना देखते हैं उनकी मुराद कभी पूरी नहीं होगी और उन्हें समझ लेना चाहिए कि कंग्रेस की सोच जोड़ती है और भाजपा की तोड़ती है।

श्री खरगे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा ''आज स्थापना दिवस पर एक बात साफ कहना चाहता हूँ, जो कहते हैं 'कंग्रेस खत्म हो गई है' मैं उन्हें बताना चाहता हूँ, हमारे पास सत्ता कम हो सकती है, लेकिन हमारी रीढ़ अभी भी सीधी है। हमने समझौता नहीं किया, न संविधान से, न धर्मनिरपेक्षता से और न गरीब के हक से। हम सत्ता में न हों, लेकिन सौदेबाज़ी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कंग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं



माँगा और न कभी मंदिर मस्जिद से नफरत फैलाई।कंग्रेस जोड़ती है जबकि भाजपा तोड़ती है। काँग्रेस ने धर्म को आस्था ही रखा पर कुछ लोगों ने धर्म को राजनीति बना दिया। आज भजपा के पास सत्ता है लेकिन उनके पास सच्चाई नहीं है। कंग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा तोड़ने का काम करती है और इसीलिए कभी आंकड़े छुपाए जाते हैं, कभी जनगणना रोकी जाती है, कभी संविधान बदलने की बातें होती हैं और जो लोग आज इतिहास पर भाषण दे रहे हैं, उनके पूर्वज इतिहास से भाग रहे थे। कंग्रेस विचारधारा है और विचारधाराएँ कभी मरती नहीं हैं। श्री खरगे ने एक और पोस्ट में कहा कि 2025 महात्मा गाँधी के कंग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी था, संविधान को स्वीकार किए जाने का 75 वर्ष था, वंदे मातरम् की 150वीं जयंती है जबकि 2026 का वर्ष दादाभाई नौरोजी की 200वीं जयंती, सरोजिनी नायडू के कंग्रेस अध्यक्ष बनने का शताब्दी वर्ष, 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' गीत की भी शताब्दी है। यह गीत दिसंबर 1925 में कानपुर कंग्रेस अधिवेशन में पहली बार गाया गया था।

उन्होंने देश के लोकतंत्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि 1947 में भारत की आज़ादी के आसपास दुनिया के कई देश आज़ाद हुए। कुछ देश विफल रहे तो कहीं तानाशाही छा गयी। केवल भारत ऐसा है जहां लोकतंत्र जीवंत है।कंग्रेस के महान नेताओं के कारण भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना है।

## मोदी सरकार के सबसे बड़े विज्ञान सुधारों के लिये शांति विधेयक को याद किया जाएगा : जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार के सबसे बड़े विज्ञान सुधारों के लिये शांति विधेयक को इतिहास में याद किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने यह बात यहां एक साक्षात्कार के दौरान कही।श्री सिंह ने कहा कि संसदीय भाषण परंपरागत रूप से जन कल्याणकारी योजनाओं और शासन संबंधी उपायों पर केंद्रित रहा है, लेकिन राष्ट्र का दीर्घकालिक सामाजिक–आर्थिक स्वरूप विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सुधारों से अधिकाधिक निर्धारित होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीसरा कार्यकाल, मोदी 3.0 की विशेषता साहसिक, बुनियादी सुधार है जिसमें विज्ञान, नवाचार और उद्यमिता पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने ने कहा कि शांति विधेयक विज्ञान आधारित सुधारों को राष्ट्रीय परिवर्तन के केंद्र में रखकर परंपरा से एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। श्री सिंह ने कहा कि इस विधेयक को मोदी सरकार के सबसे महत्वपूर्ण विज्ञान सुधारों में से एक के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य के विकास, उद्योग और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर इसके निर्णायक प्रभाव के बावजूद भारत ने कभी भी वैज्ञानिक प्रगति को सुधार के दायरे में नहीं रखा है। श्री सिंह ने शांति विधेयक को मोदी 3.0 के व्यापक संदर्भ में रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की विशेषता साहसिक, बुनियादी सुधार है जिसमें विज्ञान, नवाचार और उद्यमिता पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जहां सुधार के पिछले चरण ऐतिहासिक राजनीतिक और रणनीतिक निर्णयों से जुड़े थे, वहीं मोदी 3.0 को उन क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए याद किया जाएगा जो भारत के तकनीकी और आर्थिक भविष्य को निर्धारित करते हैं। मंत्री ने कहा कि शांति विधेयक भारत के परमाणु क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार है जो सुरक्षा, संप्रभुता और जनहित के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण, स्वच्छ और सतत ऊर्ज़ा की इसकी अपार संभावनाओं को दर्शाता है।

# पेज एक का शेष

### रामराज्य किसी...

मंदिर आध्यात्मिक मूल्यों के सुदृढ़ीकरण और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### धर्मांतरण रैकेट को ...

सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया की प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होने पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं नेपाल से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से उत्पन्न हो रही आतंकवादी गतिविधियों के नए आयामों का गहन विश्लेषण करते हुए सीमा निगरानी (सर्विलांस) को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय अनुदानित धर्मान्तरण रैकेट' की रोकथाम के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वित्तीय ट्रेल, तकनीकी विश्लेषण एवं आधुनिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग को और मजबूत करने के निर्देश दिए। योगी ने प्रदेश में आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी एवं संगठित अपराध के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई अब तक की कड़ी कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसे और अधिक प्रभावी व निर्णायक बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए विभागीय समन्वय एवं सुरक्षा एजेंसियों के बीच रियल-टाइम सूचना साझा कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा अपराधी नेटवर्क का मनोबल तोड़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गो-तस्करी के मामलों में केवल त्वरित गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे नेटवर्क एवं उसके मास्टरमाइंड की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। इससे प्रदेश में ऐसे संगठित अपराधों के विरुद्ध कड़ा संदेश जाएगा और गो-तस्करी एवं उससे जुड़े अपराधों पर प्रभावी रोक सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में इस तरह के मामलों में पुलिस की कार्रवाई की सराहना की। पुलिस मंथन कार्यक्रम के तहत सत्र 8 में आपदा प्रबंधन, सिविल डिफेंस एवं होम गार्ड्स , सत्र 9 में विशाल जनसमूह (भीड़) प्रबंधन , सत्र 10 में खुफिया तंत्र एवं उभरती चुनौतियां जैसे सोशल मीडिया/एनजीओ तथा नेपाल सीमा , सत्र 11 में आतंकवाद-रोधी, मादक पदार्थ, गो-तस्करी एवं अन्य संगठित अपराध आदि विषयों पर प्रस्तुतिकरण किया गया।

### जूनियर डॉक्टर...

इन्फॉर्मेशन (पीआई) भेज दिया गया। मामला सामने आने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कॉलेज के प्रधानाचार्य को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद निर्देशों के अनुपालन में ड्यूटी पर तैनात जूनियर रेजिडेंट डॉ. हिमांशु मौर्या, नर्सिंग स्टाफ सनी सोनकर तथा वार्ड आया रहनुमा को निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही या संवेदनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रकरण की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। समिति की अध्यक्षता जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की उप-प्रधानाचार्य डॉ. ऋचा गिरि करेंगी। समिति में ला.ला.रा. एवं संबद्ध चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डॉ. आर.के. सिंह तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ अग्रवाल को सदस्य नामित किया गया है। समिति को तीन दिन के भीतर जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### जनवरी के बिजली...

सरप्लस बिजली कंपनियों के पास जमा है। इसके अतिरिक्त चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 18,592 करोड़ रुपये का सरप्लस और जुड़ने की संभावना है। इस प्रकार कुल मिलाकर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का सरप्लस बिजली कंपनियों पर बना हुआ है। उन्होंने मांग की कि जब तक उपभोक्ताओं का यह सरप्लस उपलब्ध है, तब तक ईंधन अधिभार शुल्क के नाम पर किसी भी प्रकार की वसूली न की जाए, बल्कि आवश्यक समायोजन सरप्लस से ही किया जाए। केवल सरप्लस समाप्त होने या कमी की स्थिति में ही उपभोक्ताओं से ईंधन अधिभार शुल्क वसूला जाना चाहिए। वर्मा ने यह भी कहा कि वर्तमान में ट्रांसमिशन डिमांड बेस्ड टैरिफ लागू हो चुका है तथा प्रदेश में नई बिजली दरों के आदेश भी प्रभावी हैं। ऐसे में आने वाले महीनों में भी ईंधन अधिभार शुल्क में कमी जारी रहने की पूरी संभावना है।

### कोडीन तस्करी...

कंपनी और शैली ट्रेडर्स को जाते थे। मुख्य सरगना शुभम जायसवाल और दिवेश जायसवाल के सहयोगियों की मदद से यह काम होता रहा है। अंतिम लेन-देन शुभम जायसवाल और उसके साथियों द्वारा बनाई गई कंपनियों में किया जाता था। रोहनिया मामले में तीन फर्जी कंपनियां जांच में मिलीं–अल ऊकबा, एसबी फार्मा और सिंह मेडिकोज। इन कंपनियों में 13 करोड़ रुपये का फर्जी लेन-देन पकड़ा गया। इसी तरह सारनाथ की दो कंपनियों से करीब दस करोड़ रुपये की हेराफ़ेरी की गई। ये सभी शेल कंपनियां थीं, जो भौतिक रूप से सक्रिय नहीं पाई गईं। कफ सिरप बिहार, बंगाल और बांग्लादेश में कई गुना दामों पर भेजा जाता रहा है। वहां से मिलने वाले पैसे हवाला के माध्यम से वाराणसी में प्राप्त किए जाते थे। पूरा तस्करी रैकेट शुभम जायसवाल से जुड़ा था।

### मनमर्जी से दवाई...

संगम का उल्लेख किया, जिसमें इस बार तमिल भाषा सीखने पर विशेष जोर दिया गया। देश के अनसंग हीरो की श्रृंखला में इस बार प्रधानमंत्री ने ओडिशा की पार्वती गिरी के योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि पार्वती गिरी ने मात्र 16 वर्ष की आयु में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया था। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री ने गुजरात के कच्छ में आयोजित हो रहे रण उत्सव और उसकी सांस्कृतिक आभा का जिक्र किया तथा लोगों से वहां पर्यटन करने की अपील की।

# मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज प्रधानमंत्री की 'मन की बात' के 129वें एपिसोड को स्थानीय नागरिकों के साथ शाहदरा के श्री श्याम बैंक्वेट हॉल में सुना। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संस्करण में वर्ष 2025 में देश की ऐतिहासिक उपलब्धियों, 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और 'वंदे मातरम्' के 150वें वर्ष के गौरवशाली प्रसंगों को साझा कर हम सभी में नवीन ऊर्ज़ा, आत्मविश्वास और राष्ट्रभाव का संचार किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की इन प्रेरणादायी सिद्धियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर देश अब पूर्ण प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ नूतन वर्ष 2026 में प्रवेश हेतु तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम निरंतर सकारात्मक संवाद और राष्ट्रनिर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम बन चुका है। सिरसा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह वर्ष 2025 का अंतिम मन की बात कार्यक्रम था, जिसमें प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्ष 2026 के लक्ष्यों, आकांक्षाओं और भारत के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अपने प्रेरणादायी विचार साझा किए। उन्होंने आज का कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं को समर्पित रहा। प्रधानमंत्री ने आगामी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' की जानकारी देते हुए युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप, फिटनेस और उद्यमशीलता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़े रहते हुए आधुनिक भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार, राष्ट्रनिर्माण के प्रति उनका सकारात्मक दृष्टिकोण और जन-जन से सीधा संवाद हम सभी को नई ऊर्ज़ा, आत्मविश्वास और प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा, समर्पण और संकल्प के भाव के साथ 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने हेतु हम सभी पूर्ण निष्ठा से प्रतिबद्ध हैं।

# 'जी राम जी कानून' पर विधानसभा सत्र बुलाने के बजाय कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करनी चाहिए: जाखड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने रविवार को कहा कि सरकार को ''जी राम जी कानून'' का विरोध करने के बजाय राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था, लगातार हो रही हत्याओं और लगभग हर दिन आ रही फिरौती की धमकियों पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाना चाहिए।

श्री जाखड़ ने यहां जारी बयान में कहा कि पंजाब के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय आम आदमी पार्टी की सरकार एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की तरह काम कर रही है और विधानसभा के विशेष सत्रों की श्रृंखला में एक और प्रचार जोड़ने की तैयारी कर रही है।

उन्होंने कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और उनके पास गिनाने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। इसलिए सरकार रोज़ नया प्रचार हथकंडा अपना रही है। ''जी राम जी कानून'' का विरोध करने के लिए बुलाया जा रहा विशेष सत्र इसी श्रृंखला की अगली कड़ी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पंजाब यात्रा के दौरान हर जिले के लोगों ने इस योजना में हो रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया था। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि पिछले चार वर्षों के दौरान इस योजना के तहत पंजाब में हुए भ्रष्टाचार पर श्वेत पत्र जारी किया जाए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि यह सरकार मानती है कि योजना में किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता नहीं थी, तो फिर पिछले चार वर्षों में, जब इसे पूरी तरह लागू करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की थी, पंजाब के गरीबों को 100 दिनों का रोजगार क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीबों से फॉर्म भरवाकर और अंगूठे लगवाकर उन्हें भ्रमित कर रही है । उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए पूछा कि जब केंद्र सरकार योजना में भ्रष्टाचार खत्म कर 100 की बजाय 125 दिनों का काम देने की गारंटी दे रही है, तो आप सरकार को इस पर आपत्ति क्यों है। उन्होंने कहा कि आप सरकार को पंजाब के गरीबों को गुमराह करना बंद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पंजाब के गरीबों को औसतन केवल 26 दिनों का ही रोजगार मिला है, जबकि पिछले वर्षों में भी यह सरकार औसतन सिर्फ 38 दिनों का ही रोजगार दे सकी। उन्होंने कहा कि यह आप सरकार के गरीब-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। विशेष सत्रों का यह नाटक केवल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए है।

श्री जाखड़ ने कहा कि अब तक पंजाब विधानसभा के नौ विशेष सत्र बुलाए जा चुके हैं, लेकिन उन्हें केवल इवेंट बनाकर पेश करने की बजाय सरकार को यह भी जनता के सामने रखना चाहिए कि इन सत्रों से आम पंजाबियों को क्या लाभ मिला।

# अरुण जेटली की जयंती पर पटना में राजकीय समारोह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अर्पित की श्रद्धांजलि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना के कंकड़बाग स्थित पीसी कॉलोनी के सेक्टर-ए, पार्क संख्या-31 में रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अरुण जेटली की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक रत्नेश कुशवाहा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा, बिहार राज्य नागरिक परिषद के महासचिव अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने स्व. अरुण जेटली की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन किया गया तथा बिहार गीत और देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा परिसर श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण से सराबोर हो गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्व. अरुण जेटली को एक कुशल प्रशासक, प्रखर वक्ता और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाला नेता बताते हुए कहा कि उनका सार्वजनिक जीवन और योगदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

# मंत्री रेखा आर्या ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की सराहना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रत्येक संबोधन देशवासियों को ऊर्ज़ा, उत्साह और प्रेरणा से भर देता है। यह बात मंत्री रेखा आर्या ने रविवार को करनपुर नगर मंडल में प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को कार्यकर्ताओं के साथ सुनने के बाद कही।

मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आज के कार्यक्रम की सबसे उत्साहजनक बात यह रही कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत देश के खिलाड़ियों की उपलब्धियों को याद करते हुए की। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक देश में खेलों को प्राथमिकता नहीं दी गई, न मीडिया में और न ही आम सोच में, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों और युवाओं को अपने विजन के केंद्र में रखकर इस सोच को बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि नए भारत के निर्माण में युवाओं और खिलाड़ियों की भूमिका को कितनी गंभीरता से लिया जा रहा है। इससे देश के युवा वर्ग को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। रेखा आर्या ने कहा कि मन की बात के इस अंक में प्रधानमंत्री ने पूरे वर्ष की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की और स्वतंत्रता आंदोलन के उन नायकों को सम्मानपूर्वक याद किया, जिन्हें लंबे समय तक भुला दिया गया था। इन विस्मृत नायकों का स्मरण देश के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को नई शक्ति प्रदान करता है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक और गलत इस्तेमाल से उत्पन्न हो रही वैश्विक चुनौती पर भी चिंता जताई और लोगों से सजग रहने की अपील की। मंत्री ने कहा कि एंटीबायोटिक के अनियंत्रित उपयोग से एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसी गंभीर समस्या बढ़ रही है, जो भविष्य में पूरी मानवता के लिए बड़ा संकट बन सकती है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय सलाह के बिना दवाइयों का सेवन न करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आज समय की आवश्यकता है। इस विषय को जनचर्चा में लाकर प्रधानमंत्री ने दूरदर्शी पहल की है।

## धामी सरकार ने अब तक 571 अवैध मजारों को हटाया

देहरादून। अब तक धामी सरकार ने सरकारी भूमि पर बनी कुल 571 अवैध मजारों को हटाया है। देर रात उत्तराखंड की राजधानी में देहरादून में प्रशासन ने शास्त्री नगर, अजबपुर कलां क्षेत्र में सड़क किनारे बनी एक अवैध मजार को बुलडोजर से हटाया। नोटिस के बावजूद दस्तावेज न मिलने पर यह कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई गई अवैध संरचनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। लोगों से स्वयं ऐसे निर्माण हटाने की अपील की गई है। प्रशासन की ओर से इस कार्रवाई से लगभग दो सप्ताह पूर्व संबंधित स्थल पर नोटिस चस्पा किया गया था, जिसमें संरचना के निर्माण से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समयावधि में कोई जवाब प्राप्त न होने पर यह कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह और एसडीएम हरि गिरी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने अवैध मजार को हटाया।

## नाथ मंदिर से चोरी गए चंदन के पेड़ गंगा नदी से बरामद, पुलिस ने चोरों की पहचान की

**बक्सर।** जिले में आस्था से जुड़े नाथ मंदिर से चोरी गए चंदन के पेड़ों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में गंगा नदी में छानबीन अभियान चलाया गया, जिसमें चोरी गए दोनों चंदन के पेड़ बरामद कर लिए गए। ये पेड़ नगर थाना क्षेत्र के यमुना घाट के समीप गंगा नदी के पानी में छिपाकर रखे गए थे। गौरतलब है कि 22 दिसंबर की रात सदर अनुमंडलाधिकारी आवास से सटे नाथ मंदिर परिसर से अज्ञात चोरों ने दो बहुमूल्य चंदन के पेड़ काटकर चोरी कर लिए थे। घटना के बाद मंदिर प्रशासन और स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश देखा गया था। नाथ मंदिर शहर का एक प्राचीन और धार्मिक महत्व का स्थल है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

# घोड़ा लाइब्रेरी: शिक्षा और संस्कृति का अनूठा प्रयास: मुख्यमंत्री धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। मुख्यमंत्री ने रविवार को घोड़ा लाइब्रेरी 'पहाड़ पंछ्याण' महोत्सव -2025 में विधानसभा कालाढूंगीऽकोटाबाग क्षेत्र में 114 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा घोड़ा लाइब्रेरीः शिक्षा और संस्कृति का अनूठा प्रयास है।आज संकल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित घोड़ा लाइब्रेरी 'पहाड़ पंछ्याण' महोत्सव -2025 में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से स्थानीय उत्पादों, लोकसंस्कृति और पारंपरिक ज्ञान को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में शुरू की गई योजनाएं बुनियादी सुविधाओं, संपर्क मार्गों, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जाएगा। इससे न केवल कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र बल्कि आसपास के क्षेत्रों को भी सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्य में वर्षभर पर्यटन को सक्रिय रखने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन फ़ेस्टिवल' और 'एक जिला, एक मेला' जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत नैनीताल, उत्तरकाशी और अन्य जिलों में विंटर फ़ेस्ट कार्निवल आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि घोड़ा लाइब्रेरी और 'पहाड़ पंछ्याण' महोत्सव जैसे आयोजन शिक्षा, संस्कृति और विकास को एक साथ आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं।

# त्रिपुरा के छात्र की हत्या के मामले में उत्तराखंड सरकार सख्त, दोषियों को नहीं मिलेगी राहत: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मामले को उत्तराखंड सरकार ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में इस तरह की कोई भी घटना कतई स्वीकार्य नहीं है और अराजक तत्वों के खिलाफ सरकार सख्ती से कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। राज्य सरकार प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। त्रिपुरा के उनाकोटी जिले के नंदानगर निवासी छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मामले में अब तक पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से दो आरोपित नाबालिग हैं, जिन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। एक आरोपित अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। फरार आरोपित पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस की एक विशेष टीम को आरोपित की तलाश में नेपाल भी भेजा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि फरार आरोपित को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आरोपित शीघ्र ही पुलिस के शिकंजे में होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध करने वालों को सरकार से किसी भी प्रकार की नरमी की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

## त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे स्वामी कैवल्यानंद सरस्वती : विश्वेश्वरानंद

**हरिद्वार।** हरिद्वार के पुराने आश्रमों में शुमार श्री सूरत गिरि बंगला गिरिशानंद आश्रम में आज आश्रम के कोठारी ब्रह्मलीन स्वामी कैवल्यानंद सरस्वती महाराज की पुण्यतिथि पर संतों और उनके भक्तों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता करते हुए श्री सूरत गिरि बंगला के परमाध्यक्ष महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज ने स्वामी कैवल्यानंद सरस्वती महाराज को तपस्वी संत बताते हुए कहाकि वे तप और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने बंगले के उन्नयन के लिए काफी कार्य किया। संत और गौ सेवा उन्हें प्रिय थी। ऐसे महापुरूषों का हमें सानिध्य प्राप्त हुआ है। इस कारण हम सब भाग्यशाली हैं। आश्रम के कोठारी स्वामी उमानंद गिरि महाराज ने आए हुए सभी संतों व अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वामी कैवल्यानंद सरस्वती महाराज को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इससे पूर्व प्रातः स्वामी कैवलयानंद सरस्वती महाराज के विग्रह का पूजन किया गया। तत्पश्चात हवन व भजन कीर्तन तथा भंडारे का आयोजन हुआ। श्रद्धांजलि सभा में स्वामी उमानंद गिरि,, स्वातमी ब्रह्मानंद तीर्थ, महामण्डलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि, महामण्डलेश्वर स्वामी शारदा गिरि, महामण्डलेश्वर स्वामी गायत्री गिरि, स्वामी अरूणदास, महामण्डलेश्वर स्वामी जयदेवानंद सरस्वती, महामण्डलेश्वर स्वामी आनन्द चैतन्य, स्वामी कृष्णा नंद गिरि, स्वामी रामानंद गिरि, स्वामी दुर्गादास महाराज, स्वामी कमलानंद गिरि समेत तमाम संत व भक्तजन उपस्थित रहे।

# हमारे छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं, धैर्य और संयम से लक्ष्य की ओर बढ़ें: सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्र ने कहा कि हमारे छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है तो केवल धैर्य, संयम और सही दिशा में निरंतर प्रयास की। वे गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में प्रतिभागी छात्रों को संबोधित कर रहे थे। सीडीओ ने कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेलों का समय-समय पर आयोजन होना चाहिए,जिससे औद्योगिक कंपनियों और छात्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हों। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, उसके सहयोगी संस्थान एनआईईएलआईटी और क्यूसीएफआई का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों और औद्योगिक संस्थानों के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिसके लिए ये संस्थान बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी) के निदेशक डॉ. अनुराग ने कहा कि उनका संस्थान शिक्षण, तकनीकी और औद्योगिक संस्थानों के बीच बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और विभिन्न कंपनियों से जुड़ने के अवसर मिलते हैं। क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया (हरिद्वार चैप्टर) के बी. कुमार ने कहा कि उनका संस्थान कंपनियों और छात्रों को एक साझा मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे दोनों के बीच बेहतर तालमेल बन सके। इस अवसर पर प्रौद्योगिकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. मयंक अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय का परिचय दिया और आयोजन में भाग लेने वाली सभी औद्योगिक एवं प्लेसमेंट कंपनियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में 1200 से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया और देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने इसमें सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रो. विपुल शर्मा, धर्मेंद्र बालियान सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063